डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹79700 10 ग्राम
₹97000 01 किलो
सेंसेक्स 74,612.43 +10.31
डॉलर 87.308 +0.184

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

फाल्गुन कृष्ण पक्ष 15, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 28 फरवरी 2025, वर्ष-31, अंक-135, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 बटलर भविष्य की कप्तानी के बारे...

## एक नजर

### पुलिस ने 14.15 एकड़ में लगी अवैध पोस्ते की खेती नष्ट की



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में अवैध पोस्ते की खेती के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इस क्रम में गुरुवार को पांडू, पांकी, मनातू थाना क्षेत्रों में पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में 14.15 एकड़ में लगे अवैध फसलों को नष्ट किया। जानकारी के अनुसार पांडू थाना क्षेत्रा के ग्राम बरवाही पंचायत के सिलदील्ली में 15 डिसमिल में लगे अवैध पोस्ते की फसल को नष्ट किया गया। इसी तरह पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम मुक्ता और परहिया टोला की वन भूमि व गैर मजरूआ भूमि पर लगे 8 एकड़ में अवैध पोस्ते की खेती को अभियान चलाकर नष्ट किया गया। मनातू थाना क्षेत्र में भी पुलिस व वन विभाग की टीम ने ग्राम पूर्णाडीह के पंघाटा जंगल में 6 एकड़ में लगी अवैध पोस्ते की खेती को ट्रैक्टर से जोतकर नष्ट किया गया। एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि पुलिस अवैध नशा व्यापार और इससे जुड़ी आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार सख्त कदम उठा रही है। अवैध पोस्ते की खेती करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के साथ कठोर कदम उठाएगी।

# टीएसपीसी का सक्रिय सदस्य उपेंद्र भुइयां गिरफ्तार, 652 जिंदा कारतूस बरामद

**गुप्त सूचना पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, जंगल से बरामद हुआ कारतूस का जखीरा**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर टीएसपीसी के सक्रिय सदस्य उपेंद्र भुइयां को गिरफ्तार किया है। उसके पास से .315 एमएम के 652 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।




बुधवार दोपहर 2:10 बजे पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि उपेंद्र भुइयां (26 वर्ष), छोटकी नागद, थाना मनातू ग्राम केदल के रास्ते से घर लौटने वाला है। पलामू पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) राकेश सिंह के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम बनाई गई। शाम 6:40 बजे केदल जंगल स्थित तिकीटा मोड़ पर पुलिस ने घेराबंदी की। रात 7:5 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति चादर ओढ़े जंगल से गुजरता दिखा, उसे रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह भागने लगा। सशस्त्र बलों की मदद से उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने खुद को टीएसपीसी का सक्रिय सदस्य बताया और यह स्वीकार किया कि उसने कारतूस कोहबरिया के जंगल में छिपा रखे हैं। उपेंद्र की निशानदेही पर पुलिस टीम ने जंगल में तलाशी ली। वहां एक चट्टान की खोह में पीले रंग के डालडा डब्बा में 652 जिंदा कारतूस बरामद हुए। उपेंद्र भुइयां वर्ष 2021 में टीएसपीसी का सक्रिय सदस्य बना **शेष पेज 11 पर**

# राहुल सिंह गिरोह के चार अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार, एक फरार

**लातेहार पुलिस को मिली बड़ी सफलता**

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** पुलिस ने राहुल सिंह गिरोह से जुड़े चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एक अपराधी मौके से भागने में सफल रहा। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक देशी पिस्टल 7.62एमएम, एक मैगजीन 7.62 एमएम, चार जिंदा कारतूस, 4 मोबाइल फोन, राहुल सिंह से लेवी का रुपए के लेनदेन का कागजात, दो मोटरसाइकिल बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधियों में गौतम कुमार, देववली कुमार सिंह ओपाग छिपादोहर, रोहित सिंह बड़काडीह



कुमंडीह थाना मनिका का व साहिल अंसारी टेमकी लातेहार का रहने वाला है। यह जानकारी गुरुवार को जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि अपराधी राहुल सिंह के साथी मनिका डिग्री कॉलेज के पीछे संगठित होकर राहुल सिंह के इशारे पर जान मारने का भय दिखाकर रंगदारी मांगने और फायरिंग की घटना से संबंधित किसी बड़े अपराध को अंजाम देने की फिराक में **शेष पेज 11 पर**

## विधानसभा में बोले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# अभी तो शुरूआत है, विपक्ष के हर बॉल पर छक्का लगेगा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधान सभा के बजट सत्र में राज्यपाल के धन्यवाद प्रस्ताव पर दो दिवसीय चर्चा हुई। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस चर्चा पर सभी का आभार व्यक्त किया और विपक्ष के कटाक्ष को विपक्ष के दायित्वों का निर्वाह माना। गुरुवार को विधान सभा बजट सत्र के अभिभाषण में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि विपक्ष को हमारा कोई काम अच्छा नहीं लगता। सरकार की मंशा, सोच, दिशा से राज्य का चहुमुंखी विकास हो रहा है। विपक्ष ने राज्य को कीचड़ में धकेल दिया था। अपने लच्छेदार भाषणों से लोगों को बरगलाने का कार्य करते है। हमारी सरकार जाति, धर्म से उपर उठकर समान अधिकार सबों तक पहुंचाने को संकल्पबद्ध है। हमने जाति धर्म के आधार पर कोई योजना नहीं बनाई है।



### एयर एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने वाला पहला राज्य

मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि झारखंड पहला राज्य है जो हवाई जहाज से स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा रहा है। इस ऐंबुलेंस सेवा के लिए 10 से 15 लाख तक का खर्च होता है जो अब मेरी सरकार में 3 से 4 लाख में उपलब्ध हो रही है। विपक्ष सिर्फ ईंटा, बालू, गिट्टी, ठेका से सारोकार रखती है। इनके हर बॉल पर छक्का मारेंगे, निराधार, बेबुनियाद आरोप लगाकर राज्य की झूठा तस्वीर बनाने का प्रयास करती है। झूठे इल्जाम हमारी सरकार पर लगाती रहती है, बिना सर -पैर के बातों की अफवाह फैला रखी है। इसका परिणाम इन्हें भुगतना पड़ा है। करारी हार ने इनके सपने को चकनाचूर किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मदद नहीं मिलेगी तो भी राज्य इतनी सक्षम है कि विकास के कार्यों की गति नहीं रूकेगी।

**रिम्स में लोड बढ़ रहा, निराकरण का हो रहा है उपाय**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि आए दिन अखबारों में रिम्स की अव्यवस्था की खबरें प्रकाशित होती रहती है। सभी को समझना होगा कि रिम्स की क्षमता प्रतिदिन 1000 मरीजों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की है। वहीं अभी रिम्स में प्रतिदिन 5000 मरीज इलाज के लिए **शेष पेज 11 पर**

### झारखंड विधानसभा में 5508 करोड़ का तीसरा अनुपूरक पेश

## महिला बाल विकास और शिक्षा पर ज्यादा जोर

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन सदन में सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष का तीसरा अनुपूरक बजट पेश किया। गुरुवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने ध्यानाकर्षण के बाद सदन में कुल 5508 करोड़ का अनुपूरक पेश किया। सदन में पेश तृतीय अनुपूरक में सबसे ज्यादा ऊर्जा विभाग को 971.80 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसी तरह से कृषि पशुपालन एवं सहकारिता (कृषि) को 176.48 लाख, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) को 241.34 लाख, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को 612.62 लाख, उत्पाद एवं मध्य निषेध विभाग को 180.75 का प्रावधान किया गया है। वित्त विभाग को 10471.61 लाख, पेंशन मद में 50,000 लाख, वाणिज्य कर विभाग को 50 लाख खाद्य एवं जन वितरण एवं उपभोक्ता मामले को 74 लाख, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को 16137.95 लाख, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग को 14289.39 लाख, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को 150 लाख उद्योग विभाग के लिए 274.54 लाख का प्रावधान किया गया है। इस अनुपूरक बजट में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग सेकेंडरी शिक्षा विभाग को 18850.43 लाख एवं प्राथमिक एवं बजट शिक्षा प्रभार को 39293.50 लाख, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग को 26668.69 लाख और ग्रामीण कार्य विभाग को 87329 लाख का प्रावधान किया गया है।

## आंखों देखा सदन

# विस में हजारीबाग की घटना गूंजी

सुनील बादल



झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन सदन की कार्रवाई प्रारंभ होते ही विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने अल्पसूचित प्रश्न काल में सवाल उठाया कि स्कूलों में खाना बनाने वाली और स्वास्थ्य सहिया को 2000 प्रतिमाह दिया जाता है जबकि प्रावधान 3000 रुपए का सरकार बताती है कब से मिलेगा। इस पर मंत्री चमरा लिंडा के उत्तर से असंतुष्ट अध्यक्ष ने प्रश्न को ही स्थगित कर दिया। बरकट्ठा के विधायक अमित महतो ने हजारीबाग के इचाक में महाशिवरात्रि में जानबूझकर माहौल बिगाड़ने की बात कही ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हजारीबाग की आगामी रामनवमी को बाधित किया जा सके। मंत्री इरफान अंसारी के सदन के बाहर आरएसएस पर दिए बयान पर माफी की मांग की गई जिस पर पक्ष विपक्ष में तीखी नोंक झोंक हुई। हेमलाल मुर्मू ने लिखित उत्तर से असंतुष्टि व्यकत करते हुए कहा सरकार की धान की अधिप्राप्ति के आधे का ही लक्ष्य पूरा हुआ है और लैंपस फैक्स गोदाम खाली नहीं होने का बहाना बनाते हैं जिससे किसान मजबूरी में बिचौलियों को धान बेचने को मजबूर है और यदि खरीददारी होती भी है तो प्रति क्विंटल 10 किलो धान काट लिया जाता है कि अप्रैल तक धान सूख जाएगा। मंत्री इरफान अंसारी के जवाब से असन्तुष्ट अध्यक्ष ने कहा कि 240 रुपए का धान किसान फ्री में क्यों देगा। मंत्री ने बाद में जांच कराकर चलते सत्र में ही जवाब देने की बात कही।

**बिजली पर पक्ष विपक्ष के विधायक एक हुए**

अमित यादव ने एक दैनिक में छपे समाचार का हवाला दिया कि बालू 40 हजार रुपए हाइवा बिक रहा है। राज सिन्हा ने धनबाद में ऊर्जा मित्रों को निजी कंपनी पर वेतन का बकाया पैसा नहीं देने का मामला उठाया और आरोप लगाया कि कंपनियों के भी बिल का भुगतान नहीं हुआ है। सीपी सिंह ने सवाल उठाया कि 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को मईयां योजना का पैसा जनवरी से नहीं दिया जा रहा है और दिव्यांग लोगों का पेनधन भी कई महीने से बकाया है। मंत्री चमरा लिंडा ने सदन में कहा कि होली के पहले भुगतान कर दिया जाएगा पर सत्ता पक्ष और सीपी सिंह में कई बार झड़प भी हुई। सीपी सिंह की इस मांग पर पर कि **शेष पेज 11 पर**

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## आज | कल




### राज्यपाल की अपील का असर

# मणिपुर में लूटे गए 300 हथियार और गोला-बारूद वापस किए गए

**इंफाल।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला की अपील के बाद, पिछले सप्ताह लगभग 300 लूटे गए हथियार और गोला-बारूद सुरक्षा बलों को वापस किए गए हैं। इन हथियारों में अत्याधुनिक राइफलें, कार्बाइन, सेल्फ-लोडिंग राइफलें (एसएलआर), सिंगल बैरल राइफलें और मोर्टार शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, आने वाले दिनों में और भी हथियार और गोला-बारूद वापस लौटाए जाने की संभावना है।

**दंगों के दौरान लूटे गए थे हथियार :** यह हथियार मणिपुर में मई 2023 से शुरू हुए जातीय दंगों के दौरान लूटे गए थे। दंगों के दौरान, पुलिस थानों और चौकियों से 6000 से अधिक हथियार और लाखों गोला-बारूद लूटे गए थे। सुरक्षा बलों ने अब तक इन हथियारों की बड़ी संख्या को बरामद कर लिया है। राज्यपाल की अपील के बाद मणिपुर पुलिस, सेना, असम राइफल्स और अन्य सुरक्षा बलों को विभिन्न जिलों से हथियार वापस मिल रहे हैं। इनमें कांगपोकपी, चुराचांदपुर, इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, काकचिंग, थौबल और बिष्णुपुर जैसे जिले शामिल हैं।

**हथियारों का वापस लौटाया जाना शांति के लिए जरूरी :** मणिपुर के पुलिस महानिदेशक राजीव सिंह ने कहा कि हथियारों और गोला-बारूद का वापस लौटाया जाना शांति स्थापना के लिए जरूरी है। उनका मानना है कि यदि समाज **शेष पेज 11 पर**

# झारखंड में आज शुरू होगी राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना

**5 लाख तक इलाज फ्री, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे शुरूआत**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरूआत आज होगी। इसकी शुरूआत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। इस योजना के लाभुक परिवारों को 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा। गंभीर बीमारियों के लिए बीमा राशि बढ़कर मिलेगी। झारखंड विधानसभा के सभागार में होने वाले समरोह में विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी और श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव भी मौजूद रहेंगे। इस योजना में लाभुकों और आश्रितों को प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाएगा। दिव्यांग, आश्रितों को आजीवन इस योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। लाभुकों को चिन्हित गंभीर बीमारियों के चिकित्सा के लिए पांच लाख तक की अतिरिक्त सीमा यानि 10 लाख रुपये की अधिसीमा तक के इलाज पर हुए खर्च का वहन सरकार करेगी।

### किसे मिलेगा फायदा

राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना राज्य के कार्यरत, सेवानिवृत कर्मियों, राज्य के विधानसभा के वर्त्तमान व पूर्व सदस्यों, अखिल भारत के सेवाओं के इच्छुक सेवारत और रिटायर पदाधिकारी, राजकीय विश्वविद्यालयों में कार्यरत और रिटायर टीचर, निबंधित अधिवक्ताओं, पारिवारिक पेंशन प्राप्तकर्ता, राज्य सरकार के अलग-अलग बोर्ड, निगम, संस्थान, संस्था में कार्यरत रिटायर, नियमित कर्मी, अन्य लाभुकों और उनके आश्रितों के लिए योजना की शुभारम्भ की जा रही है।

## इंडिया

# मेट्रो से विकास के कीर्तिमान रचते राज्य और फ्लाईओवर पर झारखंड

खबर है कि पटना में मेट्रो कभी भी शुरू हो सकती है बिहार के सीएम नीतीश कुमार अपने इस ड्रीम प्रोजेक्ट का उद्घाटन करेंगे। फर्स्ट फेज पटना मेट्रो का परिचालन मलाही पकड़ी से आईएसबीटी तक किया जाएगा। शुरूआत में पटना मेट्रो वॉकी-टॉकी के सहारे चलेगी और उसके बाद गया,भागलपुर,जमालपुर और दरभंगा में भी मेट्रो चलाने को काबिनेट ने स्वीकृति दे दी है। कभी एक समय था जब राजधानी दिल्ली सहित सभी महानगरों की सिटी बसों में पसीना बहते बेहाल लोग हसरत भरी नजरों से कारों और टैक्सियों को देखते थे जो बहुत सुविधाजनक मानी जाती थीं। कुछ दशकों में मेट्रो रेल ने न सिर्फ महानगरों, बल्कि मझोले और राज्य की राजधानियों में सुखद और सस्ती तेज यात्रा के वे कीर्तिमान रचे हैं कि नोएडा और गुरुग्राम जैसे कई उपेक्षित और दूर बसे उपनगर भी आज विश्वस्तरीय विकास के उदाहरण बन गए हैं। इसमें एक इतिहास भी जुड़ गया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 मार्च को कोलकाता में देश के पहले अंडर-रिवर मेट्रो सुरंग का उद्घाटन किया। यह मेट्रो सुरंग कोलकाता की हुगली नदी के नीचे बनाई गई है। जो हावड़ा मैदान को एस्प्लेनेड से जोड़ती है। हावड़ा में भारत का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन होगा, जो जमीनी स्तर से 30 मीटर नीचे है। पड़ोसी यूपी की बात करें तो वर्तमान में राजधानी लखनऊ के अलावा गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, कानपुर में मेट्रो का सफलतापूर्वक संचालन हो रहा है। आगरा मेट्रो व मेरठ मेट्रो का भी निर्माण कार्य चल रहा है। साथ ही वाराणसी मेट्रो, प्रयागराज मेट्रो, गोरखपुर मेट्रो और बरेली मेट्रो पर भी विचार चल रहा है। लखनऊ मेट्रो के 12 नए स्टेशनों के प्रस्ताव को मिली योगी सरकार की मंजूरी मिल चुकी है।


सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

यूपी में चलने वाली नोएडा मेट्रो की गिनती भी सबसे बड़े मेट्रो संचालन नेटवर्क में की जाती है।बिहार में मेट्रो की तैयारी जोरों पर है जो विकास का नया इतिहास रचेगा। मध्यप्रदेश के भोपाल मेट्रो से जुड़े कई विकास कार्यों की शुरूआत हो चुकी है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भी मेट्रो चलाने की तैयारी चल रही है। अब बात अगर झारखंड की करें तो अभी अपने अस्तित्व में आने के 132 साल भी पलामू रांची वाराणसी फोरलेन की पिछले छह सालों से प्रतीक्षा कर रहा है ऐसे में मेट्रो दूर की कौड़ी है पर असंभव नहीं।यहां के बड़े नेता भी इसपर सवाल नहीं उठाते जबकि एक पूर्व मुख्यमंत्री लटककर चलने वाली मोनो रेल चलाने पर अड़े थे जिससे पब्लिक के पैसे और समय की बबार्दी हुई। अभी भी मेट्रो रेल से चरणबद्ध रूप से लौह नगरी जमशेदपुर और बोकारो के अलावा हजारीबाग खूंटी गुमला लोहरदगा के साथ चरणबद्ध तरीके से डाल्टनगंज को जिस दिन जोड़ दिया जाएगा उस दिन राजधानी को बैंगलुरु बनने से कोई रोक नहीं पाएगा और इन महत्वपूर्ण पर पिछड़े शहरों की किस्मत चमक जाएगी क्योंकि कुछ घंटों में राजधानी पहुँचने वाले लोग रांची के बजाय अपने शहर को विकसित कर वहीं रहना पसंद करेंगे पर सवाल है करेगा कौन ? राजनेता बहुत ही छोटे मुद्दों से ऊपर सोच नहीं पा रहे या उन्हें सोचने नहीं दिया जा रहा है। मेट्रो के साथ सबसे अच्छी बात यह है कि यह जमीन के अंदर और बाहर दोनों चलती है जिससे दूरी कम हो जाती है और झारखंड के लिए यह लाइफलाइन साबित हो सकता है क्योंकि इससे बहुराष्ट्रीय कंपनियां तक निवेश करने को तैयार हो जाएंगी जिससे बेरोजगारी और पलायन रुक सकता है। अभी यहाँ की लचर ट्रैफिक व्यवस्था और बदहाल सड़क नेटवर्क देखकर निवेशक पूंजी निवेश करने से कतराते हैं। अनेक नेता पैसों की कमी का रोना रोते हैं जबकि झारखंड खनिजों की खान पर बसा है और सबसे अधिक राजस्व देने वाले राज्यों में से एक हैं। मेट्रो से राजधानी के आसपास के शहरों का विकास नोएडा और गुरुग्राम की तरह होगा जिससे सभी को लाभ होगा। झारखंड की विकास गाथा गुरुग्राम या नोएडा की तरह लिखने के लिए बड़े फैसले करने होंगे अभी हम 25 वर्ष बाद फ्लाईओवर और एलिवेटेड कॉरीडोर में ही उलझे हैं। वर्तमान सरकार जरूर करेगी ऐसी आस अब जागी भी है।



# जेपीएससी के अध्यक्ष बने पूर्व मुख्य सचिव एल. खियांग्ते

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी एल. खियांग्ते को झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। राज्य सरकार की अनुशंसा पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के आदेश से गुरुवार को उनकी नियुक्ति की अधिसूचना जारी की गई।

राज्यपाल ने उम्मीद व्यक्त की है कि आयोग के नए अध्यक्ष के पदभार ग्रहण के बाद राज्य में विभिन्न पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया तेज होगी। उन्होंने कहा कि आयोग की ओर से सभी परीक्षाओं का संचालन निर्धारित कैलेंडर के अनुरूप समयबद्ध और सुचारू रूप से हो सकेगा। राज्यपाल ने आयोग की कार्यप्रणाली में गति एवं पारदर्शिता की भी उम्मीद व्यक्त की।



झारखंड लोक सेवा आयोग के चेयरमैन का पद पिछले छह महीने से रिक्त था। इस वजह से राज्य में नियुक्ति की परीक्षाएं लंबित थीं। कई परीक्षाओं के परिणाम भी प्रकाशित नहीं हो पा रहे थे। इस पद पर पूर्व में कार्यरत नीलम मेरी केरकेट्टा 22 अगस्त 2024 को रिटायर हो गई थीं। इसके बाद से ही इस पद पर किसी की नियुक्ति नहीं की गई थी। जेपीएससी चेयरमैन का पद रिक्त रहने पर झारखंड हाईकोर्ट ने भी चिंता जताई थी। कोर्ट ने 11 दिसंबर, 2024 को एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए इस पद पर जल्द से जल्द नियुक्ति करने का निर्देश दिया था। **शेष पेज 11 पर**

## एक नजर

### आरो पानी आपूर्ति करने वालों को लाइसेंस जमा करने का निर्देश

**छतरपुर।** नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी फैजुल रहमान अंसारी न नगर पंचायत अंतर्गत चलने वाले वाटर संयंत्र संचालकों को 15 दिनों के अंदर लाइसेंस कार्यायल में जमा करने का निर्देश दिया है। बिना लाइसेंस आरो पानी की आपूर्ति करने वाले 50 हजार की राशि कार्यालय में जमा करें नहीं तो उनका संयंत्र सील कर लिया जायेगा। उन्होंने इस आशय का जारी आदेश में कहा कि गर्मी का मौसम शुरू होने वाला है। क्षेत्र में पानी की समस्या उत्पन्न हो सकती है। अभी तक कार्यालय में एक भी वाटर संयंत्र संचालकों ने पानी आपूर्ति का अनुमति नहीं ली गई है।

### श्रीसर्वेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय महायज्ञ संपन्न

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के बेनीकला पंचायत के सबानों गांव में श्री सर्वेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय महायज्ञ वैदिक मंत्रोच्चारण व भंडारे के साथ संपन्न हो गया। यह कार्यक्रम श्री विष्णुचीत स्वामी जी महाराज के नेतृत्व में की गई थी। यजमान के रूप में रंजीत कुमार सिंह, महायज्ञ समिति के लोगों इस मौके पर मुख्य रूप से महायज्ञ समिति के संयोजक राजीव कुमार सिंह, अध्यक्ष बंसत सिंह, उपेन्द्र शुक्ला, विवेक पांडेय, संजोजक राजीव कुमार सिंह, कौशल किशोर सिंह, विकास कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, उपेन्द्र सिंह, सुनील कुमार सिंह, कुन्दन कुमार सिंह, रवि रंजन सिंह, मिथीलेश कुमार सिंह, लालधन ठाकुर, कर्नल संजय सिंह, रामप्रवेश सिंह, पूर्व चेयरमैन राजू बाबू, ओमप्रकाश अग्रवाल के अलावा काफी संख्या में समिति के लोग व ग्रामीण श्रद्धालु मौजूद थे।

हुसैनाबाद में आयोजित कैंप में जिले के अधिकारियों ने सुनी समस्याएं, किया निष्पादन

# कैंप के माध्यम से लोगों को अधिक लाभ प्रदान किया जा रहा: उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद में आयोजित कैंप कार्यालय के माध्यम से सीधा जनता से रू-ब-रू होने का अवसर मिला। यहा विभिन्न विभाग के पदाधिकारी उपस्थित होकर आमजनों की समस्याओं को सुनकर उसका त्वरित निष्पादन किया। त्वरित निष्पादन योग्य नहीं रहने वालों मामलों को निर्धारित समयावधि में निष्पादन किया जाएगा और संबंधित लोगों को लाभ प्रदान किया जाएगा। कैंप कार्यालय के आयोजन से लोगों को अधिकाधिक लाभ प्रदान किया जा रहा है। जनता जिलास्तर पर आयोजित जनता दरबार या अन्य कार्यालयों में जाने से बच पाएंगे। इससे उनका समय एवं रुपए दोनों की बचत होगी। इस समय एवं राशि से आमजन अपने विकास कार्यों में लगा सकेंगे। कैंप कार्यालय के आयोजन से जिले में विकास कार्यों को गति मिलेगी। यह बातें उपायुक्त शशि रंजन ने कही। वह गुरुवार को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय भवन में आयोजित कैंप कार्यालय के दौरान बोल रहे थे। उपायुक्त ने अनुमंडल कार्यालय सभागार में सभी जिला स्तरीय, अनुमंडल स्तरीय एवं प्रखंड, अंचल स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निदेश दिए। उपायुक्त ने कहा कि कैंप कार्यालय के माध्यम से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने से लेकर जमीन से संबंधित मामलों का निष्पादन किया गया। वहीं विभिन्न आवास योजनाओं से संबंधित समस्याओं का निदान किया गया। उपायुक्त सहित अन्य पदाधिकारियों ने सुनी लोगों की समस्याएं उपायुक्त शशि रंजन सहित जिले के सभी कार्यालयों को यहां स्थापित कर संबंधित पदाधिकारियों द्वारा जनसमस्याएं सुनी गई। साथ ही समस्याओं का निष्पादन किया गया। उपायुक्त ने खुद भी समस्याओं को सुना और संबंधित आवेदनों को स्थानांतरित कर संबंधित पदाधिकारियों को निष्पादन का निर्देश दिया। उपायुक्त के समक्ष देवरी कला के मोहसिन इदरीसी ने जलमीनार मरम्मत कराये जाने संबंधी आवेदन दिए। हैदरनगर सड़ेया के विजय विश्वकर्मा ने आवेदन देकर पत्नी सुनीता देवी के नाम पर आवंटित अबुआ आवास का निर्माण कराने हेतु आवश्यक पहल करने की मांग रखी। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि जिस जमीन पर आवास का निर्माण किया जाना है, उस पर दूसरे व्यक्ति ने दावा किया है। इसके अलावा दरूआ गांव निवासी अवधेश सिंह ने व्यापार मंडल में बेचे गए धान का पैसा नहीं मिलने के संबंध में आवेदन दिया। सैदाबाद के राजेश कुमार सिंह ने आवेदन देकर जबरदस्ती मकान निर्माण कार्य को अवरोध किए जाने संबंधी शिकायत की। इसके अलावा अन्य सैकड़ों लोगों ने आवेदन देकर अपनी समस्याएं रखी। कई मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया। कैंप कार्यालय में कई सेवाएं उपलब्ध कराई गई। इसमें मुख्य रूप से परियोजनाओं एवं योजनाओं की भूमि चिन्हित, हस्तकत एवं विवाद समाधान किया गया। वहीं वन भूमि के बदले अन्य भूमि/ सरकारी भूमि स्थानांतरण, बिजली बिल संबंधी शिकायतों का समाधान, पेयजल समस्याओं का निराकरण किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सर्जन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड आदि योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित किए जाने की पहल की गई।



## सामाजिक कार्यकर्ता ने कार्यपालक अधिकारी को सौंपा मांग पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** छतरपुर का इलाका ड्राइ जोन के रूप में चिन्हित है। पेयजल संकट से लोग त्राहीमाम करते हैं। नगर पंचायत में हर साल होने वाले पेयजल संकट के मद्देनजर इलाके के सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता चुनमून ने छतरपुर के पांच पांडव पहाड़ी पर स्थापित पीएचईडी विभाग द्वारा निमार्णाधीन पानी टंकी को शुरू करा कर पेयजल करने की दिशा में पहल करने। नगर में खराब पड़े सभी चापानलों को चिन्हित कर उनकी मरम्मत करवाने व अपने निर्माण कार्य से ही रामगढ़, लोहराही, मसिहानी, सड़मा, भैंसाखांड़, मंदेया, दुखत टोला, बाजार परिसर, बस स्टैंड शिव मंदिर रोड, मदनपुर, खाटीन में लगाये गए खराब सोलर जलमीनार को मरम्मत करा कर पेयजल किल्लत दूर करने की मांग नपं के कार्यपालक पदाधिकारी से की है। उन्होंने इसके अलावा रामगढ़, बस स्टैंड, बाजार में खराब हो हाईमास्ट लाइटों की मरम्मत कराने की मांग भी की है।

## उपायुक्त से पीएम आवास की राशि का भुगतान कराने की निवर्तमान पार्षदों ने मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत हुसैनाबाद के निवर्तमान वार्ड पार्षदों ने हुसैनाबाद कैंप डिसी को लिखित शिकायत पत्र देकर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों की लंबित राशि का भुगतान कराने की मांग की है। उपायुक्त को दिये गए पत्र में कहा गया है कि नगर पंचायत हुसैनाबाद में प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि वर्ष 2016-17, 2017-18, 2018-19, 2019-2020 तक के लाभुकों का किश्त अभी तक लंबित रखा गया है, जबकि इसके लिए प्रत्येक वार्ड के संबंधित लाभुक लगातार कार्यालय में जाकर अपने किश्त की लंबित राशि के भुगतान के लिए गुहार लगाते रहे है। परन्तु कभी भी संतोष जनक कार्यवाही नहीं की गई। इस संबंध में हम सभी निर्वतमान वार्ड पार्षदगण लगातार मौखिक एवं अथवा अपने कार्यालय में बोर्ड की बैठक में या अपने पत्र द्वारा भुगतान करने का आग्रह भी करते रहे है। इसके बावजूद इस पर गंभीरता से नहीं लिया गया । जिसके कारण अधुरा भवन रहने से लाभुकों को काफी परेशानी हो रही हैं। डिसी पलामू से गंभीरता पूर्वक त्वरित कार्रवाई करते हुए भुगतान कराने का आदेश देने की मांग की है। ताकि गरीब असहाय लाभुकों को उनका लंबित भुगतान मिल सकें। इसके लिए प्रभावित लाभुक अपका सदा आभारी रहेगें। आवेदन देने वाले निवर्तमान वार्ड पार्षदों में मुख्य रूप से राजेन्द्र पाल, नजीर अहमद,मधु अग्रवाल, लालती देवी, सुहैल आलम, अर्जुन प्रसाद गुप्ता के अलावा कई पार्षद मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### लूटकांड उद्भेदन के बाद लौटी बाजार की रौनक

**हैदरनगर।** एक सप्ताह से दहशत के साये में रह रहे व्यवसायियों ने गुरुवार को खुलकर बाजार में पहुंचे। एक माह में कई अपराधिक घटनाओं के बाद बाजारों में उपभोक्ताओं की चहलकदमी थम सी गयी थी। इन मामलों में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर पलामू जिले के विभिन्न हिस्सों से पांच अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। साथ ही राहगीरों से बाइक आदि व सीएसपी से आई फोन के साथ घटना में प्रयुक्त आर्म्स सहित अपराधियों के पहने गये वस्त्र भी बरामद कर ली है। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अजय जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, महेन्द्र रजवार, उपमुखिया पवन कुमार ने पलामू पुलिस की इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेश्न, हुसैनाबाद के एसडीपीओ एस मो. याकूब, हैदरनगर के प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी दिव्यांश शुक्ल, पुअनि अफजल अंसारी सहित छापेमारी टीम के समस्त पुलिस पदाधिकारी व जवानों के प्रति आभार जताया है। उन्होंने स्थानीय व्यवसायियों से अपने प्रतिष्ठान निर्भिकता से खोलने व किसी भी घटना की सूचना तत्काल व सहयोग पुलिस प्रशासन को देने का आग्रह किया है।

### बालू घाट को ग्रेड 1 कर बालू के समस्याओं से निजात दिलाने की मांग

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी खुर्द पंचायत की मुखिया ममता देवी ने हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय में आयोजित कैंप में पलामू जिले के उपायुक्त शशी रंजन और उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले जिले के सभी अधिकारियों को हुसैनाबाद आगमन पर बधाई दी। उन्होंने देवरी खुर्द पंचायत में आगामी 8 मार्च को महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया। मुखिया ने उपायुक्त से आग्रह किया कि पंचायत के विकास में सबसे बड़ी बाधा बालू हैं, जिससे दिनप्रतिदिन लोगों में परेशानियों के साथ आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जिससे राजस्व की भी भारी नुकसान हो रही हैं। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि नदी के कटाव से स्थानीय ग्रामीण के खेती का भूमि का कटाव हो रही हैं,वही दूसरी तरफ हम लोगों के प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर होते हुए भी बालू के लिए तरस रहे हैं। बालू के लिए जनता रोज परेशान हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हम लोगों को ग्रेड वन कुकही नदी मौजा देवरी खुर्द में ग्रेड 1 कर पंचायत को बालू उठाव का अधिकार दें, ताकि जनता के कार्यो में गति मिल सकें।

### श्री शिवजी की प्राण प्रतिष्ठा भंडारे के साथ चार दिवसीय अनुष्ठान संपन्न

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के कुकही टोला के मुगलजान गांव में नवनिर्मित श्री शिव मंदिर में शिव जी की प्राण प्रतिष्ठा के साथ चार दिवसीय अनुष्ठान संपन्न हो गया। आचार्य दिनेश पाठक के नेतृत्व में सभी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके मुख्य यजमान लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद एवं उनकी धर्म पत्नी श्रीमती आरती देवी के द्वारा हवन कर इसकी पुणार्हुति की गई। आचार्य दिनेश पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चारण व हर-हर महादेव की जयकारा लगा कर पूरे क्षेत्र को गुंजायमान किया। इस अवसर पर मुगलजान के कई शिव भक्तों ने शिव मंदिर के प्रांगण में आचार्य दिनेश पाठक से गुरु दीक्षा भी ली। आचार्य ने भक्तों को शिवजी, देवी देवताओं के प्रति विधिवत वैदिक मंत्रों का पाठ पढ़ाई। शिव स्थान पर प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात 24 घंटे का अखंड कीर्तन मंडली भी पूरे रात हरे राम-हरे कृष्ण के धुन से मंगलाचार किया। अखंड किर्तन में श्रीविगहा, मीर विगहा, कुकही, भैसना, सरगडा, सरहु आदि गांव के लोग शामिल रहे। इस मौके पर पूर्व सैनिक महेंद्र प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, दिनेश प्रसाद, मृत्युंजय प्रसाद, मिथिलेश प्रसाद, कृष्ण प्रसाद, अजय प्रसाद, वेदांत प्रसाद के अलावा दिनेश राम, रामप्रवेश राम, हरि चंद्रवंशी, संतोष सिंह, दिनेश सिंह, भोला पासवान, राजेश मेहता, शिव कुमार सिंह, ललन मेहता, संतोष मेहता, सरयू चौधरी आदि सहित काफी संख्या में महिलाएं, बच्चे शामिल रहे।



# सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में शिथिलता बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त

● क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं की होगी समीक्षा

● आवास योजना में लापरवाही पर बीडीओ से स्पष्टीकरण, जिला कोऑर्डिनेटर को चेतावनी



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल भवन में आयोजित कैंप कार्यालय के दौरान उपायुक्त शशि रंजन ने जिला, अनुमंडल, प्रखंड और अंचल स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने योजनाओं में गति लाने और लापरवाही न बरतने का सख्त निर्देश दिया। उपायुक्त ने आवास योजना की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए हुसैनाबाद के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। वहीं, हैदरनगर के बीडीओ और जिला कोऑर्डिनेटर को चेतावनी दी और कार्य में तेजी लाने को कहा। पांडू के आवास कोऑर्डिनेटर के खिलाफ कार्रवाई का भी आदेश दिया। उन्होंने अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास और अन्य योजनाओं को प्राथमिकता के तहत लाभुकों को आवंटित करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने मनरेगा के तहत मानव दिवस सृजन में बेहतर प्रदर्शन करने, बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पौधरोपण की अभी से तैयारी करने और बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना व पोटो हो खेल योजना में लक्ष्य के अनुरूप कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने अंचल अधिकारियों को विकास कार्यों के लिए भूमि उपलब्ध कराने को कहा। बिजली विभाग के अभियंता को निर्देश दिया कि बिजली बिल अधिक होने की शिकायतों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करें। नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुधारने और अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश दिए।

उपायुक्त ने दाखिल-खारिज और लगान रसीद निर्गत करने में तेजी लाने का निर्देश अंचल अधिकारियों को दिया। पशुपालन, मत्स्य, गव्य विकास, समाज कल्याण सहित अन्य विभागों की योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्रगति सुनिश्चित करने का आदेश दिया। बैठक में जिला, अनुमंडल, प्रखंड और अंचल कार्यालय के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने किया कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण

● छात्राओं की उपस्थिति और सुविधाओं की स्थिति पर दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** उपायुक्त शशि रंजन ने हुसैनाबाद स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय प्लस टू उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किचन, भोजन क्षेत्र, आवासन, पानी टंकी सहित विभिन्न सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने छात्राओं की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया और घर गई छात्राओं को बुलाने के लिए वार्डन द्वारा किए गए प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि छात्राओं को पुनः विद्यालय बुलाने के लिए उनके अभिभावकों से संपर्क किया जाए। इसके अलावा, उपायुक्त ने दो माह से अधिक समय से अनुपस्थित छात्राओं का नाम काटने तथा एक माह से अधिक छुट्टी पर रहने वाली छात्राओं को ड्रॉप आउट में शामिल करने के निर्देश दिए। छात्राओं के आवासन की समस्या को देखते हुए उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को एक बंद छात्रावास को पुनः खोलने का आदेश दिया। इस निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



## बराज, भीम चूल्हा व गेस्ट हाउस का लिया जायजा

**मोहम्मदगंज।** उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को मोहम्मदगंज बराज, पहाड़ी स्थित गेस्ट हाउस और भीम चूल्हा का निरीक्षण किया। उन्होंने पर्यटन स्थलों के विकास की संभावनाओं का जायजा लिया और आवश्यक सुधार कार्यों पर चर्चा की। उपायुक्त ने उतरी कोयल नदी पर बने बराज से सूर्यास्त का दृश्य देखा और इसके जलस्तर सहित अन्य पहलुओं की जानकारी ली। गेस्ट हाउस के नवीनीकरण की संभावनाओं पर अधिकारियों से विमर्श किया। इसके बाद उन्होंने ऐतिहासिक भीम चूल्हा का निरीक्षण किया, जहां पांडवों के पदचिह्न और पातालपुरी मंदिर का भ्रमण कर पर्यटन सुविधाओं के विस्तार पर चर्चा की।

# रेलवे स्टेशन पर न्यायिक दंडाधिकारी ने चलाया टिकट जांच अभियान

▸▸ बिना टिकट यात्रियों पर हुई कार्रवाई, वसूला गया जुर्माना



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** गुरुवार को डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी प्रागेश निगम के नेतृत्व में मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने आधा दर्जन से अधिक ट्रेनों में जांच की और रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के टिकटों की गहन जांच की। बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्रियों पर कानूनी कार्रवाई की गई और उनसे जुमार्ना वसूला गया। अधिकारियों ने यात्रियों को टिकट लेकर ही यात्रा करने की सख्त हिदायत दी। इस अभियान में आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव सहित जीआरपी और आरपीएफ के कई जवान मौजूद रहे। रेलवे प्रशासन ने बताया कि टिकट जांच अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा।

# पलामू के रास्ते चली दो नई स्पेशल ट्रेन, बरवाडीह-डेहरी रेलखंड के यात्रियों को नहीं मिलेगा लाभ

नवीन मेल संवाददाता



**हैदरनगर।** झारखंड रेल यूजर्स एसोसिएशन के सदस्यों की मांग पर पलामू व रांची के सांसद विष्णु दयाल राम व संजय सेठ की पहल पर दो स्पेशल ट्रेनों का परिचालन पलामू के रास्ते गुरुवार से साप्ताहिक शुरू किया गया है। इसमें अमृतसर से संबलपुर और नई दिल्ली से हटिया शामिल है। किन्तु पलामू प्रमंडल के जपला, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, डालटनगंज, बरवाडीह के रेल उपभोक्ताओं की पीड़ा इस बात को लेकर है कि मुख्य स्टेशनों पर ही ठहराव नहीं दिये जाने से इससे यात्रा का लाभ नहीं लेकर इस ट्रेन का चेहरा ही देख पायेंगे। एसोसिएशन सदस्य सत्यम कुमार, अंकू सिंह राणा आदि ने कहा कि इस संबध में उन्होंने इन सांसदों के अलावे झारखंड के कई अन्य सांसदों को भी तीन प्रमुख नये ट्रेन का परिचालन कराने की मांग किया था। इसमें रांची से देहरादून तक सीधी ट्रेन का परिचालन अब तक वंचित है। उन्होंने कहा कि अमृतसर से संबलपुर मेल एक्सप्रेस ट्रेन नं. 04632 साप्ताहिक अमृतसर से प्रत्येक शुक्रवार को खुलेगी, जो वाया जालंधर, अंबाला कैंट, लखनऊ, वाराणासी होते डेहरी ऑन सोन आने के बाद इस ट्रेन का ठहराव गढ़वा रोड व टोरी स्टेशन पर दिया गया है। इससे अब तक यातायात की समस्या से जूझ रहे प्रमुख स्टेशनों नवीनगर, जपला, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, डालटनगंज, बरवाडीह, लातेहार के यात्रियों की सुविधा पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। नई दिल्ली से हटिया मेल एक्सप्रेस ट्रेन नं. 04482 ट्रेन भी प्रत्येक शुक्रवार को ही नई दिल्ली से खुलेगी, जो लखनऊ, वाराणासी, डेहरी ऑन सोन, नवीनगर, जपला के रास्ते हटिया तक जायेगी। इस ट्रेन का ठहराव हैदरनगर, मोहम्मदगंज में नहीं दिये जाने से हजारों यात्री सहित प्रवासी मजदूरों को लाभ नहीं मिले सकेगा। उन्होंने पलामू सहित झारखंड के अन्य जिलों के रेल उपभोक्तओं के हित इन समस्याओं से तत्काल निदान कराने की मांग सांसद विष्णु दयाल राम व रेल अधिकारियों से की है।

## आपसी विवाद में युवक ने लगाई फांसी, मौत

**मेदिनीनगर।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी अनिल भुईयां (30) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के मुताबिक, अनिल बुधवार सुबह हैदराबाद से घर लौटा था। करीब 11:00 बजे उसने साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक का पोस्टमार्टम एमएमसीएच में कराया गया और फिर शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने बताया कि अनिल का किसी से कोई पारिवारिक विवाद नहीं था। रामगढ़ थाना प्रभारी ओम प्रकाश साह ने बताया कि अनिल की पत्नी के अनुसार, वह शराब पीने का आदी था। इसे लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हुई थी। गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे पुलिस को सूचना मिली, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतक के तीन बेटे और दो बेटियां हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सड़क पार कर रही महिला को बाइक ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र के कुसलाडीह में बुधवार को सड़क पार कर रही बसंती देवी (46), पति कामेश्वर महतो को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल बसंती देवी को प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, तरहसी ले जाया गया, जहां उनकी हालत नाजुक देखते हुए एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। हालांकि, वहां पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। गुरुवार दोपहर एमआरएमसीएच में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलने पर तरहसी थाना प्रभारी नीरज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त पल्सर बाइक जब्त कर ली है और टक्कर मारने वाले बाइक सवार की पहचान में जुटी है।

## तेज रफ्तार कमांडर की चपेट में आने से किशोर की मौत

**नावाबाजार।** गुरुवार देर शाम नावा बाजार थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कमांडर वाहन की टक्कर से 16 वर्षीय समीर खान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना करीब शाम 7 बजे की है, जब समीर खान (पिता - सर्वर खान) अपने घर के बाहर गिल्ली-डंडा खेल रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रही कमांडर वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी तुरंत मृत्यु हो गई। हादसे के बाद कमांडर वाहन चालक ने एक मोटरसाइकिल को भी टक्कर मार दी और वहां से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही नावा बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया। इधर, हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में हरे रामा, हरेकृष्णा नाम संकीर्तन व होली गायन कार्यक्रम का आयोजन

**मोहम्मदगंज।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में बुधवार की रात बीचलाडीह स्थित शिव मंदिर प्रांगण में हरे रामा, हरे कृष्णा नाम संकीर्तन और होली गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आमंत्रित और स्थानीय ब्यास के साथ ग्रामीणों के समवेत स्वर में सामूहिक प्रस्तुति से पूरी रात भक्ति की बयार बहती रही। सुबह समापन के मौके पर धर्म और कला प्रेमियों ने भगवान शिव के जीवन से जुड़े प्रसंग पर आधारित एक से बढकर एक होली गीतों की प्रस्तुति से शमां बांध दिया। जिस पर लोग झुमते नजर आए। इसमें स्थानीय ब्यास देवचंद साव, भोला मेहता और विमल राम के अलावा सुदर्शन शर्मा (भजनियां), वादक घुरा राम (ढोलक), लल्लू, विनोद, कमलेश मेहता सहित अन्य लोगों की प्रस्तुति और सहयोग सराहनीय बताया गया। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता कामेश्वर कुशवाहा ने पारंपरिक तरीके से परंपरागत संस्कृति पर आधारित कीर्तन और होली गीतों को संजोए रखने के लिए ऐसे कार्यक्रम के आयोजन को आज की जरूरत बताया। उन्होंने कहा कि पाश्चात्य संस्कृति के विकास से समाज में फैल रही विकृतियों को रोकने में परंपरागत भजन कीर्तन और गीत सहायक साबित होंगे। साथ ही सामाजिक एकता और भाईचारे को एक सूत्र में पिरोए रखा जा सकता है। इस दिशा में इस गांव के ग्रामीणों के प्रयास को उन्होंने सराहनीय कदम बताया। किसान परीखा प्रसाद मेहता ने भी इस कार्यक्रम की प्रस्तुति को सभ्यता और संस्कृति को संजोए रखने की दिशा में इस गांव के ग्रामीणों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। यहां उल्लेखनीय होगा कि इस गांव के सेवानिवृत्त रेलवे गार्ड सीडी राम और परिवार के अन्य सदस्य शिव मंदिर की स्थापना के साथ ही नियमित तौर पर भजन कीर्तन करते आ रहे हैं। सेवानिवृत्त गार्ड खुद भी धर्म और संस्कृति पर आधारित प्रसंग की जानकारी रखते हैं। कविता और गीतों के माध्यम से कहीं भी महफिल सजा देते हैं। उनके ही भाई भोला ब्यास उन्हीं का अनुशरण करते हुए इस विधा में पहचान बना चुके हैं। आसपास जहां कहीं भी ऐसे आयोजन होते हैं, उनको वहां मौजूद पाया जाता है।

## शहर के दुकानदारों ने मुख्य नाली का पानी निकासी एवं समाधान की उपायुक्त से मांग की

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के शहरी क्षेत्रों के दुकानदारों ने गुरुवार को हुसैनाबाद में आयोजित कैंप में पलामू उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर शहर के मुख्य नाली का पानी निकासी एवं समाधान कराने की मांग की हैं। इस संबंध में दिये गये आवेदन में दुकानदारों का कहना है कि हम सब हुसैनाबाद नगर के मुख्य सब्जी बजार अम्बेडकर चौक से लेकर थाना मोड़ के दुकानदार हैं,लेकिन नगरीय प्रशासन में पूर्व से बनाया गया नाली जो छठ पोखरा से लेकर आंबेडकर चौक तक बनाया गया हैं,जो रूद्रा होटल के समीप ले जाकर बन्द कर दिया गया है, वही शहर के प्रमुख मोहल्ला के नाली का पानी भी अम्बेडकर चौक के नाली में लिंक है। जिसके कारण आए दिन भारी वर्षा के कारण शहर में भिषण जल जमाव हो रही है . जिसके कारण सैकड़ों दुकानों में पानी प्रवेश हो जाता है। इससे लाखो रुपए का नुकसान हो रहा है। बरसात के दिनों में हमलोगों के दुकान में एक से दो फीट पानी प्रवेश हो जाता है। जिसका मुख्य कारण है कि पूर्व के अधिकारी के द्वारा भ्रष्ट व्यवस्था के कारण नाली निमार्ण एजेन्सी को एनओसी दे दिया जाता है तथा किसी व्यक्ति के प्रभाव में आकर नाली को रोक कर उनके निजी एवं व्यवसायिक दुकान को लाभ पहुंचाया जा रहा है। जिसके कारण हम सभी दुकानदार आहत तथा आर्थिक रूप से बर्बाद हो रहें है।

# रिक्शा चालक बेहाल, कमाई घटी, संकट बढ़ा



▸▸ ऑटो और ई-रिक्शा के बढ़ते प्रभाव से घटा रिक्शा का चलन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एक समय शहर की शान माने जाने वाले रिक्शा चालक आज मुफलिसी की जिंदगी जीने को मजबूर हैं। तेजी से बदलती परिवहन व्यवस्था में रिक्शा अब गिने-चुने ही दिखाई पड़ते हैं। हाथ-पैर की ताकत से इसे खींचने वाले चालक भी समय की रफ्तार में पीछे छूट गए हैं।

हालत यह है कि पूरा दिन मेहनत करने के बाद भी कई बार उनकी कमाई तिहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाती। शहर में ऑटो और ई-रिक्शा की संख्या बढ़ने से रिक्शा चालकों के लिए सवारी मिलना मुश्किल हो गया है। पहले मोहल्लों और गली-कूचों में रिक्शा आम थे, लेकिन अब ई-रिक्शा ने उनकी जगह ले ली है।

रेडमा ओवरब्रिज के पास गैरेज चलाने वाले बबलू अंसारी के पास फिलहाल 25 रिक्शा हैं, लेकिन मुश्किल से 15 ही रोज चलते हैं। रिक्शा चालकों को 40 रुपये किराया देना पड़ता है, जिसका अधिकांश हिस्सा मरम्मत में ही खर्च हो जाता है।

करीब 30 वर्षों से रिक्शा मिस्त्री का काम कर रहे उमा राम बताते हैं कि 2000 तक रिक्शा की स्थिति ठीक थी, लेकिन 2005 के बाद डीजल ऑटो और अब ई-रिक्शा ने उनकी मांग खत्म कर दी। एक नया रिक्शा बनाने में करीब 6000 रुपये का खर्च आता है, इसलिए ज्यादातर लोग पुराने रिक्शे की मरम्मत करवाकर ही काम चला रहे हैं। करीब 30 साल से रिक्शा चला रहे बबलू राम चंद्रवंशी बताते हैं कि पहले 12 रुपये किराया देकर रिक्शा चलाते थे, जो अब 40 रुपये तक पहुंच गया है। पहले 100 रुपये की कमाई भी घर चलाने के लिए काफी थी, लेकिन अब 200 रुपये भी कम पड़ रहे हैं। कई बार तो बिना कमाई के ही घर लौटना पड़ता है, जिससे रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो गया है।

# वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने एसएलए स्कूल में चलाया जागरूकता अभियान



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट का प्रयास है कि जिला दुर्घटनामुक्त हो और असमय होने वाली मौतों से किसी का परिवार न टूटे। इसी उद्देश्य से ट्रस्ट की टीम लगातार स्कूलों, कॉलेजों और सड़कों पर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रही है।

इस अभियान के तहत टीम वरदान शाहपुर स्थित एस.एल.ए स्कूल पहुंची, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। टीम ने स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी, ताकि वे स्वयं सतर्क रहें और अपने अभिभावकों को भी नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें।

ट्रैफिक प्रभारी शमाल अहमद ने बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों और उनके उल्लंघन पर लगने वाले दंड की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 'पुलिस आपकी मित्र है, लेकिन नियम तोड़ने पर दंड का प्रावधान है।'

संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने बच्चों से अपील की कि 'आपका जीवन अनमोल है, इसे एक पल की लापरवाही से असमय न गंवाएं।'

युवा साथी मयूरेश द्विवेदी ने सड़क दुर्घटनाओं के भयावह आंकड़े साझा किए और सतर्क रहने की सलाह दी। लक्ष्य श्रेष्ठ ने बच्चों से अपील की कि वे उम्र से पहले गाड़ी चलाकर अपनी जान खतरे में न डालें और बिना राइडिंग गियर के वाहन न चलाएं।

पंकज लोचन ने सभी से ड्राइविंग लाइसेंस और हेल्मेट के बिना वाहन न चलाने की अपील की। राखी सोनी ने बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों का ईमानदारी से पालन करने की शपथ दिलाई और स्नेहा ओझा के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के अंत में स्कूल डायरेक्टर मुकेश अग्रवाल और प्राचार्या मधु अग्रवाल ने बच्चों से अपील की कि वे आज सीखी गई बातें अपने जीवन में अपनाएं और अपने परिवार को भी सुरक्षित रखें। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# महाशिवरात्रि पर रामचरित मानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ और मेले का आयोजन संपन्न



▸▸ श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, भक्ति और उत्साह का माहौल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के जोड़ ग्राम स्थित शिव मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित रामचरित मानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ का 38वां अधिवेशन और दो दिवसीय मेला शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

विगत कई दशकों से आयोजित हो रहे इस मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया। यज्ञ कमेटी ने सभी व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखा ताकि श्रद्धालुओं को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। मेले में यज्ञ कमेटी के 10 से अधिक वॉलेंटियर सक्रिय रूप से सेवा में लगे रहे। महाशिवरात्रि की रात्रि में श्री बाबा बैजनाथ आदर्श रामलीला मंडली (जनकपुर, मिथिला धाम, दरभंगा) द्वारा राम-रावण युद्ध, समुद्र पर पुल निर्माण, तथा श्रीराम व माता सीता के राज्याभिषेक की लीला का भव्य मंचन किया गया।

# इंटरमीडिएट की केमिस्ट्री और फिलॉसफी परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

▸▸ 40 केंद्रों पर हुई परीक्षा, 20439 परीक्षार्थी रहे उपस्थित

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा जिले के 40 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न हुई। दूसरी पाली में साइंस संकाय के केमिस्ट्री और आर्ट्स संकाय के फिलॉसफी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षार्थी दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक होने वाली परीक्षा में समय से पहले ही केंद्रों पर पहुंच गए थे। निर्धारित प्रक्रिया के तहत सघन तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को परीक्षा हॉल में प्रवेश दिया गया। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी और सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति की गई थी।

## 153 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

इस परीक्षा में कुल 20439 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 153 परीक्षार्थी गैर-हाजिर रहे। परीक्षा में कुल 20592 परीक्षार्थियों के शामिल होने की उम्मीद थी। जिले में आरकेजीबी हाई स्कूल, रेहला केंद्र पर सर्वाधिक 29 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जबकि पांच परीक्षा केंद्रों पर शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।



## सतर्कता के बीच हुई परीक्षा

सदर प्रखंड के रजवाडीह स्थित आरके रामधारी हाई स्कूल में बीएन कॉलेज के छात्रों का परीक्षा केंद्र बनाया गया था, जहां पूरी सतर्कता बरती गई। परीक्षा की निगरानी जिला स्तर पर दो नियंत्रण कक्षों से की जा रही थी। इसके अलावा, उड़न दस्ते, गश्ती दल और पुलिस अधिकारियों द्वारा लगातार विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया गया। पूरे जिले में परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई और किसी भी परीक्षार्थी को कदाचार के आरोप में निष्कासित नहीं किया गया।

# उपायुक्त ने किया बज्रगृह का औचक निरीक्षण, संबंधित पदाधिकारी को दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सह उपायुक्त शेखर जमुआर कृषि भवन स्थित जिला कोषागार के बज्रगृह का निरीक्षण किया गया। बता दें कि वार्षिक माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 का प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका को यहां के बज्रगृह में रखा गया है। गुरुवार को उपायुक्त द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने बज्रगृह में जैक से प्राप्त प्रश्न सह उत्तर पुस्तिका को एक तरफ चिन्हित कर रखा पाया। परीक्षा के बाद सभी परीक्षा केंद्रों से प्राप्त प्रश्न सह उत्तर पुस्तिका को भी एक तरफ चिन्हित कर सिल सिलेवार तरीके से रखा पाया। मौके पर उपायुक्त ने सीसीटीवी कैमरे की स्थिति से भी अवगत हुए। वहां पर उनके द्वारा सभी जगह सीसीटीवी कैमरा लगा पाया। इसका कंट्रोल बज्रगृह के कंट्रोल रूम में है। जिला कोषागार के बज्रगृह में प्रश्न सह उत्तर पुस्तिका के भंडारण को लेकर उपायुक्त ने खुशी जाहिर की। निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने कोषागार पदाधिकारी को निर्देश दिया कि आगे भी मैट्रिक व इंटर की परीक्षा जारी है। इस प्रकार पूरी जवाब देही के साथ बज्रगृह में प्रश्न पत्र का भंडारण सुरक्षित ढंग से किया जाए। इस अवसर पर कोषागार पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी सहित बज्रगृह में कार्यरत कर्मी उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने मुकुंदपुर मुखिया को किया सम्मानित

**केतार।** झारखंड शिक्षा परियोजना ने गढ़वा में जिला स्तरी मुखिया सम्मेलन कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर केतार प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह को उपायुक्त शेखर जमुआर ने उत्कृष्ट मुखिया सम्मान भेंट कर सम्मानित किया। उपायुक्त ने मुखिया द्वारा पंचायत क्षेत्र में किए गये कार्यों की प्रशंसा किया। मुखिया मूंगा साह ने कहा कि अपने पंचायत क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र और बेहतर कार्य करूंगा। पंचायत क्षेत्र के ऐसे जो बच्चे जो अभी तक स्कूल से दूरी बनाएं है, उन्हें विद्यालय से जोड़ने का प्रयास करूंगा। महीना के 28 तारीख को कैंप लगाकर शिक्षा संबंधी समीक्षा बैठक होगी। मुखिया ने कहा कि गांव के विकास के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी वह पंचायत को आगे बढ़ाना चाहते हैं।

## जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन

# मुखिया की भूमिका शिक्षा के विकास व योजनाओं के कार्यान्वयन में अहम: उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** नीलांबर पीतांबर बहुद्देशीय सांस्कृतिक भवन में झारखंड शिक्षा परियोजना, गढ़वा एवं कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग अंतर्गत गव्य प्रक्षेत्र के तत्वावधान में गुरुवार को मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। अध्यक्षता उपायुक्त शेखर जमुआर ने की। उपायुक्त का स्वागत पौधा देकर व स्कूली छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाकर किया गया। उपायुक्त समेत मंचासीन अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। सम्मेलन में उपपायुक्त ने कहा कि शिक्षा का समुचित विकास तभी संभव है, जब समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर स्थानीय नेतृत्व की इसमें सक्रिय भागीदारी हो। मुखिया, ग्राम स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और समुदाय को शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आम जनों से जुड़ी कई समस्याओं का निराकरण पंचायत स्तर पर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पंचायत को सशक्त बनाने की दिशा में कई बुनियादी सुविधाओं को बहाल किया गया है। पंचायत लेवल पर प्रज्ञा केंद्र, इंटरनेट की सुविधा, पंचायत भवनों के सुदृढ़ीकरण, मुखिया इंपावरमेंट इत्यादि के क्षेत्र में कई कार्य किए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मुखिया को पंचायत लेवल के पदाधिकारियों, कर्मियों, एनजीओ समेत अन्य संबंधितों के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित करते हुए आम जनों से जुड़ी समस्याओं का निराकरण करने का कार्य करना चाहिए।

### मुखियाओं ने उपायुक्त को अपने पंचायत की समस्याओं से अवगत कराया

बैठक में पेयजल, शौचालय, सिंचाई, साफ-सफाई, कृषि उन्नयन, पशुधन विकास, आवास, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य इत्यादि की समस्याओं को दूर करने में मुखियाओं की अहम भूमिका हो सकती है। उन्होंने उपस्थित सभी मुखियाओं से अपने-अपने जिम्मेदारी के अनुरूप कार्य करने की बात कही। मौके पर उपस्थित जिले के विभिन्न पंचायत के मुखियाओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त द्वारा समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक व महत्वपूण निर्देश दिए गयें। इस सम्मेलन का आयोजन मुखिया को शिक्षा संबंधी सभी योजनाओं को स्कूल स्तर पर लागू करने में सहयोग करने के उद्देश्य से किया गया था। उपायुक्त ने सभी मुखिया को सभी पंचायत में कैंप लगाकर आधार कार्ड से संबंधित कार्य कराने की अपील की। अपार आईडी के बारे में जानकारी दिया और प्रत्येक माह की 28 तारीख को सभी शिक्षा संबंधी योजनाओं की समीक्षा को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया जाए। महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि महिला मुखिया की भागेदारी शत प्रतिशत हो। मौके पर एसडीओ संजय कुमार पांडेय, जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर राजा, जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला अपर कार्यक्रम पदाधिकारी अनुराग मिंज, गव्य विकास पदाधिकारी, गिरीश कुमार, जिले के विभिन्न पंचायतों के मुखिया सहित अन्य उपस्थित थें। इस अवसर पर झारखंड शिक्षा परियोजना के कई अधिकारी व कर्मी भी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### पंडा नदी सूखने से किसानों को परेशानी, चिंतित



**केतार।** केतार प्रखंड की लाइफ लाइन पांडा नदी फरवरी माह में ही सूख गई है। कभी सदाबह रहने वाली पंडा नदी के सूखने से सबसे ज्यादा परेशानी पशु पक्षियों और नदी किनारे बसे गांव के किसानों को है। नदी किनारे बसे गांव खोनहर, बलिगढ़, केतार,मुकुन्दपुर, बेलाबार,सिंहपुर, ताली, परसोडीह, हुरका गांव के किसान खेत की सिंचाई पंडा नदी से ही करते हैं। पंडा नदी का पानी सूख जाने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ेगा। गेहूं फसल का पटवन तो किसी तरह किसान कर रहे हैं, लेकिन गेहूं की फसल के बाद मूंग, उड़द व साग-सब्जी का खेती का पटवन कैसे करेंगे, इसकी चिंता सताने लगी। नदी सूखने से गांवों में चापनल और कुआं का जल स्तर भी कम होने लगा है। अप्रैल-मई माह में कुआं और चापानल भी सूखने की संभावना ग्रामीणों द्वारा व्यक्त किया जा रहा है।

### कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में विधिक जागरूकता कार्यक्रम

**रमना।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पीएलभी राकेश कुमार ने झालसा के निर्देश पर गढ़वा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार छात्राओं को विधिक सेवा की जानकारी दी। इसमें बच्चों के मौलिक अधिकारों में भोजन, आश्रय, शिक्षा सांस्कृतिक, स्वास्थ्य सुविधा,शोषण दुर्व्यवहार उपेक्षा से सुरक्षा इत्यादि मूल अधिकारों के बारे में बताया गया। साथ ही विद्यालय में कई प्रकार की कोई समस्या के बारे में पूछा गया। इस समय विद्यालय में उपस्थित प्रबंधन समिति के सदस्यों ने नाम नहीं बताने के शर्त पर बताया कि विद्यालय में सुविधा मिला जुलाकर ठीक है, लेकिन शिक्षा की व्यवस्था अच्छी नहीं है। कुछ विषयों की अच्छी पढ़ाई होती है और कुछ विषयों की नहीं होती है। इसके शिक्षक ही नहीं है। साथ ही सेपटीक टैंक से आ रही दुर्गन्ध का भी मामला उठाया गया। पीएलभी राकेश कुमार द्वारा दुर्गंध और विद्यालय में बंद पड़े सोलर जलमीनार के बारे में पूछा गया। इस संबंध में वार्डेन सीमा गुप्ता ने बताया कि सेपटीक टैंक आज ही भरा है, जिससे दुर्गन्ध आ रही है। जलमीनार विधायक मद से लगा था। इसको भी चालू कराया जायेगा। मौके पर विद्यालय प्रबंधन के सदस्य व शिक्षिका उपस्थित थी।

### गांव में पक्की सड़क निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को हो रही परेशान



**धुरकी।** प्रखंड अंतर्गत गनियारी कला पंचायत के करवा पहाड़ गांव में आजादी के बाद से अभी तक पक्क सड़क निर्माण नहीं होने से गांव के लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हम लोग को बीमारी, शादी-विवाह में और प्रखंड मुख्यालय आने-जाने के लिए इस गांव से होकर श्रीबंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय, टाटीदीरी पंचायत, भंडार पंचायत और फाटपानी,गनियारी आदि जगहों के लोग गुजरते हैं। ग्रामीण राजेंद्र चौधरी ,दशरथ गोंड, राजेश कोरवा, विजय कोरवा ,शिवकुमार भुइयां ,विश्वनाथ भुइयां ,मंसाय गोंड, अयोध्या विश्वकर्मा, संतोष पटेल, बिमलेश चौधरी, सुनील चौधरी ,अनिल चौधरी, उर्तिमा देवी, स्करौती देवी ,जयप्रकाश कोरवा ने बताया कि सड़क बहुत ही जरूरी है। आजादी के बाद अभी तक हम लोगों को पिच सड़क देखने का नसीब नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर अभी कुछ विकल्प से यह सड़क बनता तो अच्छा था। सड़क इतना जर्जर हो गया है कि साइकिल और मोटरसाइकिल से चलने में भी डर लगता है।

### गढ़वा पुलिस ने अगले चक्र में प्रवेश किया

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत राधा कृष्ण मंदिर के समीप राधा कृष्ण वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि निवर्तमान नप अध्यक्ष सुमित्रा देवी,राधा कृष्ण मंदिर के महंत श्रीश्री 1008 बाबा केशव नारायण दास, सीओ प्रमोद कुमार, बलराम मेहता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद तीन सेट का मैच खेला गया है। पहले सेट में गढ़वा पुलिस लाइन बनाम मोहम्मदगंज के बीच खेला गया। गढ़वा पुलिस लाइन ने 25 प्वाइंट के खेल में मोहम्मदगंज को 10 प्वाइंट से हराकर अगले चक्र में खेलने के लिए जगह बनाया। राधा कृष्ण वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन मुकेश सिंह, विक्की सिंह, अभिमन्यु सिंह, साहिल सिंह द्वारा कराया गया।

### बाइक के आमने-सामने की टक्कर में दो घायल



**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के मकरी बगही के समीप दो बाइक के आमने-सामने की टक्कर में दो लोग घायल हो गए। स्वजनों ने दोनों को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया। वहां डॉ रंजन दास ने प्राथमिक उपचार किया। दुर्घटना में एक बाइक पर सवार घायल मकरी निवासी राकेश विश्वकर्मा, दूसरा बाइक पर सवार 12 वर्षीय रिंकी कुमारी पिता प्रमोद प्रजापति खरौंधी नाम शामिल है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रिंकी कुमारी अपने जीजा अजीत प्रजापति गढ़वा तैनार निवासी के साथ बाइक से खरौंधी जा रही थी। विपरीत दिशा से आ रहे मकरी निवासी राकेश विश्वकर्मा अपने बाइक से आ रहा था। एक ऑटो को ओवर टेक करने के दौरान दोनों बाइक चालक आपस में भीड़ गए।

### पूर्व मुखिया का निधन, शोक

**केतार।** प्रखंड के परसोडीह पंचायत के पूर्व मुखिया दशरथ गुप्ता (87)का निधन गुरुवार को उनके पैतृक गांव परसोडीह में हो गया। उनकी मृत्यु से पंचायत क्षेत्र में शोक है। दशरथ गुप्ता का राजनीतिक जीवन कि शुरूआत 1962 में हुआ। उस समय वह पंचायत चुनाव में उप मुखिया निर्वाचित हुए थे। 1966 के हुए पंचायत चुनाव में सरपंच निर्वाचित हुए, उसके बाद 1970-78 तक हुए चुनाव में लगतार निर्विरोध मुखिया निर्वाचित हुए थे। उन्होंने पूर्व मंत्री स्व लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती और राम चंद्र केसरी से राजनीतिक में जुड़कर सक्रिय रहे। पूर्व मुखिया का अंतिम संस्कार गांव के ही पंडा नदी के मुक्ति धाम में किया जायेगा। उनकी मृत्यु पर उनके मित्र विशुनधारी बैठा, रामेश्वर प्रसाद सिंह, जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, समाज सेवी पंकज सिंह,राम विचार साहू,मुखिया बसंती देवी,मुंगा साह,अनील पासवान,नागेन्द्र ठाकुर, सतेन्द्र गुप्ता सहित अन्य ने शोक व्यक्त किया है।

## एक नजर

### उप प्रमुख ने बीडीओ से जांच की मांग

**खरौंधी।** प्रखंड के उप प्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य ने गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार को आवेदन सौंप कर वेंडर द्वारा सरकारी राशि गबन का आरोप लगाया गया है। आवेदन में उप प्रमुख ने बताया कि सिसरी पंचायत अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में बकरी शेड निर्माण की योजना स्वीकृत की गई थी, लेकिन यह योजना धरातल पर कहीं भी मौजूद नहीं है। फिर भी इसका भुगतान कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत मुखिया और वेंडर की मिलीभगत से सरकारी राशि का गबन किया गया है। लाभुक को इस योजना का लाभ नहीं मिला। 27 अप्रैल 2024 को वेंडर को योजना की पूरी राशि का भुगतान कर दिया गया।

### जायंटस अध्यक्ष के मां का निधन, शोक

**मेराल।** जायंटस ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में अध्यक्ष राकेश केशरी की अध्यक्षता में ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य दीपक केशरी के माता जी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक व्यक्त करने वालों में सेंट्रल कमेटी सदस्य अजयकांत पाठक,जायंटस वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, विनोद कमलापुरी, मदन प्रसाद केशरी,फेडरेशन पदाधिकारी नंदकुमार गुप्ता, स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, जायंटस ग्रुप गढ़वा के वर्तमान अध्यक्ष राकेश केशरी, निर्वतमान अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता,उपाध्यक्ष चंद्रभूषण सिन्हा, प्रशासनिक निदेशक मोजिबुद्दीन खान,ध्रुव केशरी ,विनोद गुप्ता,दीपक तिवारी, रवीन्द्र जायसवाल, रवीन्द्र केशरी, सुनील कुमार अग्रवाल, मनोज केशरी, मनदीप सोनी, अजय केशरी,मोनू केशरी, विजय केशरी का नाम शामिल है।

# सड़क हादसों में अपनों को खो चुके परिवारों के साथ एसडीएम ने किया संवाद

▸ **पीड़ित परिवारों की समस्याओं को सुना, प्रशासनिक सहयोग का दिया भरोसा**



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत इस सप्ताह के 'कॉफी विद एसडीएम' में गढ़वा अनुमंडल अंतर्गत सड़क दुर्घटना में शिकार हुए लोगों के परिजनों को एसडीएम संजय कुमार ने गुरुवार को अपने यहां कॉफी पर आमंत्रित किया था। उनके इस आमंत्रण पर गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र के अलावा कई आसपास के क्षेत्रों के ऐसे लोग शामिल हुए, जिन्होंने सड़क दुर्घटना में अपने किसी परिजन को खोया है। कार्यक्रम में मुख्य आमंत्रित अतिथि के रूप में जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश भी मौजूद थे। अधिकारियों ने परिजनों से संवाद कर सड़क दुर्घटना के शिकार हुए परिजनों से पूछा कि उन्हें 'हिट एंड रन' या आपदा संबंधी नियमानुसार सहायता मिली या नहीं। सहायता राशि पाने की क्या प्रक्रिया है, उस पर भी डीटीओ द्वारा विस्तार से बताया गया। एसडीएम ने आमंत्रित परिवारों की रोजमर्रा की जरूरतों और समस्याओं के बारे में भी पूछा, साथ ही उन्हें हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया।

**हेलमेट नहीं लगाना व रैश ड्राइविंग बड़े कारण :** क्षेत्र के रोड एक्सीडेंट विक्टिम्स के परिजनों के साथ बात करने के बाद एक सामान्य निष्कर्ष निकला कि ज्यादातर जान गंवाने वाले लोगों ने हादसे के वक्त हेलमेट नहीं पहना था। कई मामलों में घटनाएं रैश ड्राइविंग के चलती हुई। इसलिए बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने आम लोगों से भी अपील की कि वह ट्रैफिक नियमों का पालन करें। कार्यक्रम के दौरान उपेंद्र चौधरी, निर्मल कुमार, मंजू देवी, मंटू चौधरी, देवंती देवी, रफीक अंसारी, अनीश कुमार यादव, आलोक ठाकुर, उपेंद्र चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, नागेंद्र शर्मा, नंदू चौधरी, नरेश प्रजापति, मुकेश ठाकुर, गीता कुमारी, कुसुम देवी, सविता देवी आदि ने अपनी बात रखी।

### राहत राशि दिलाने में तत्परता से करें काम

संवाद के दौरान यह तथ्य सामने आया कि कभी-कभी विभिन्न सहायक दस्तावेज जैसे पारिवारिक सूची, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, मृत्यु प्रमाण पत्र, अंचल की अनुशंसा आदि में छोटी मोटी कमियों के चलते विलंब हो जाता है, जिसके कारण पीड़ित परिवारों को राहत राशि मिलने में भी देरी होती है। इस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रखंड, अंचल व अस्पताल आदि के संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित अपने कार्यालय के अधीनस्थों से अपील की कि वह ऐसे मामलों में अति संवेदनशीलता दिखाते हुए जितनी जल्दी हो स्वयं लग कर उनके दस्तावेज बनवाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि हादसों के शिकार लोगों के परिवार के लोग पहले ही बड़े आघात और परेशानी से गुजर रहे होते हैं। ऊपर से जब उन्हें कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ते हैं तो वह और भी टूट जाते हैं।

# एसडीओ ने भवनाथपुर व केतार प्रखंड में विकास की समीक्षा की



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** श्रीबंशीधर नगर अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा ने गुरुवार को प्रखंड कार्यालय में बैठक की। बैठक में एसडीओ नें मनरेगा, पीएम आवास की समीक्षा की। एसडीओ नें भवनाथपुर व केतार प्रखंड विकास पदाधिकारी व कर्मियों को विभिन्न स्वीकृत, लंबित एवं पूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। लंबित योजनाओं के कार्यों को समय रहते पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिन योजनाओं की समीक्षा की गयी उनमें अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा सहित अन्य योजनाएं शामिल है। एसडीओ ने कर्मियों से कहा कि सरकार कि इस महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ लाभुकों को तक शीघ्र ही पहुंचना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में नियमों का अक्षरशः पालन किया जाये।अधूरी योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने तथा पूर्ण हो चुकी योजनाओं को संचालनात्मक स्थिति में लाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में भवनाथपुर बीडीओ नंदजी राम, केतार बीडीओ प्रशांत कुमार, बीपीओ आंनद राज, नीरज कुमार पाल, पंचायत सेवक सतीश सिंह, रोजगार सेवक दयानंद प्रजापति, तहमीद अंसारी, रामकुमार प्रजापति, परमानंद ठाकुर, जयराम, शशि कुमार, सुनील तिवारी, राकेश गुप्ता, दीपक जायसवाल, अशोक कुमार सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

### अधूरी योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश

# पोल के गड्ढें में कंक्रीट के जगह मिट्टी भरा जा रहा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** प्रखंड के सोनदाग पंचायत के गोता टोला गांव में बिजली विभाग के ठेकेदार द्वारा बिजली की पोल के गड्ढा में कंक्रीट से गड्ढा भराई नहीं करने पर ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त की है। गुरुवार की शाम 3 बजे रंका प्रखंड के सोनदाग पंचायत के गोटा टोला गांव में बिजली का पोल गड्ढा में ठेकेदार द्वारा कंक्रीट, सीमेंट व बालू से नहीं भरा जा रहा था। गड्ढा में मिट्टी भरा जा रहा है।

# अवैध बालू उत्खनन करने वाले पर होगी कार्रवाई: सीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** अवैध बालू उत्खनन व अवैध बालू कारोबारी पर अंकुश लगाने को लेकर सीओ प्रमोद कुमार ने गुरुवार को अंचल कार्यालय में प्रेस वार्ता किया। उन्होंने कहा कि उपायुक्त के आदेश पर अवैध बालू कारोबार पर अंकुश लगाना है। सरकारी योजनाएं चल रही है व सभी को कंस्ट्रक्शन वर्क में बालू की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारे अंचल क्षेत्र अंतर्गत कैटोगरी वन में सात बालू घाट चिन्हित है उनमें बांकी नदी, बहेरा कला, बहेरा खुर्द, बांकी नदी तलशबरिया, बांकी नदी टडहे, बांकी नदी बूढ़ीखांड,बाकी नदी बोदरा, दो घाट नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आमर और बकोईया में है। उन्होंने लोगों से कहा कि सिर्फ 100 रुपए के चलन से प्रति ट्रैक्टर बालू खरीद सकते हैं। इसका संचालन मुखिया और पंचायत समिति द्वारा किया जाता है। सीओ ने कहा कि मेरे संज्ञान में है कि प्रतिदिन अवैध रूप से रात भर बालू का उत्खनन हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो भी लोग अवैध रूप से बालू उत्खनन करते व परिचालन करते पकड़े जाएंगे उन पर विधि संगत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक अनंत ने क्षेत्र के प्रमुख समस्याओं को सदन में उठाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनंत प्रताप देव ने गुरुवार को विधानसभा में भवनाथपुर विधान सभा से जुड़े विभिन्न कार्य को लेकर मांग उठाया। विधायक अनंत प्रताप देव ने विधानसभा में शून्य काल में बंशीधर नगर में बने ट्रॉमा सेंटर को चालू कराने की मांग किया। उन्होंने बताया कि आए दिन राष्ट्रीय मार्ग पर दुर्घटना हो रहा है। ऐसे में बंशीधर नगर में 2010 में ट्रॉमा सेंटर बनाया गया हैं, जिसमें अनुभवी चिकित्सक और संसाधन उपलब्ध कराते हुए अविलंब चालू कराया जाए। उन्होंने श्रीबंशीधर मंदिर ऐतिहासिक है को पर्यटन के दृष्टि से कॉरिडोर का निर्माण कराया जाने की मांग किया। विधायक ने विधानसभा में खरौंधी से केतार जाने वाले मुख्य पंडा नदी में सीरीज चेक देंबका निर्माण कराने की मांग किया। उन्होंने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में 1985 से बंद पड़े 29 लिफ्ट एरिगेशन को चालू कराने की मांग किया है। उन्होंने बताया कि भवनाथपुर विधानसभा सुखाड़ क्षेत्र आता है ऐसे में बंद पड़े 29 लिफ्ट एरिगेशन के चालू होने से किसानों को सिंचाई का लाभ मिलेगा।

## छापेमारी

# पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में कीमती लकड़ी जब्त

## बेता गांव से अवैध लकड़ी पुआल में छिपाकर रखा गया था



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** पुलिस और वन विभाग ने संयुक्त रूपसे बड़ी कार्रवाई करते हुए छापेमारी अभियान चलाकर थाना क्षेत्र के बेता गांव के खलिहान के पुवाल में छिपा कर रखा गया भारी मात्रा में सखुआ का कीमती लकड़ी जब्त किया है। जब्त लकड़ियों की अनुमानित कीमत 70 हजार रुपए बताया गया है। यह जानकारी प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि वन विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि लकड़ी माफिया अवैध रूप से जंगलों की कटाई कर बड़ी खेप में लकड़ियों को बाहर ले जाकर बेचने की फिराक में है। सूचना के सत्यापन के बाद वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर पुलिस के सहयोग से छापेमारी अभियान चला कर बेता गांव से सखुआ का लकड़ी जब्त कर वन परिसर में लाया गया है। वन विभाग आगे की कार्रवाई में जुट गया है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कि लकड़ी माफिया अवैध तरीके से जंगलों से लकड़ी काटकर उसे बाहर ले जाकर तस्करी करने वाले है। थाना क्षेत्र में किसी भी तरीके का अवैध कारोबार को फलने-फूलने नहीं दिया जाएगा। छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी के अलावा प्रेमचंद दास, विपिन मेहता, घनश्याम प्रसाद, हेमंत तिर्की सहित चिनियां पुलिस बल शामिल थी।

## सिकंदराबाद कमाने गया युवक एक माह से लापता

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नगर प्रतापपुर निवासी सहजू बड़ाईक का 22 वर्षीय इकलौता पुत्र रवि बड़ाईक सिकंदराबाद में काम करने के के बाद से परिजनों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। इस कारण परिजन चिंतित हैं। परिजनों के अनुसार व पिछले कुछ वर्षों से सिकंदराबाद में ही एक कंपनी में कार्य कर रहा था। फोन के माध्यम से लगातार अपने परिजनों के संपर्क में था, लेकिन एक जनवरी 2025 के बाद से परिजनों से कोई संपर्क नहीं हो पाया है। लापता युवक के पिता सहजू बड़ाईक ने बताया कि पुत्र के साथ गए साथियों से बात करने पर भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है। बेटे के साथ काम कर रहे साथियों ने बताया कि एक जनवरी को नए वर्ष की पार्टी मना रहे थे, इसके बाद से युवक लापता है। बुजुर्ग पिता ने बताया कि उनके दो पुत्र थे। कोवीड के दौरान ही छोटे बेटे की मौत हो गई थी। दूसरे पुत्र ही जीवन का एक मात्र सहारा है, वह भी लापता है। लापता युवक के पिता ने प्रशासन से पुत्र को ढूढंने में सहयोग करने की अपील की है।

# नीलगायों को महुआडांड़ क्षेत्र में भेजने को लेकर 4 मार्च को जुलूस

**केंद्रीय जनसंघर्ष समिति करेगी विरोध प्रदर्शन**



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** वन विभाग द्वारा महुआडांड़ के जंगलों में नीलगायों को भेजने के फैसले के खिलाफ केंद्रीय जनसंघर्ष समिति ने 4 मार्च को विरोध जुलूस निकालने की घोषणा की है। यह जुलूस सुबह 10 बजे सरना भवन से शुरू होकर अनुमंडल कार्यालय तक जाएगी। केंद्रीय जनसंघर्ष समिति के सचिव जेरोम जेराल्ड कुजूर ने बताया कि 17 जनवरी को प्रकाशित एक समाचार के अनुसार, झारखंड सरकार ने पलामू और गढ़वा के जंगलों से नीलगायों को महुआडांड़ के जंगलों में छोड़ने का आदेश दिया है। इस निर्णय का स्थानीय ग्रामीणों और किसानों ने कड़ा विरोध किया है। समिति का कहना है कि महुआडांड़ और आसपास के इलाके पहले से ही जंगलों की कटाई और वन्यजीवों की समस्या से जूझ रहे हैं। नीलगायों के आने से फसलों को नुकसान होगा, जिससे किसान परेशान होंगे। साथ ही, वन्यजीवों के बढ़ते खतरे से स्थानीय ग्रामीणों की सुरक्षा भी प्रभावित हो सकती है। 4 मार्च को होने वाले इस विरोध जुलूस में क्षेत्र के ग्रामीण, किसान और सामाजिक संगठनों के सदस्य शामिल होंगे। जुलूस अनुमंडल कार्यालय तक जाएगा, जहां मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। केंद्रीय जनसंघर्ष समिति ने स्थानीय जनता से अपील की है कि वह इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर आवाज उठाएं।

# महाशिवरात्रि को लेकर जागरण का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाया गया। बालूमाथ ब्लॉक शिव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि को लेकर इस वर्ष की भक्ति जागरण का आयोजन समिति ने किया। हजारीबाग के भक्ति जागरण कलाकारों ने शिव और पार्वती की मनोरम झांकी प्रस्तुत किया। गायिका काजल राघवानी ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत की, जिसका लोगों ने खूब लुत्फ उठाया। बच्चे झूमते नजर आए। आयोजन समिति में संतोष अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, अनमोल अग्रवाल, विजय कुमार, संजय कुमार, मुकेश सोनी, विकास कुमार शुक्ला, विकास कुमार, प्रिंस सिंह, रोहित कुमार, धर्मेंद्र कुमार, दीपक कुमार, मनोज भगत का नाम शामिल है।

# न्यूज बॉक्स

## मृतक सहायक अध्यापक के परिजन को संघ ने किया सहयोग

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पेक्सा में कार्यरत सहायक अध्यापक निरंजन भुइयां (35) की मौत 20 फरवरी को इलाज के दौरान रांची में हो गई थी। गुरुवार को सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड इकाई ने मृतक के परिजन को 41.5 हजार रुपया का नकद सहायता राशि आश्रित के परिजनों को सौंपा। मौके पर अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष रामकुमार यादव,मुनेश्वर यादव,राकेश कुमार,संदीप सिंह,चंद्रदेव राणा मौजूद थे। प्रखंड अध्यक्ष ने सरकार से सरकारी प्रावधान के तहत सहयोग करने व एक आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग की है।

## वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन

**लातेहार।** प्रखंड के डेमू पंचायत भवन में गुरुवार को वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया गया। सेंटर फॉर फाइनेंशियल लिटरेसी अगर गति इंडिया के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड कोऑर्डिनेटर सच्चिदानंद लकड़ा, सेंटर ट्रेनर धर्मदेव उरांव, भारतीय स्टेट बैंक एसएलसी विनोद कुमार, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक एफएलसी मुन्नी कुमारी, जेएसपीएलएस बीपीएम आलोक कुमार, सुजीत कुमार, डेमू पंचायत के मुखिया प्रमिला देवी उपस्थित थी। कार्यक्रम में उदगमी दीदी लोग के साथ में बचत करना, खाता के प्रकार, छोटी बचत, घरेलू बजट, मासिक बचत, ऋण लेकर सही समय में वापस करना, साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक किया गया। दीदी ऋण लेकर अच्छा से बिजनेस करने वालों कोक झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ने सम्मानित किया।

## पशुपालकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के सिंगल विंडो सेंटर में गुरुवार से पशुपालकों का जिला स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण आत्मा राज्य सहाय योजना अंतर्गत दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रखंड तकनीकी प्रबंधक व प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ.इंद्रजीत की अध्यक्षता में दी जा रही है। प्रशिक्षण में शामिल पशुपालकों को पशुओं में होने वाले रोग, टीकाकरण,उपचार व नस्ल के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। विभाग द्वारा किसानों व पशुपालकों के लिए संचालित योजना की भी जानकारी दी गयी। बताया गया कि प्रशिक्षण शनिवार को समाप्त होगा। मौके पर बीटीएम प्रभात कुमार,एटीएम शीला कुमारी सहित पशुपालक मौजूद थे।

# आजसू की पलामू प्रमंडल स्तरीय बैठक, संगठन विस्तार को लेकर बनी रणनीति

**● जनमुद्दों की लड़ाई आजसू की पहचान : सुदेश महतो**



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** आजसू पार्टी की प्रमंडलीय स्तर की बैठक लातेहार के बेतला में आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन विस्तार और जनसंपर्क को और मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने बैठक में हिस्सा लिया और संगठन के आगामी कदमों पर विचार व्यक्त किए।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पलामू प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले 50 प्रखंडों में ग्राम कमेटियों का गठन किया जाएगा। इन कमेटियों का उद्देश्य पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाना और संगठन को और सशक्त बनाना होगा। प्रत्येक प्रखंड में कमेटी के प्रभारी और पदाधिकारी नियुक्त किए जाएंगे, जो बूथ स्तर तक पार्टी का संदेश फैलाएंगे और जनता के मुद्दों को उठाने में मदद करेंगे।

सुदेश महतो ने कहा, 'हम मुख्य विपक्ष की भूमिका निभाएंगे और झारखंडी हितों की आवाज को बुलंद करेंगे।'

इस बैठक में सुदेश महतो ने पार्टी कार्यकताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि झारखंडी मुद्दों पर हमारी पार्टी की मजबूत और प्रभावशाली उपस्थिति जरूरी है। हम राज्य के हर प्रखंड में जाएंगे और संगठन का विस्तार करेंगे, ताकि हमारी पार्टी मुख्य विपक्ष की भूमिका निभा सके और जनता की आवाज को मजबूती से उठाया जा सके। उन्होंने कहा कि जनमुद्दों कि लडाई आजसू कि पहचान रही है। हम अन्याय के खिलाफ आन्दोलन करेंगे।

**झारखंड को हम ही बचाएंगे : देवशरण भगत**

झारखंड को हमने बनाया है। हम ही संवारेंगे। झारखंड निर्माण आजसू ने कराया है। इस राज्य को हम ही संवारेंगे। हम राज्य निर्माण का दर्द जानते हैं। राज्य के मुद्दों को लेकर हम संघर्ष तेज करेंगे। मुख्य बिपक्ष की भूमिका में हम लड़ेंगे। झारखंड और झारखंडियात की लड़ाई को तेज करेंगे।

संजय मेहता ने कहा, ह्लआजसू पार्टी हर गाँव में पहुँच कर झारखंड को सशक्त बनाएगी।ह्व पार्टी के युवा नेता संजय मेहता ने इस बैठक को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य जन-जन तक पहुँचाना है। ग्राम स्तर पर संगठन को मजबूत करना हमारा प्राथमिक लक्ष्य है, ताकि हर गाँव तक पार्टी की पहुँच हो सके। इस कदम से संगठन को न केवल बल मिलेगा, बल्कि आम जनता को सशक्त नेतृत्व भी मिलेगा। संजय ने कहा कि झारखण्ड में पार्टी का विस्तार 32 हजार से अधिक गांवों तक होगा।

**सोशल मीडिया टीम बनेगी, सुदेश महतो जाएंगे प्रत्येक प्रखंड में**

बैठक में यह भी तय किया गया कि सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी की गतिविधियों को और भी ज्यादा प्रभावी रूप से प्रचारित किया जाएगा। इसके लिए एक विशेष सोशल मीडिया टीम का गठन किया जाएगा, जो पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को सोशल मीडिया पर फैलाएगी।

पलामू प्रमंडल के 6 अनुमंडलों में सभी 50 प्रखंडों और 9 नगर इकाइयों में बनेगी कमेटी। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि पलामू प्रमंडल के अंतर्गत 6 अनुमंडल में 50 प्रखंडों और 9 नगर इकाइयों में पार्टी की कमेटियाँ बनाई जाएंगी। यह कदम पार्टी के संगठन को और मजबूत करेगा और लोगों के बीच पार्टी की उपस्थिति को बढ़ाएगा।

**पार्टी की मुख्य विपक्ष की भूमिका, झारखंडी मुद्दों पर संघर्ष जारी रहेगा**

आजसू पार्टी का मुख्य उद्देश्य झारखंडी मुद्दों पर संघर्ष करना और राज्य के जनहित के लिए कार्य करना है। पार्टी ने यह संकल्प लिया है कि वह हर गाँव, हर पंचायत तक पहुँच कर जनता की समस्याओं का समाधान करेगी और राज्य के विकास के लिए निरंतर काम करेगी।

**सभी नेताओं और कार्यकताओं ने संगठन को सशक्त बनाने का लिया संकल्प।** बैठक के दौरान उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकताओं ने एकजुट होकर संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प लिया और इसे ऐतिहासिक करार दिया। पार्टी ने यह निर्णय लिया कि वह हर कदम पर जनता के साथ खड़ी रहेगी और झारखंड को एक नया दिशा देने के लिए संघर्ष करती रहेगी। पलामू प्रमंडल स्तरीय पार्टी पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक जनता लॉज, बेतला नेशनल पार्क में पलामू प्रमंडल स्तरीय संगठन विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न। पार्टी पदाधिकारियों की इस बैठक को मुख्य अतिथि पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने संबोधित करते हुए संगठन विस्तार हेतु मुख्य बिंदुओं और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, उपाध्यक्ष हसन अंसारी, झारखंड आंदोलनकारी श्री प्रवीण प्रभाकर, विजेता वर्मा, संजय मेहता ने भी संबोधित किया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव सतीश कुमार, गुप्तेश्वर ठाकुर, विकेश शुक्ला, इम्तियाज नाजमी, बबलू गुप्ता, विजेता वर्मा, विजय कुमार, उमेश कुमार, तुलसी शुक्ला, दिलीप चौधरी, अमित पांडेय, दीपक शर्मा, परवाज खान, चम्पा देवी, संजय मेहता जी के साथ साथ प्रमंडल क्षेत्र के सातों जिला के पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बीडीओ ने किया परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण

**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने सिमरिया प्रखंड में झारखंड अधिविध द्वारा संचालित इंटरमीडिएट परीक्षा केद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दोरान बीडीओ द्वारा परीक्षा केंद्र सिमरिया इंटर कॉलेज, किसान उच्च विद्यालय डाडी एवं राजसंपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय सिमरिया का निरीक्षण किया गया। आज रसायन विज्ञान की परीक्षा आयोजित थी। जिसमें सिमरिया इंटर कॉलेज सिमरिया में 128, राज्य सम्पोषित प्लस टू उच्च विद्यालय में 09 एवं किसान उच्च विद्यालय डाडी में 66 विद्यार्थी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान बीडीओ द्वारा परीक्षा केद्रों में सीसीटीवी कैमरा/कंट्रोल रूम एवं कमरों का निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट एवं केंद्राधीक्षक को कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## राजबार कोयला खदान शुरू करने को लेकर पर्यावरणीय जनसुनवाई संपन्न

# योजना से पांच हजार लोगों को रोजगार सृजन का लक्ष्य

**● मार्च 2026 से खनन कार्य प्रारंभ करने का लक्ष्य**



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला खेल स्टेडियम के परिसर में पर्यावरण प्रभाव को लेकर जन सुनवाई अपर समाहर्ता रामा रविदास की अध्यक्षता में आयोजित हुई। तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित राजबार ओपन कास्ट कोयला खदान के प्रारंभ होने की प्रक्रिया में आज एक कदम संपन्न हो गया। इस अवसर पर राजबार कोयला खदान के तहत आने वाले राजस्व गांव जेरांग, राजबार, रेंची, लेजांग, डडिया और सेरक के प्रभावित ग्रामीण ने कोयला खदान खुलने से उत्पन्न होने वाले पर्यावरण संबंधी प्रभाव आकलन और प्रयावरण प्रबंधन योजन संबंधी अपने-अपने समस्याओं को रखा। इस पर कार्यक्रम में मौजूद राज्य प्रदूषण बोर्ड के अधिकारी और कंपनी के अधिकारियों ने ग्रामीणों के सवालों को जवाब दिया। अपर समाहर्ता ने कहा कि आज बड़े हर्ष का दिन है कि राजबार कोल ब्लॉक खुलने की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव पूर्ण हुआ। उन्होंने कहा कि औरंगा कोयला क्षेत्र में राजबार ऑपन कोयला खदान से लातेहार जिले के तीन अंचल के आधा दर्जन गांव के 1461 ग्रामीणों को प्रत्यक्ष रोजगार और पांच हजार लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध होंगे। इससे क्षेत्र चहुमूखी विकास की ओर अग्रसर होगा। खदान खुलन को लेकर पर्यावरण प्रभाव और प्रबंधन की योजना कंपनी द्वारा पूर्ण रूप से तैयार की गई है। सभी पहलूओं पर विस्तृत तैयारी की गई है। इस कोल ब्लॉक से निकलने वाली कोयला से विद्युत उत्पादन किया जाएगा, जो झारखंड राज्य के उर्जा क्षमता को बढ़ायगा। उन्होंने कहा कि इस जन सुनवाई में प्रभावित गांव के ग्रामीणों ने पर्यावरण संबंधी बातों पर अपनी सहमति दी है। इसके अलावा कंपनी के अधीक्षण अभियंता राजेश रंजन ने कहा कि इस कोल ब्लॉक में मार्च 2026 से खनन कार्य प्रारंभ करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत सभी स्वीकृति ली जाएगी। इसी कड़ी में कार्रवाई संपन्न हुई। जनसुनवाई में प्रभावित ग्रामीणों के साथ लातेहार, चंदवा व बालूमाथ के अंचलाधिकारी, टीवीएनएल के गंगा रविदास, जगन्नाथ टुडू, रमेश कुमार सिंह, रंजीत कच्छप, एलएम गुप्ता समेत अन्य संबंधित लोग मौजूद रहे।

# 108 दीप ज्योति कलश रथ का आगमन आज, तैयारी पूरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की पहल पर माता भगवती शर्मा जन्म शताब्दी समारोह वर्ष 2026 में आयोजित होना है। कार्यक्रम के जागरूकता को लेकर पूरे भारत में शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से 108 दीप ज्योति कलश रथ चलाया जा रहा हैं। ज्योति कलश रथ 28 फरवरी को बालूमाथ, मुरपा ,शेरेगड़ा, समेत पूरे बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में शुभ आगमन होने जा रही है। स्वागत के लिए बालूमाथ अखिल विश्व गायत्री के कार्यकर्ताओं ने तैयारी पूरी कर ली है। अखिल विश्व गायत्री परिवार के कार्यकर्ता कृष्णकांत गुप्ता ने बताया कि उक्त रथ यात्रा के माध्यम से मां गायत्री की देव स्थापना कर घर-घर तक गायत्री मंत्र के महत्व तथा गुरुदेव के विचार क्रांति से अवगत कराने का कार्य किया जा रहा है। उक्त रथ पूरे झारखंड का भ्रमण करते बुधवार को बालूमाथ प्रखंड में प्रवेश करेगा। रथ का बालूमाथ सनातनियों द्वारा भव्य स्वागत किया जायेगा। बताया कि संध्या सात बजे से बालूमाथ ब्लॉक स्थित शिव मंदिर परिसर में प्रवचन व दीप यज्ञ आयोजित किया गया है। इसकी तैयारी को लेकर अखिल विश्व गायत्री परिवार बालूमाथ पूरी कर ली है। बालूमाथ के तमाम श्रद्धालुओं को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**CIN: U40108JH2013SGC001704**
**Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH**
**Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in**
**Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)**
**Address-Sudna, Daltonganj, e-mail : gmtzdal@gmail.com**

**Tender Notice**

Sealed tender are invited in in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes super-scribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work: -

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non-refundable) | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 387/PR/JUSNL/ 2024-25 | Brick and PCC work at Vacant Place between drain and boundary wall of South and West side of switchyard & East side of Control room under Transmission Sub-division Daltonganj. | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs.19500/- |
| 2. | 388/PR/JUSNL/ 2024-25 | Procurement of materials for day to day use for maintenance work at 132/33 kV GSS Garhwa Road | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs.20000/- |

1. Start date and time for sale of Tender Documents **28.02.2025** at 12:00 PM.
2. Last date and time for sale of Tender Documents upto **20.03.2025** at 02:00 PM.
3. Last date and time for submission of tender upto **20.03.2025** at 05:00 PM.
4. Date and time for opening of tender: **21.03.2025** at 03:30 PM.
5. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
7. The under signed reserves the right to issue the tender documents/extend the date of sale/submission/opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/all tenders without assigning any reason thereof.
8. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 7488012827.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 347292 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25).D



**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa**

**Very Short Term e-Procurement Notice**
**(1st Call)**

**Tender reference no - DWSD/Garhwa-07/2024-25 Date :- 27.02.2025**

The undersigned, on behalf of the Government of Jharkhand, invites Percentage rate bids for the work mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved Contractors, registered with Drinking Water & Sanitation Department, Government of Jharkhand. The work of Supply of Spare parts of Deep Well Hand Pumps India Mark-II as detailed is BOQ. The rate to be paid for the works as said above will be decided as per the lowest rate quoted in e-procurement. The relevant articles of PWD Code will be applicable. The rates will be applicable for years 2024-25. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtenders.gov.in. The bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate.

| Sl.No. | Name of the work | Name of Group | Estimated cost (in Lac) | Earnest Money(Rs.) | Cost of Tender paper (Rs.) | Period of supply |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Supply of Spare parts of Deep Well Hand Pump India Mark-II Conforming to I.S:9301-1190 with latest amendment (may be read along with 1st amendment IS: 15500 (Part 1-7) 2004 with latest amendment for spares common to both india Mark-II & III respectively) under D.W.& S. Division, Garhwa for the year 2024-25. | GAR-1 | 46.23 | 92,500.00 | 5000.00 | One Month |
| 2 | Date & time of publication of Tender on Website | 03.03.2025 at 12:30 PM | | | | |
| 3 | Last date & Time for receipt of Bid | 08.03.2025 upto 05:00 PM | | | | |
| 4 | Last date/time of Online submission of Earnest Money and cost of BOQ (As per Letter No.-120, date-03.10.2023 of Secretary to Govt. Information Technology & e-Government Department, Govt. of Jharkhand) | 08.03.2025 upto 05:00 PM | | | | |
| 5 | Date & time of opening of Tender | 10.03.2025 upto 05:00 PM | | | | |
| 6 | Name & address of office inviting tender | Ajay Kumar Singh, Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation, Division, Garhwa | | | | |
| 7 | Contact No. of Procurement Officer | 9431325479 | | | | |
| 8 | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2490920 | | | | |

नोट–अन्य किसी प्रकार की सूचना **http://jharkhandtenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

Executive Engineer
Drinking water & Sanitation Division
Garhwa.

PR.NO.347298 Drinking Water and Sanitation(24-25):D



**जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू।**

**(आम सूचना)**

निदेशक, गव्य, गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, रांची के ज्ञापांक– 161 दिनांक– 17.02.2025 एवं सहायक निदेशक, गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक– 191, राँची,दिनांक– 20.02.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024–25 में उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादकों को राज्य/जिला स्तर पर पुरस्कृत किये जाने हेतु पलामू जिला के इच्छुक उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादकों से दिनांक– 28.02.2025 तक विहित–प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। **विभागीय राज्यादेश के आलोक में राज्य स्तर पर दुग्ध उत्पादकों को गोपाल रत्न(प्रथम), गोपाल भूषण(द्वितीय) एवं गोपाल श्री (तृतीय) के रूप में क्रमशः 51000/-रू0 (एकावन हजार), 25000/- रू0 (पच्चीस हजार) रू0 एवं 11000/- रू0 (ग्यारह हजार) नगद राशि एवं प्रमाण पत्र पुरस्कार वितरण का प्रावधान है।**

विहित–प्रपत्र में अंकित विवरण के साथ साक्ष्य सहित एवं सफलता की कहानी जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू में दिनांक– 28.02.2025 के अपराह्न 05.00 बजे तक निश्चित रूप से जमा किया जाय। इस संदर्भ में किसी भी जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू से सम्पर्क किया जा सकता है। विहित– आवेदन प्रपत्र निम्नवत् है –

**उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादकों को पुरस्कृत करने हेतु आवेदन–पत्र**

पासपोर्ट साईज रंगीन स्व अभिप्रमाणित फोटोग्राफ यहाँ चिपकाएं

1. दुग्ध उत्पादक का नाम – ....................
2. पिता/पति का नाम – ....................
3. उम्र :– ....................
4. जाति :– .................... (अ0जा0/अ0ज0जा0/अन्य)
5. **पता** : ग्राम – .................... पोस्ट– ....................
   पंचायत–.................... प्रखण्ड– .................... जिला– पलामू
6. आधार संख्या– .................... मोबाईल संख्या– ....................
7. दूध व्यवसाय से संबंधित राज्य स्तरीय/जिला स्तरीय पुरस्कार प्राप्त किया गया है अथवा नहीं : ....................
8. गव्य विकास योजना से समन्वय : ....................
   (राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य संस्था/स्वयं द्वारा स्थापित)
9. **दुधारू पशुओं की संख्या :**
   (i) देशी नस्ल गाय : ...................., भैंस : ....................
   (ii) संकर/उन्नत नस्ल गाय : .................... , भैंस ....................
10. दुधारू मवेशियों का नस्ल : ....................
11. प्रतिदिन उत्पादित दूध की मात्रा – ....................
12. गौशाला की स्थिति : ....................
13. गौशाला में नई तकनीक का प्रयोग : ....................
    (तकनीक का विवरण सहित)
14. हरा चारा का संसाधन/उपयोग : ....................
    (विवरण सहित)
15. JMF द्वारा प्राप्त Milk Incentive : ....................

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू।

PR 347275 (District) 24-25 (D)

# महाशिवरात्रि की रात में लोहरदगा में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे




- पुलिस लाइन से निकली शिव बारात, झूमे पुलिस पदाधिकारी
- उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी ने की पूजा अर्चना

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा में महाशिवरात्रि का पर्व इस बार सिर्फ आस्था और भक्ति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भाईचारे और सौहार्द की मिसाल भी बना। लोहरदगा पुलिस लाइन में भव्य रूप से भगवान शिव की आराधना हुई, जहां डीसी डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हारिस बिन जमां, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, डीएसपी समीर तिर्की समेत अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भगवान भोलेनाथ की आरती उतारी और जिले में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की।पूजा-अर्चना के बाद शिव बारात धूमधाम से निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं के साथ पुलिस अधिकारी और जवान भी भक्ति में झूमते नजर आए। पुलिस लाइन बक्सीडीपा से निकली यह भव्य बारात नगर भ्रमण करते हुए लोहरदगा कोर्ट कंपाउंड स्थित राधा-कृष्ण मंदिर पहुंची, जहां विधिपूर्वक पूजा-अर्चना और अनुष्ठान किया गया। इसके बाद बारात न्यू पुलिस लाइन लौटी, जहां रात 12:00 बजे भगवान शिव और माता पार्वती का भव्य विवाह संपन्न हुआ। इस दौरान आरक्षी चालक निर्मल सिंह ने भगवान शिव का रूप धारण किया, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। शिव बारात के दौरान पुलिस एसोसिएशन की ओर से उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हारिस बिन जमां, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, डीएसपी समीर तिर्की समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी अधिकारियों ने पगड़ी पहनकर शिव बारात में शामिल होकर नृत्य किया, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय और उत्साह से भर गया। डीसी डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा,₹महाशिवरात्रि केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि यह हमें संयम, अनुशासन और भक्ति का भी पाठ पढ़ाती है। यह देखकर बेहद खुशी हो रही है कि लोहरदगा में सभी धर्मों के लोग मिलकर हर त्योहार को हर्षोल्लास से मनाते हैं। यही हमारे देश की पहचान है। पुलिस प्रशासन हर समय जिले की सेवा और सुरक्षा के लिए तत्पर है, और इसी तरह हम सभी मिलकर जिले को और अधिक प्रगतिशील और शांतिपूर्ण बनाएंगे। इस अवसर पर एसपी ने कहा,महाशिवरात्रि का यह पर्व केवल पूजा का नहीं, बल्कि हमें एकता और भाईचारे का संदेश भी देता है। धर्म जोड़ता है, तोड़ता नहीं। जब हम सभी मिलकर एक-दूसरे के त्योहारों का सम्मान करते हैं, तब समाज में सद्भावना बढ़ती है। पुलिस प्रशासन की ओर से मैं जिलेवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देता हूं और कामना करता हूं कि यह पर्व हम सभी के जीवन में शांति और समृद्धि लेकर आए। इस महाशिवरात्रि की सबसे खास बात रही कि एसपी हारिस बिन जमां, जो इस्लाम धर्म के अनुयायी हैं, उन्होंने भगवान शिव की आरती कर समाज में धार्मिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। उनके इस कदम ने सच्चे भारतीय मूल्यों को दशार्या, जहां हर धर्म का सम्मान किया जाता है। उनकी इस पहल को देखकर लोगों ने कहा- यही असली हिंदुस्तान है !₹लोहरदगा पुलिस प्रशासन की इस पहल ने पूरे जिले में एकता, भाईचारे और सद्भावना का संदेश फैलाया। शिव बारात में नाचते-गाते पुलिस अधिकारी, श्रद्धा में डूबी जनता और भक्ति रस में झूमते पुलिसकर्मियों ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। धर्म जोड़ता है, तोड़ता नहीं- इस संदेश के साथ लोहरदगा की महाशिवरात्रि हमेशा के लिए यादगार बन गई।

## भंडरा में निकली भव्य शिव बारात



**भंडरा।** भंडरा प्रखंड में बुधवार की शाम महाशिवरात्रि को लेकर भगवान शिव की भव्य बारात निकाली गई। भगवान शिव की बारात भंडरा थाना शिव मंदिर से शुरू होकर प्रखंड बस्ती का भ्रमण करते हुए पुनः थाना पहुंच समाप्त हुआ। इस दौरान शिव बारात में बच्चों ने भगवान शिव व माता पार्वती के भेष धारण कर पूरे बस्ती का भ्रमण किया। जिसे लोगों ने दर्शन कर भगवान शंकर से आशीर्वाद लिया। इस दौरान शिव बारात नगर भ्रमण करते हुए बैंक ऑफ इंडिया परिसर में वरमाला का मंचन किया गया। इस दौरान लोगों ने हर-हर महादेव के जयकारे भी लगाए। मौके पर थाना प्रभारी अरविंद सिंह, पप्पू गुप्ता, ईश्वरी मोहन शर्मा, रामकिशोर साहू सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## पांच से आठ मार्च तक होगा शिवप्रसाद साहू मेमोरियल टी 20 टूर्नामेंट का आयोजन

**तैयारियों का पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने किया**



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** आगामी 5 से 8 मार्च 2025 तक आयोजित होने वाले शिवप्रसाद साहू मेमोरियल ळ20 क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारियों को लेकर गुरुवार शाम 3 बजे बीएस कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम में पूर्व राज्यसभा सांसद सह लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू ने निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेडियम का दौरा कर पिच, मैदान, खिलाड़ियों की सुविधाएं, दर्शकों के बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम और अन्य तैयारियों का गहनता से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आयोजन समिति को निर्देश दिया कि आईपीएल की तर्ज पर आयोजित इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए सभी व्यवस्थाओं को पूरी गंभीरता से पूरा किया जाए, ताकि खिलाड़ियों और दर्शकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी, आयोजन समिति के सदस्य और अन्य संबंधित लोग भी उपस्थित रहे। सभी ने टूर्नामेंट के सुचारू संचालन और उच्च स्तरीय व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की।

इस अवसर पर धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि यह टूर्नामेंट जिले के क्रिकेट इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा और स्थानीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेटरों के साथ खेलने व सीखने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। इस टूर्नामेंट में देशभर की कुल आठ प्रमुख टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें मुंबई, कोलकाता, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, कर्नाटक, झारखंड और लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन की टीमें शामिल हैं। आयोजन को भव्य बनाने के लिए बॉलीवुड अभिनेता एवं सांसद शत्रुघ्न सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे, जबकि दिग्गज क्रिकेटर हरभजन सिंह, आशीष नेहरा और जहीर खान की उपस्थिति इसे और भी आकर्षक बनाएगी। उद्घाटन समारोह में प्रसिद्ध संगीतकार अमित गुप्ता अपनी रंगारंग प्रस्तुति देंगे, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। निरीक्षण के उपरांत धीरज प्रसाद साहू ने आयोजन समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि इस टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य स्थानीय खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच प्रदान करना है, जिससे वे अपनी प्रतिभा निखारकर क्रिकेट जगत में अपनी पहचान बना सकें।

## शिव बारात व झांकी के साथ आयोजित हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम



**सेन्हा-लोहरदगा।** महाशिवरात्रि के पवन अवसर पर शिव भक्तों द्वारा आयोजित किया गया.बुधवार को प्रखंड क्षेत्र में शिव बारात व झांकी के साथ महाशिवरात्रि सम्पन्न हुआ.वही भक्तों द्वारा विभिन्न मंदिरों व शिवालयों में भगवान शंकर और माता पार्वती का पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि और वैभव के लिये कामना किया गया.प्रखंड क्षेत्र के चंदवा गढ़गांव में महाशिवरात्रि पर रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया.वही जगह जगह कीर्तन मंडलियों द्वारा कृतन कार्यक्रम का आयोजन किया गया.तो कही पर कलाकारों ने भक्तों को सारी रात झूमने को विवश कर दिया.गौरतलब हो कि सेन्हा प्रखंड मुख्यालय प्रांगण स्थित डिपु के समीप से शिवभक्तों द्वारा ब्रम्हा,शिव,पार्वती एवं भूत पिचाश की झांकी व बरात गाजे बाजे के साथ समस्त ग्रामीणों के सहयोग से निकाला गया.जो जोगना मोड़ स्थित शिवालय में विधिवत विवाह प्रसाद वितरण के साथ सम्पन्न हुआ.जिसे शिव बारात का जोगना ग्रामवासियों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया. चंदवा गढ़गांव में आयोजित सांस्कृति कार्यक्रम में भगवान भोलेनाथ का भजन व नागपुरी गीत संगीत में कलाकारों द्वारा भक्तों को नाचने झूमने में मजबूर कर दिया.मौके पर सैकडों बच्चे बूढ़े और महिला पुरुष भक्तजन उपस्थित थे।

## भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु ने विहिप के नवमनोनित अध्यक्ष रितेश कुमार को दी बधाई



**लोहरदगा।** विश्व हिंदू परिषद लोहरदगा के नवमनोनित अध्यक्ष रितेश कुमार के घर पहुँचकर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु के साथ साथ जिला युवा मोर्चा के बाल्मीकि साहू, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष मिथुन तामेड़ा ने रितेश कुमार को अंगवस्त्र ओढ़ाकर विहि॰ जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई दी तथा उन्होंने कहा कि आशा है रितेश कुमार के विहि॰ अध्यक्ष बनने पर पूरा जिला में सनातन समाज एकसूत्र में बंधेगा और सनातन एकता को मजबूती मिलेगी। रितेश कुमार समाज हित में काम करते रहने वाले एक सशक्त व कर्तव्यपरायण व्यक्तित्व के धनी है। ये यदि किसी संगठन को आगे बढ़ाने का दायित्व लेते है तो फिर अपना 100 प्रतिशत समर्पण देकर संगठन का मजबूती के लिये काम करते हैं। उम्मीद है इनके अगुवाई में जिला में सम्पूर्ण सनातन समाज एकजुट होगी और सनातन समाज को आगे बढ़ाने में पूरा साथ देगी।

## कोरोमिया एवं ताराबोगा पंचायत के कई गांव में झामुमो द्वारा चलाया सदस्यता अभियान

**बोलंबा ।** झामुमो सिमडेगा जिला संयोजक प्रमुख अनिल कंडुलना के नेतृत्व में गुरुवार को प्रखंड के कई पंचायत एवं गांव का दौरा किया गया और सदस्यता अभियान चलाया गया। अनिल कांडुलना ने नये सदस्यो से अपील करते हुए कहा की आप लोग गांव गांव जाकर लोगों को पार्टी की नीति व सिद्धांत के बारे में बतायें तथा उन्हें पार्टी से जोड़ें,और झारखण्ड सरकार के योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को दें इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला संयोजक मंडली प्रमुख अनिल कांडुलना, पंचायत उपाध्यक्ष सुशील तिर्की के अलावा भारी संख्या में प्रखंड के कोरोमिया एवं ताराबोगा पंचायत के झामुमो कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

## कमिटी पुनर्गठन को लेकर झामुमो की बैठक हुई



**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो / लोहरदगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय कमिटी व जिला संयोजक मण्डली के निदेर्शानुसार गुरुवार को प्रखण्ड के कैरो मुहर्रम मेला टांड में प्रखंड कमिटी पुनर्गठन को लेकर कार्यकर्ताओ की बैठक हुई। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी ने झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के नीति सिंद्धान्तों की जानकारी देते हुए कहा कि पार्टी सन्गठन से जुड़कर पार्टी संगठन के हित मे कार्य करें।पार्टी संगठन में पद लेना मकसद नही होना चाहिये बल्कि सेवा का भवना होनी चाहिये जनसेवा ही हमारा लक्ष्य होनी चाहिये सभी मिलजुलकर पार्टी संगठन की हित मे कार्य करें तथा सरकार के जनकल्याँकरी योजनाओ का लाभ जन जन तक पहुंचाने का काम करें।बैठक में सर्वसम्मति से प्रखण्ड कमिटी के अध्यक्ष के लिये मो सजाद, सचिव धनपत उरांव,सह सचिव संजीव शुक्ला व सदस्य के लिये मतलूब अंसारी, राजकिशोर उरांव, मंजुल अंसारी, सकील अंसारी का नाम चयन किया गया जिसे सर्वसम्मति से पारित करते हुए जिला संयोजक मण्डली को अग्रसारित किया गया। मौके पर सभी पंचयात पंचायतों के अध्यक्ष सचिव और सर्वसम्मति से नव प्रस्तावित प्रखंड अध्यक्ष, सचिव व अन्य पदाधिकारियों का स्वागत अतिथियों द्वारा पार्टी का पट्टा पहनाकर किया गया। मौके पर अंगनु उरांव, अशोक पहान, रतिया उरांव, सनुप ठाकुर, सबिता उरांव, आदि उपस्थित थे।

## वाटरशेड अवेयरनेस रथ को उपायुक्त सिमडेगा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना

**सिमडेगा।** जलछालन मिशन के तहत समाहरणालय परिसर से वाटरशेड अवेयरनेस रथ को उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रवि किशोर राम, भूमि संरक्षण पदाधिकारी मो. दानिश मिराज, तकनीकी विशेषज्ञ पदाधिकारी सुभाष कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। जिसका मुख्य उदेश्य मिटटी-जलसंरक्षण और वाटरशेड संरचनाओं के विकास के प्रति आम जन को जागरूक करना है एवं विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन कर जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक ग्रामीणों तक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना - वाटरशेड विकास 2.0 परियोजना की उपयोगिता, किये गये कार्यों इनके परिणामों और इनसे ग्रामीणों को प्राप्त हुए लाभ के संदर्भ में जागरूकता एवं सहभागिता को बढ़ाना है।

## आदिवासी समाज के विकास में बारह पड़हा का योगदान सराहनीय : राधा तिर्की

-जिला परिषद सदस्य द्वारा बारह पड़हा बेल राजा दिवान कोटवार सदस्य को सम्मानित किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी विद्यालय सेन्हा के मैदान में बारह पड़हा बेल शिव चरण उरांव की अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजन किया गया.आयोजित सम्मान समारोह में बारह पड़हा बेल से लेकर सदस्य तक को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की द्वारा आदिवासी समाज के बारह पड़हा के अगुवाओं को साल कर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया.वही जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि बारह पड़हा का आदिवासी समाज का विकास के लिये सराहनीय योगदान है। जिसे बारह पड़हा बेल सेन्हा द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जो कि ये समाज का एक परम्परा है। इसके तहत प्रति दिन माह में अलग अलग पड़हा द्वारा समाज में चेतना लाने के उद्देश्य से गांव गांव में सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा. साथ ही उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के स्वतंत्र कानून पेशा एक्ट को झारखंड सहित पूरे देश में संविधान के अधीन लागू कराने की मांग किया जायेगा.पेशा कानून 1996 आदिवासियों का हित में है.जिसे लागू कराकर अपनाया जायेगा.जिप सदस्य द्वारा लोगों को सम्बोधित करते हुए पड़हा द्वारा शादी विवाह में दहेज नहीं लेने,आपसी छोटे छोटे विवाद को सुलझाने और खेती बटवारा के साथ साथ बेटियों का हक अधिकार कर्तव्य के साथ साथ समाजिक रिश्ते को अपनाने का अपील किया गया। साथ ही आदिवासी सभ्यता सांस्कृतिक परंपरा के साथ जुड़े रहने और नुकसान पहुंचाने वालों से सतर्क रहने बच्चे बच्चियों को शिक्षा देने के लिये भी अपील किया गया.तथा गांव में रह कर खेती बारी कर आर्थिक उन्नति करने पलायन से बचने के लिये लोगों से अनुरोध किया गया। गांव में अपराध से बचने के लिये कहा कि दुष्कर्म, हत्या, चोरी लुट को थाने में पहुंच कर सूचना देने के लिये कहा गया। मौके पर विनोद उरांव,अनिल उरांव, चैतू उरांव, शिव चरण उरांव, दुखिया उरांव,गंगा उरांव समेत आदिवासी समाज के सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

### उपायुक्त की अगुवाई में जिलास्तरीय विकास समन्वय की बैठक हुई, दिए निर्देश

## पीएमजनमन योजना में लाभुकों के आधार कार्ड का वेरिफिकेशन चार दिनों के अंदर पूर्ण करे

- कुडू-घाघरा पथ के चौड़ीकरण व सुदृढ़िकरण, लोहरदगा बाईपास पथ समेत अन्य पथों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में विकास समन्वय की बैठक हुई। बैठक में सभी विभागों की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश पदाधिकारियों को दिये गये। मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, प्रति गांव में संचालित योजनाओं की संख्या, बिरसा सिंचाई कूप में लक्ष्य व उपलब्धि, एरिया अफसर एप में इंट्री आदि बिंदुओं की समीक्षा की गई। बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य में उपलब्धि पर असंतोष व्यक्त किया गया और दो माह में निर्माण कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध स्वीकृत किये गये योजनाओं की संख्या को बढ़ाने का निर्देश दिया गया। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि आवास योजनाओं में डुप्लिकेसी को दूर करें और प्रतिवेदन दें। पीएमजनमन योजना में लाभुकों के आधार कार्ड का वेरिफिकेशन चार दिनों के अंदर पूर्ण करने का निर्देश परियोजना पदाधिकारी, यूआईडी, कोषांग को दिया गया। बैठक में आवास प्लस सर्वे 2.0 और अबुआ आवास योजना की भी समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत पूर्ण प्रतिरक्षा और पूर्ण प्रतिरक्षण की स्थिति, सर्पदंश और रेबीज के टीके की उपलब्धता की समीक्षा की गई। आइटीडीए विभाग अंतर्गत प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना 2024-25, साइकिल वितरण योजना की स्थिति की समीक्षा की गई। पुंदाग नदी में उच्च स्तरीय पुल निर्माण में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त किया गया और आवश्यक निर्देश अभियंता, आरईओ को दिये गये। भू-अर्जन विभाग अंतर्गत कुडू-घाघरा पथ के चौड़ीकरण व सुदृढ़िकरण, लोहरदगा बाईपास पथ समेत अन्य पथों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई। डीएमएफटी अंतर्गत प्राप्त राशि और उपलब्ध राशि की समीक्षा की गई। साथ ही, डीएमएफटी प्रभारी को विज्ञान भवन, लोहरदगा में संचालित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु शिक्षक की व्यवस्था केंद्र में कराये जाने का निदेश दिया गया। सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक को एक सप्ताह के अंतर्गत मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के लाभुकों के सत्यापन का कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, डीटीओ, जिला पंचायती राज पदाधिकारी,सभी विभागों के पदाधिकारी, मनरेगा परियोजना पदाधिकारी, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखण्ड समन्वयक समेत अन्य उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत आठ मार्च को होगा विभिन्न मामलों का निपटारा

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार व्यवहार न्यायालय (कचहरी), लोहरदगा के प्रांगण में दिनांक 08.03.2025 (शनिवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जायेगा। जिसमे सुलह योग्य आपराधिक वाद, एनआई एक्ट धारा 138 से संबंधित वाद (चेक अनादर के केस), मोटर-दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद , पारिवारिक/वैवाहिक वाद, श्रम विवाद , भूमि अधिग्रहण संबंधित विवाद, सिविल वाद, किराया आदि से संबंधित वाद, बैंक रिकवरी से संबंधित वाद , राजस्व वाद , मनरेगा , बिजली बिल और पानी बिल से संबंधित वाद , बिक्री कर, वाणिज्य कर एवं आयकर से संबंधित वाद, सेवा से संबंधित वाद , वन विभाग से संबंधित वाद, उत्पाद से संबंधित वाद, सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, विविध अपील आदि से संबंधित वाद, नीलाम वाद, दाखिल खारिज मामले समेत अन्य मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है। इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस पर पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:30 बजे तक लोहरदगा व्यवहार न्यायालय (कचहरी) में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के कार्यालय में आकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा (मोबाइल नंबर 9431318932) से संपर्क कर सकते हैं। उक्त जानकारी सचिव, डालसा, लोहरदगा राजेश कुमार द्वारा दी गयी।

## चोरों ने जीना किया हराम, सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे हैं सवाल

**बसिया(गुमला)।** बसिया में चोरों ने आम लोगों का जीना दुभर कर दिया है। अभी चौबीस घंटे भी नहीं बीते हैं जब चोरों ने एक व्यापारी पर जानलेवा हमला करते हुए को न केवल बुरी तरह से घायल कर दिया बल्कि पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब भी हो गए। यह मामला गत मंगलवार की रात का है जबकि बुधवार की रात एक ज्वेलर्स की दुकान को चोरों ने पूरी तरह से साफ कर दिया। बताते चलें कि विगत छः माह से चोरी की घटनाओं में बेतरतीब बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। दुर्भाग्यवश चोरी की सभी घटनाएं बाजार के संवेदनशील जगहों पर हुई हैं और इससे आम लोगों के साथ साथ व्यापारी वर्ग काफी दहशत में है। इन मामलों में दुस्साहस का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि गत छः महिनों पहले पच्चीस लाख रूपयों सहित चोरों ने एसबीआई का एटीएम उठा कर चंपत हो गए। इतना ही नहीं एसबीआई की शाखा के पास से एक पिक अप वैन, बोलेरो और ट्रक की चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं।

### भाजपा संगठनात्मक चुनाव को लेकर चुनाव प्रभारी ने किया बैठक

## गठित बूथ कमिटी की हुई समीक्षा छह मार्च से होंगे मंडल अध्यक्ष के चुनाव

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में गुरुवार को जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में संगठनात्मक चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक की गई। जिसमे चुनाव पर्यवेक्षक सह पूर्व सिमरिया विधायक किसुन दास एवम चुनाव अधिकारी सह किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मुख्य रूप से उपस्थित थे।बैठक में सभी मंडलो में हो चुके बूथ स्तरीय नयी कमिटी की समीक्षा करते हुए पारित किया गया। चुनाव अधिकारी ने सभी मंडलो में कमिटी का चुनाव 6 से 9 मार्च तक कर लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। इस पार्टी में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है। एक छोटा कार्यकर्ता भी अपने मेहनत लगन व पार्टी निष्ठा से किसी भी पद को प्राप्त कर सकता है।उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है।माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विश्वशनियता के कारण जन जन की पार्टी बन चुकी है।मोदी जो कहते है वह एक सौ प्रतिशत पूरा करते है। चुनाव पर्यवेक्षक किसुन दास ने कहा कि भाजपा का संगठनात्मक चुनाव में अनुशासन है।जो भी पदाधिकारी बनेंगे पूरी लगन से संगठन को आगे बढ़ाएंगे। कहा कि सभी कार्यकर्ता पार्टी के सच्चे सिपाही है जिनकी बदौलत आज पार्टी केंद्र समेत 20 राज्यो में भाजपा एवं एनडीए की सरकार चल रही है।श्री दास ने कहा कि लोहरदगा में हम चुनाव हारे है हिम्मत नही। हम लगातार जन सेवा में जुटे रहेंगे और आने वाले चुनाव में सांसद और विधायक बनाएंगे।जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि झूठे वादे के बल पर हेमन्त जी की ठगबंधन की सरकार तो बन गयी परन्तु लोग त्राहिमाम कर रहे है। लोग पूछ रहे है गैस के दाम कब कम होंगे बहनों के खाते में कब 2500 रु जमा होंगे। गर्मी की शुरूवात में ही पेयजल की समस्या से लोग परेशान होने लगे है। बालू की समस्या से आशियाना बनाने वाले लोग परेशान है।उन्होंने कहा कि एक बार फिर झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और लोगो को समस्या से निजात मिलेगी जैसा कि दिल्ली में हो रहा है। मौके पर सह चुनाव प्रभारी बिंदेश्वर बेक, बालकृष्णा सिंह, ओम सिंह, राजकिशोर महतो, हर्षनाथ महतो, जगनन्दन पौराणिक, अनिल उराँव सामेला भगत, संजय प्रसाद,विवेक चौहान, विवेक सोनी, सचिन कुमार, राजेन्द्र महतो,जगरनाथ राम,सुरेश बैठा,सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### शोक सभा का आयोजन

गुमला जिला के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश गोयल के निधन पर जिला कार्यालय में शोकसभा का आयोजन कर गहरी सवेंदना प्रगट की गई एवम उनकी आत्मा की शांति व परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने हेतु दो मिनट मौन रह कर ईश्वर से प्रार्थना की गई।

# महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर शिव-पार्वती विवाह का किया गया भव्य आयोजन





**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** शिवरात्रि पर सिसई प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में प्रातः काल से ही श्रद्धालुगण जलाभिषेक करते नजर आए। वहीं आस्था का केन्द्र माने जाने वाले सिसई प्रखण्ड मुख्यालय से आठ किलोमीटर की दूरी पर नगर में स्थित बाबा कपिलनाथ देव मंदिर व दस किलोमीटर की पर मुर्गू में स्थित चिरैयाधाम में भक्तों का तांता लगा रहा। जहां भारी भीड़ देखने को मिला। सिसई में थाना रोड पर स्थित शिवमन्दिर से संध्या सात बजे शिवबारात का भव्य रूप से झांकी निकाला गया।

बारात में शामिल हजारों शिव भक्त झूमते नाचते हुए थाना रोड शिवमन्दिर के प्रांगण से थाना चौक, बसिया मोड़, मेन रोड होते हुए सिसई प्रखण्ड मुख्यालय पहुंचे। जहां पर शिवबारातियों का भव्य रूप से स्वागत किया गया। तत्पश्चात रांची से आए हुए आरम्भ इवेंट के द्वारा दमयंती ग्रुप के कलाकारों सिम्मी गोस्वामी, रूपाली बनर्जी, सीमिता घोष के द्वारा शिवपार्वती जयमाला व विवाह का नाट्य मंचन कार्यक्रम हुआ। जिसमें हजारों शिव भक्त शिवपार्वती विवाह का गवाह बने। वहीं कलाकारों द्वारा सनातन धर्म के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए एक से बढ़कर एक धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कि गई । जिसमें राजा दक्ष के द्वारा भगवान भोलेनाथ को यज्ञ में न बुलाना। जिससे माता सती का रूष्ट होकर यज्ञ में सती हो जाना नाट्य मंचन का मुख्य आकर्षण रहा। हजारों शिवभक्तों ने इस कार्यक्रम का आनन्द उठाया और भाव विभोर हो गए। वहीं शिवभक्तों के लिए भंडारे में खीर, पूड़ी सब्जी व्यंजन का व्यवस्था किया गया था।

## बाबा विश्वनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर भव्य पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन



**पालकोट (गुमला)।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर पालकोट के गांधी नगर स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर में भव्य शिव-परिवार पूजन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान शंकर और माता पार्वती की आराधना की। इस पावन अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और सेवा कार्यों में सहयोग दिया। पूरा मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा, और भक्तों ने दिन-रात शिव भक्ति में लीन होकर पूजन-अर्चन किया। इस आयोजन को सफल बनाने में गांधी नगर शिव मंदिर समिति के प्रमुख सदस्य केदार प्रसाद, जतिन बड़ाइक, सैम बड़ाइक, सुखविंदर सिंह, राहुल साहू, अमन साहू, राजा ठाकुर, कन्हैया महतो, मनोज प्रसाद, रवि महतो, जीतू साहू, अशोक साहू, छोटेलाल साहू, रणजीत साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत डाटा ऑपरेटर प्रशिक्षण का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**



**चैनपुर।** गुरुवार को सी-समवाय, चैनपुर 32वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत 25 दिवसीय डाटा ऑपरेटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप जलाकर संयुक्त रूप से शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम कौशल विकास भवन में आयोजित किया गया और इसका संचालन 27 फरवरी से 24 मार्च 2025 तक किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में चैनपुर प्रखंड के विभिन्न गाँवों के 25 युवा और युवतियाँ भाग ले रहे हैं।उद्घाटन समारोह में रीना हसदा आईएस जिला परियोजना निदेशक, गुमलाअतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि 32वीं वाहिनी एसएसबी कमांडेंट राजेश सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में एसडीपीओ आईपीएस ललित मीना, बीडीओ यादव बैठा, सीओ दिनेश कुमार गुप्ता, और मुखिया सुशील दीपक मिंज, शोभा देवी भी मौजूद रहे।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं को व्यावसायिक दक्षता प्रदान करना और उन्हें रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने समुदाय के विकास में योगदान दे सकें। बीडीओ श्री यादव बैठा ने कहा कि हर व्यक्ति को नौकरी नहीं मिल सकती, इसलिए आप सभी को अपने हाथ मजबूत करने चाहिए और आत्मनिर्भर बनना चाहिए। सीओ दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि हमारा क्षेत्र में एसएसबी द्वारा जागरूकता फैलाई जा रही है, जो भी गलत रास्ते में हैं, उन्हें सही मार्ग पर लाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। आईटीडीए रीना हसदा ने कहा, यह आपके लिए एक सुनहरा अवसर है। इस प्रशिक्षण में आपको प्रमाणपत्र मिलेगा, और आपको कंप्यूटर सीखना बहुत जरूरी है। डिजिटल युग में, आपको शिक्षित होना आवश्यक है। चैनपुर एसडीपीओ ललित मीणा ने कहा, गुमला जिला अति उग्रवाद क्षेत्र है, इसलिए आप सभी को गलत रास्ते में नहीं जाना चाहिए। सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं और आत्मनिर्भर बनें। एसएसबी कमांडेंट राजेश सिंह ने प्रशिक्षण लेने वालों को प्रेरित करते हुए कहा, आप सभी साक्षरता की दुनिया में जुड़े रहकर अपने आस-पड़ोस के लोगों को जागरूक करें। इस कार्यक्रम से स्थानीय युवाओं में आत्मनिर्भरता और कौशल विकास की नई किरणें जगाने की उम्मीद की जा रही है।

# महुआ-चुलाई शराब के खिलाफ में छापामारी 50 लीटर अवैध शराब बरामद

**चैनपुर।** अधीक्षक उत्पाद विभाग गुमला के निर्देश पर चैनपुर थाना क्षेत्र में कटकाही, खोपाटोली और बाजार टाड चैनपुर में महुआ चुलाई शराब के खिलाफ एक प्रभावी छापामारी अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान उत्पाद पुलिस ने लगभग 50 लीटर अवैध महुआ चुलाई शराब बरामद की और पांच अभियुक्तों को हिरासत में लिया।गिरफ्तार अभियुक्तों में कटकाही से साजन मलार, विनिता देवी, स्पेश सिंह, और चैनपुर खोप टोली से भोला लोहरा एवं बाजार टाड से राजेश साहु शामिल हैं। घटनास्थल पर पुलिस ने 100 किलोग्राम जावा महुआ को भी नष्ट किया। यह कार्रवाई क्षेत्र में शराब के अवैध कारोबार पर नकेल कसने के उद्देश्य से की गई है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की छापामारियों का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को बनाए रखा जा सके और अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाई जा सके। स्थानीय निवासियों से अपील की गई है कि वे इस प्रकार के अवैध कारोबार की जानकारी साझा करें।

## अदिति कुमारी को यूजीसी नेट जेआरएफ की परीक्षा में आए 99.50 प्रतिशत

**सिसई (गुमला)।** रणजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा सिसई की पूर्व छात्रा व कार्तिक उरांव आदिवासी विद्यालय सिसई के सेवानिवृत शिक्षक उदयचंद देवघरिया की पुत्री अदिति कुमारी ने यूजीसी नेट जेआरएफ की परीक्षा में 99.50% सर्वोच्च अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। इन्होंने पहली परीक्षा में ही सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर अपने माता पिता व विद्यालय के साथ साथ पूरे सिसई प्रखण्ड का नाम रोशन किया है। जो हर एक छात्र छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी है। इन्होंने कड़ी मेहनत और अपनी प्रतिभा के बदौलत ये मुकाम हासिल की है। इनका मानना है कि अभिभावक एवं गुरुजनों के दिखाए हुए मार्ग पर चलते हुए। कड़ी मेहनत और एकाग्रता से हर एक मुकाम को हासिल किया जा सकता है। अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनों को देती है। अदिति कुमारी को विद्यालय के वंदना सभा में उनके इस उपलब्धि पर सम्मानित किया गया। साथ ही साइंस ओलंपियाड में जोनल लेवल पर गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले कक्षा अष्टम के भैया गौरव कुमार को गोल्ड मेडल का डिस्टिंक्शन तथा बहन शिवानी कुमारी को गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया।

## चैनपुर में दो मोटरसाइकिलों की जोरदार टक्कर, तीन लोग घायल, गुमला रेफर



**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के खम्हन के समीप स्थित तीखे मोड़ पर गंभीर सड़क दुर्घटना घटित हुई, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। घटना आज सुबह की है, जब बमदा निवासी सुरेंद्र उरांव और पवन उरांव अपनी मोटरसाइकिल पर बामदा से जामटोली पेट्रोल डलवाने जा रहे थे।विपरीत दिशा से आ रहे गौतम लोहरा सुखड़ी की मोटरसाइकिल से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों की मदद की। घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी अपनी टीम के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे।स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। लेकिन गौतम लोहरा और सुरेंद्र उरांव की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। चैनपुर के स्थानीय प्रशासन ने इस दुर्घटना के बाद सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे सड़क पर सावधानी बरतें और नियमों का पालन करें। प्रशासन का कहना है कि इस तरह की दुर्घटनाओं से बचने के लिए सभी को सतर्क रहना चाहिए और यातायात नियमों का पालन करना चाहिए।घटना के बाद इलाके में सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं, और स्थानीय लोग इस दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

# चला तंबाकू विरोधी सघन छापेमारी अभियान, कई विक्रेताओं पर हुई कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गुमला के नेतृत्व में आज 27 फरवरी 2025 को कोटपा 2003 के तहत पालकोट रोड, सिसई रोड और लोहरदगा रोड में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान निकोटिन और तंबाकू युक्त उत्पादों की अवैध बिक्री करते हुए कई विक्रेताओं को पकड़ा गया। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई और भविष्य में तंबाकू उत्पाद न बेचने की सख्त हिदायत दी गई।

**बिना लाइसेंस खाद्य व्यापार करने वालों को निर्देश, कल लगेगा विशेष शिविर**

छापेमारी के दौरान खाद्य व्यापार से जुड़े सभी विक्रेताओं को अनिवार्य रूप से खाद्य लाइसेंस बनवाने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में 28 फरवरी 2025 को सिविल सर्जन कार्यालय के सामने स्थित खाद्य सुरक्षा कार्यालय में विशेष खाद्य लाइसेंस शिविर आयोजित किया जाएगा, जहां व्यापारी अपने लाइसेंस बनवा सकते हैं।

**कोटपा एक्ट के तहत 1600 का जुमार्ना, प्रशासन ने की सख्त अपील**

अभियान के दौरान कोटपा एक्ट के तहत कुल 1600 का जुमार्ना लगाया गया। जिला प्रशासन ने सभी व्यापारियों से खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन करने और बिना लाइसेंस खाद्य व्यापार न करने की अपील की।

**अभियान में इन अधिकारियों की रही महत्वपूर्ण भूमिका**

इस सघन छापेमारी अभियान में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी लव कुमार गुप्ता, गुमला सदर थाना के एसआई, जिला तंबाकू निषेध सलाहकार वंदना, सूरज और प्रियांशु की अहम भूमिका रही।

जिला प्रशासन गुमला द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि भविष्य में भी इस तरह के छापेमारी अभियान जारी रहेंगे, और तंबाकू उत्पादों की अवैध बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## वीडियो दिनेश कुमार ने प्रखंड स्तरीय बैंकर समिति से की बैठक

**घाघरा (गुमला)।** वीडियो दिनेश कुमार, पवन कुमार,छउ्ट जिला प्रबंधक गुमला संयुक्त रूप से अध्यक्षता में अपराह्न 3:30 बजे से प्रखंड कार्यालय कक्ष में इछइउ प्रखंड स्तरीय बैंकर समिति की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में विभिन्न योजनाओं के विषय पर चर्चा की गयी जिनमे प्रमुख योजनाए निम्न प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना किसान क्रेडिट कार्ड स्वयं सहायता समूह के लोन से सम्बंधित आधार लिंक पर चर्चा की प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार ने शाखा प्रबंधकों को लाभुकों के खाता से आधार लिंक करने हेतु महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए ताकि पेंशन, आवास योजना एवं अन्य योजनाओं से संबंधित राशि उनके खाता में ससमय भुगतान हो सके। इनकी रही उपस्थित शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा,लेखा सहायक, मनरेगा एवं लेखपाल-सह-कंप्यूटर ऑपरेटर,आवास योजना उपस्थित थे।

## चिल्ड्रन एकेडमी में विद्यालय रन्हे में मनाया गया चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि

**घाघरा (गुमला)।** चिल्ड्रन एकेडमी प्लस टू उच्च विद्यालय रन्हे घाघरा में चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई गई । सर्वप्रथम चंद्रशेखर आजाद की तस्वीर पर फूलमाला चढ़ा कर श्रद्धांजलि देते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की गई । विद्यालय के संस्थापक सह प्राचार्य विजय साहू ने चंद्रशेखर आजाद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चंद्रशेखर आजाद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम प्रसिद्ध क्रांतिकारी थे। उन्होंने आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चंद्रशेखर आजाद का नाम सुनते ही ब्रिटिश कांप पर जाते थे ।

# धूमधाम से मनाई गई शिवरात्रि, हजारों की संख्या में शामिल हुए लोग

**नवीन मेल संवाददाता**





**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में बुधवार देर शाम शिवरात्रि का पर्व इस वर्ष भव्य धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने शिव बारात में भाग लिया और डीजे की धुन पर थिरकते नजर आए। सज रहे भोले बाबा, निराले हुए हैं... जैसे भक्ति गीतों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया।शिवरात्रि पूजा समिति द्वारा आयोजित भव्य शिव बारात प्रेमनगर से शुरू हुई, जो बस स्टैंड, शिव मंदिर, सोहन चौक, और एमएलए पीपल चौक होते हुए मेन रोड तक पहुंची। बारातियों का स्वागत दुर्गा मंदिर में बड़े धूमधाम से किया गया, जहां महिलाओं के मंडल द्वारा उन्हें फूल माला से सम्मानित किया गया। इस बारात में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था, जहां बच्चे से लेकर वृद्ध तक सभी ने इस धार्मिक उत्सव का आनंद लिया।बारात के दौरान, शिव-पार्वती की प्रतिमाओं को परिछावन कर मंडप तक लाया गया। इस बीच, प्रसिद्ध भजन गायक बनारसी से पीयूष पाठ के सात टिम ने भव्य गंगा आरती का आयोजन किया, जो उपस्थित भक्तों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बना। आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने एक साथ मिलकर ओम नमः शिवाय का उच्चारण किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, चैनपुर मुखिया शोभा देवी और मुनेश्वर सिंह उपस्थित रहे। शिवरात्रि पूजा समिति के सदस्यों ने उन्हें गमछा उड़ा कर सम्मानित किया, जो इस कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाता है।इस भव्य आयोजन में बारातियों और श्रद्धालुओं के लिए विशेष खाने-पीने का प्रबंध किया गया था। स्थानीय महिला मंडल ने विशेष रूप से इस कार्य में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे कार्यक्रम की सफलता में उनकी भागीदारी देखने को मिली।चैनपुर प्रखंड में शिवरात्रि का यह पर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं बना, बल्कि सामाजिक एकता और भावनाओं को भी प्रकट किया। इस पर्व ने लोगों को एकजुट करने और सामूहिकता के महत्व को दर्शाने का काम किया।इस प्रकार, चैनपुर में मनाई गई शिवरात्रि की यह भव्य उत्सव हर किसी के दिल में एक विशेष स्थान बनाएगी और अगले वर्ष के आयोजन का बेसब्री से इंतजार रहेगा। वही सुरक्षा को लेके चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर महेन्द्र करमाली,थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी, एसई अशोक कुमार,एएसई नंदकिशोर कुमार, वीके पाण्डेय सहित मैंजट्रेड सीई मुनेश्वर सिंह मौजूद थे।


झारखण्ड सरकार
कारा निरीक्षणालय
गृह, कारा एवं आपदा पबंधन विभाग, झारखंड
कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा, गढ़वा
E-Mail ID:- dj-garhwa@jharkhandmail.gov.in
jailsuperintendent.garhwa@gmail.com Phone No. 06561-222104

अति अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना
HJ AND DM/DJ GARHWA/Q-2/Anual-2025/291

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कारा का नाम | मंडल कारा, गढ़वा |
| 02 | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादि की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यानों, हरी सब्जियों, आलू, फल, एंव चीनी आपूर्ति के निमित्त ई0 निविदा का आमंत्रण। (1) द्वितीय त्रैमासिक ई0 निविदा दिनांक–01.04.2025 से 30.06.2025 तक। (2) वार्षिक ई0 निविदा दिनांक–01.04.2025 से 31.03.2026 तक। |
| 03 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | ₹ 5000.00 (पाँच हजार) मात्र (द्वितीय त्रैमासिक अवधि) । ₹ 5000.00 (पाँच हजार) मात्र (वार्षिक अवधि) । |
| 04 | बेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय। | दिनांक–08.03.2025, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–10.03.2025 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 05 | निविदा Online Upload करने की तिथि। | दिनांक–08.03.2025, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–10.03.2025 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 06 | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample)जमा करने की तिथि। | दिनांक–11.03.2025, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–16.03.2025 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 07 | अग्रधन राशि (EMD)(₹ 2500/–.से अधिक होने पर जमा करने की तिथि) (प्रत्येक अवधि अलग–अलग) | दिनांक–11.03.2025, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–16.03.2025 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 08 | निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक–18.03.2025, समय–पूर्वाह्न 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखंड सरकार की बेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, गढ़वा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online Upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No.-9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

विश्वासभाजन
काराधीक्षक, मंडल कारा, गढ़वा
PR.NO.347288 Police(24-25):D



पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना
( चोरी गई स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल रंग–काला )

गढ़वा थाना कांड सं0–31/2025 दिनांक–21.01.2025 धारा–303(2) बी0एन0एस0 2023 में चोरी गयी स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल (रंग–काला) जिसका रजि0 नं0–JH03AA0930 इंजन नं0–HA10AGLHA18647 एवं चेचिस नं0– MBLHAW083LHA14699 का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा
PR 347328 Police(24-25)#D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू, मेदिनीनगर

अति अल्पकालीन ई0निविदा आमंत्रण सूचना
ई0 निविदा संख्या–15/2024-25/RDD/NREP/PALAMAU

1. कार्य का नाम :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्रा0राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टी फिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम–कबरा कला सामुदायिक भवन से काडेना बर पेड़ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | हैदरनगर | 67.651 | 136000.00 | 10000.00 | 3 माह मात्र | 01/2024-25/EE/RDD/NREP/PALAMU |
| 2 | ग्राम कबरा खुर्द मेन रोड टांसफार्मर अबादगंज से अहमद के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | हैदरनगर | 57.904 | 116000.00 | 10000.00 | 3 माह मात्र | 02/2024-25/EE/RDD/NREP/PALAMU |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 03.03.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 10.03.2025 up to 5.00 PM बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 12.03.2025 पूर्वाहण 11.00 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम कार्यालय, मेदिनीनगर, पलामू।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 7004461384
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी जवाबदेही आपकी होगी।
09. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय, ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,
मेदिनीनगर, पलामू
PR 347296 NREP (24-25)_D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू मेदिनीनगर।
अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 13/2024-25

1. विभाग का नाम :– कार्यालय राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू
2. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–03.03.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक।
4. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू
5. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक–06.03.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–06.03.2025 को 3.00 बजे
7. निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू
8. कार्य की विस्तृत विवरणी। :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्रा0राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम–खाप में सिवाना नहर फाटक कामत होते हुए बचदूहर श्री शिव नन्दन ठाकुर के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | पांकी | 24.955 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 2 | ग्राम–नगड़ी में पीरीनाला पर पुलिया निर्माण। | पांकी | 24.831 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 3 | ग्राम–मेहन्दीनगर सिंचाई डीप बोर एवं सोलर पम्प सहित अधिष्ठापन कार्य। खाता–14, प्लौट–26 | हुसैनाबाद | 6.054 | 14000.00 | 1250.00 | 3 माह |
| 4 | ग्राम–पथरा कला में अहार मोड़ से सिमर पेड़ भाग–1 तक पेवर ब्लौक का निर्माण। | पांकी | 24.864 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 5 | ग्राम–पथरा कला में उत्कमित प्राथमिक विघालय का शौचालय, सेपटिक टैक, किचन शेड, फैन्सींग वायर तथा गेट निर्माण। | पांकी | 13.856 | 28000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 6 | ग्राम–पथरा कला में उत्कमित प्राथमिक विघालय भवन का विधुतीकरण एवं पी0एच0डी0 का कार्य। निर्माण। | पांकी | 22.755 | 46000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 7 | ग्राम पथरा मेन रोड से गौतम कुमार के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | हुसैनाबाद | 9.888 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |

निविदा की शर्तें:–
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –7004461384
10. निविदा शुल्क:– किसी भी S.B.I. बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू के पक्ष में मेदिनीनगर में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
11. निविदादाता को UCAN Registration अनिवार्य हैं।
12. निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत योजना कार्य पूर्ण करने के इच्छुक संवेदक ही निविदा में भाग लें।
13. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू
PR 347295 NREP(24-25)D

**सुप्रभात**

विचार प्रवाह

प्रभु से यह कहना कि हमें कुछ चाहिए अनुचित नहीं है, किंतु यह और अधिक विश्वास दर्शाता है यदि हम केवल इतना ही कहें परमपिता! मैं जानता हूँ कि आपको मेरी हर आवश्यकता का पहले से ही पता है। अपनी इच्छानुसार आप मेरा निर्वाह करें। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

## महाकुंभ विशाल आयोजन बड़ी सीख

महाकुंभ में जितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया विश्व में इतने विशाल जनसमूह को आकर्षित एवं नियोजित करने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन का कोई दूसरा उदाहरण नहीं। इस ऐतिहासिक आयोजन के आयोजन और कमियों पर राजनीति अब होगी ही। टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी ने महाकुंभ को मृत्युकुंभ कहा तो सपा सांसद जया बच्चन एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि शवों को गंगा में बहा दिया गया, लालू यादव कहते हैं फालतू है महाकुंभ। सोशल मीडिया में ऐसे एवं कुछ अन्य विपक्षी नेताओं के भ्रामक, त्रासद एवं गुमराह करने वाले बयानों से वहां जाने वाले लोगों को भयभीत, आतंकित और आशंकित किया गया। इन विपक्षी नेताओं का एक वर्ग, धर्म का मखौल एवं उपहास उड़ाते हुए लोगों को तोड़ने में जुटा है और बहुत बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती दिखती हैं। यह समझ आता है कि कुछ तथाकथित प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्षतावादी लोगों को सनातन धर्म से जुड़ा हर पर्व और परंपरा रास नहीं आती, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या वे अन्य मतावलंबियों के ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों पर उसी तरह की टीका टिप्पणी कर सकते हैं? प्रयागराज महाकुंभ 2001, इस सहस्त्राब्दी का पहला कुंभ था, जो एक दुर्लभ खगोलीय संयोग के चलते 144 साल बाद हुआ है। जिसमें लगभग 62 करोड़ से अधिक लोगों के स्नान, रहने, चिकित्सा, यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता और सुरक्षा की शानदार एवं ऐतिहासिक व्यवस्थाएं करके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने न केवल देश बल्कि दुनिया को चौंकाया है। यह दुनिया का पहला विशाल आयोजन है, जिससे भारत एवं सनातन धर्म का गर्व एवं गौरव दुनिया में बढ़ा है। मध्यप्रदेश के छतरपुर में बागेश्वर धाम मेडिकल एवं साइंस रिसर्च सेंटर की आधारशिला रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ का उल्लेख करते हुए जिस तरह कुछ विपक्षी नेताओं पर निशाना साधा, उसकी आवश्यकता इसलिए थी, क्योंकि कुछ लोग वास्तव में अनावश्यक और अनर्गल टीका-टिप्पणी करने में लगे हुए हैं। पुरानी कहावत है, मियाँ को न पाऊँ तो बीवी को नोच खाऊँ वाली स्थिति विपक्षी नेताओं एवं दलों की हो चुकी है। इसे छिद्रान्वेषी मानसिकता ही कहा जाएगा। इस प्रकार की उद्देश्यहीन, अनर्गल, उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक आलोचना से किसी का हित सधता हो, ऐसा प्रतीत नहीं होता। विपक्षी नेता अपने नजरिए को बदलें और देश में नफरत और झूठ की राजनीति करके भ्रम फैलाने की ओछी राजनीतिक हरकतों से बाज आएं। विपक्ष जिस भाषा का प्रयोग कर रहा है, वह किसी भी सभ्य समाज को शोभा नहीं देती। विपक्षी नेताओं ने सारी हदें लांघते हुए जो तुलनाएँ की, जो अनर्गल प्रलाप किया है वह निश्चित रूप से अतिरेक या अतिशयोक्ति कही जा सकती हैं। प्रतीत होता है हर दिखते समर्पण की पीठ पर स्वार्थ चढ़ा हुआ है। इसी प्रकार हर अभिव्यक्ति में कहीं न कहीं स्वार्थ की राजनीति है, सत्तापक्ष को नुकसान पहुंचाने की ओछी मनोवृत्ति है।कुछ विपक्षी नेताओं ने चुन-चुनकर इस आयोजन की समस्याओं को गिनाने में अतिरिक्त दिलचस्पी दिखाई और इस क्रम में वहां मची भगदड़ का जिक्र करते हुए यहां तक कहा कि उसमें हजारों लोगों की मृत्यु हुई है। यह गैरजिम्मेदारी, मानसिक दिवालियापन एवं अपरिपक्व सोच के अतिरिक्त और कुछ नहीं।

*ऐतिहासिक आयोजन के आयोजन और कमियों पर राजनीति अब होगी ही।*

# एकता का महाकुंभ, युग परिवर्तन की आहट

महाकुंभ संपन्न हुआ...एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वो सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा। 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैंने देवभक्ति से देशभक्ति की बात कही थी। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे, और हमने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया। ये महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी। तीर्थराज प्रयाग के इसी क्षेत्र में एकता, समरसता और प्रेम का पवित्र क्षेत्र श्रृंगवेरपुर भी है, जहां प्रभु श्रीराम और निषादराज का मिलन हुआ था। उनके मिलन का वो प्रसंग भी हमारे इतिहास में भक्ति और सद्भाव के संगम की तरह ही है। प्रयागराज का ये तीर्थ आज भी हमें एकता और समरसता की वो प्रेरणा देता है। बीते 45 दिन, प्रतिदिन, मैंने देखा, कैसे देश के कोने-कोने से लाखों-लाख लोग संगम तट की ओर बढ़े जा रहे हैं। संगम पर स्नान की भावनाओं का ज्वार, लगातार बढ़ता ही रहा। हर श्रद्धालु बस एक ही धुन में था- संगम में स्नान। मां गंगा, यमुना, सरस्वती की त्रिवेणी हर श्रद्धालु को उमंग, ऊर्जा और विश्वास के भाव से भर रही थी। प्रयागराज में हुआ महाकुंभ का ये आयोजन, आधुनिक युग के मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए, प्लानिंग और पॉलिसी एक्सपर्ट्स के लिए, नए सिरे से अध्ययन का विषय बना है। आज पूरे विश्व में इस तरह के विराट आयोजन की कोई दूसरी तुलना नहीं है, ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है।

पूरी दुनिया हैरान है कि कैसे एक नदी तट पर, त्रिवेणी संगम पर इतनी बड़ी संख्या में करोड़ों की संख्या में लोग जुटे। इन करोड़ों लोगों को ना औपचारिक निमंत्रण था, ना ही किस समय पहुंचना है, उसकी कोई पूर्व सूचना थी। बस, लोग महाकुंभ चल पड़े...और पवित्र संगम में डुबकी लगाकर धन्य हो गए। मैं वो तस्वीरें भूल नहीं सकता...स्नान के बाद असीम आनंद और संतोष से भरे वो चेहरे नहीं भूल सकता। महिलाएं हों, बुजुर्ग हों, हमारे दिव्यांग जन हों, जिससे जो बन पड़ा, वो साधन करके संगम तक पहुंचा। और मेरे लिए ये देखना बहुत ही सुखद रहा कि बहुत बड़ी संख्या में भारत की आज की युवा पीढ़ी प्रयागराज पहुंची। भारत के युवाओं का इस तरह महाकुंभ में हिस्सा लेने के लिए आगे आना, एक बहुत बड़ा संदेश है। इससे ये विश्वास दृढ़ होता है कि भारत की युवा पीढ़ी हमारे संस्कार और संस्कृति की वाहक है और इसे आगे ले जाने का दायित्व समझती है और इसे लेकर संकल्पित भी है, समर्पित भी है।



इस महाकुंभ में प्रयागराज पहुंचने वालों की संख्या ने निश्चित तौर पर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। लेकिन इस महाकुंभ में हमने ये भी देखा कि जो प्रयाग नहीं पहुंच पाए, वो भी इस आयोजन से भाव-विभोर होकर जुड़े। कुंभ से लौटते हुए जो लोग त्रिवेणी तीर्थ अपने साथ लेकर गए, उस जल की कुछ बूंदों ने भी करोड़ों भक्तों को कुंभ स्नान जैसा ही पुण्य दिया। कितने ही लोगों का कुंभ से वापसी के बाद गांव-गांव में जो सत्कार हुआ, जिस तरह पूरे समाज ने उनके प्रति श्रद्धा से सिर झुकाया, वो अविस्मरणीय है। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो बीते कुछ दशकों में पहले कभी नहीं हुआ। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो आने वाली कई-कई शताब्दियों की एक नींव रख गया है। प्रयागराज में जितनी कल्पना की गई थी, उससे कहीं अधिक संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंचे। इसकी एक वजह ये भी थी कि प्रशासन ने भी पुराने कुंभ के अनुभवों को देखते हुए ही अंदाजा लगाया था। लेकिन अमेरिका की आबादी के करीब दोगुने लोगों ने एकता के महाकुंभ में हिस्सा लिया, डुबकी लगाई।

आज की **बात**



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

आध्यात्मिक क्षेत्र में रिसर्च करने वाले लोग करोड़ों भारतवासियों के इस उत्साह पर अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि अपनी विरासत पर गौरव करने वाला भारत अब एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। मैं मानता हूं, ये युग परिवर्तन की वो आहट है, जो भारत का नया भविष्य लिखने जा रही है। साथियों, महाकुंभ की इस परंपरा से, हजारों वर्षों से भारत की राष्ट्रीय चेतना को बल मिलता रहा है। हर पूर्णकुंभ में समाज की उस समय की परिस्थितियों पर ऋषियों-मुनियों, विद्वत् जनों द्वारा 45 दिनों तक मंथन होता था। इस मंथन में देश को, समाज को नए दिशा-निर्देश मिलते थे।

इसके बाद हर 6 वर्ष में अर्धकुंभ में परिस्थितियों और दिशा-निर्देशों की समीक्षा होती थी। 12 पूर्णकुंभ होते-होते, यानि 144 साल के अंतराल पर जो दिशा-निर्देश, जो परंपराएं पुरानी पड़ चुकी होती थीं, उन्हें त्याग दिया जाता था, आधुनिकता को स्वीकार किया जाता था और युगानुकूल परिवर्तन करके नए सिरे से नई परंपराओं को गढ़ा जाता था। 144 वर्षों के बाद होने वाले महाकुंभ में ऋषियों-मुनियों द्वारा, उस समय-काल और परिस्थितियों को देखते हुए नए संदेश भी दिए जाते थे। अब इस बार 144 वर्षों के बाद पड़े इस तरह के पूर्ण महाकुंभ ने भी हमें भारत की विकासयात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया है। ये संदेश है- विकसित भारत का।

जिस तरह एकता के महाकुंभ में हर श्रद्धालु, चाहे वो गरीब हों या संपन्न हों, बाल हो या वृद्ध हो, देश से आया हो या विदेश से आया हो, गांव का हो या शहर का हो, पूर्व से हो या पश्चिम से हो, उत्तर से हो दक्षिण से हो, किसी भी जाति का हो, किसी भी विचारधारा का हो, सब एक महायज्ञ के लिए एकता के महाकुंभ में एक हो गए। एक भारत-श्रेष्ठ भारत का ये चिर स्मरणीय दृश्य, करोड़ों देशवासियों में आत्मविश्वास के साक्षात्कार का महापर्व बन गया। अब इसी तरह हमें एक होकर विकसित भारत के महायज्ञ के लिए जुट जाना है। साथियों, आज मुझे वो प्रसंग भी याद आ रहा है जब बालक रूप में श्रीकृष्ण ने माता यशोदा को अपने मुख में ब्रह्मांड के दर्शन कराए थे। वैसे ही इस महाकुंभ में भारतवासियों ने और विश्व ने भारत के सामर्थ्य के विराट स्वरूप के दर्शन किए हैं। हमें अब इसी आत्मविश्वास से एक निष्ठ होकर, विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए आगे बढ़ना है।

भारत की ये एक ऐसी शक्ति है, जिसके बारे में भक्ति आंदोलन में हमारे संतों ने राष्ट्र के हर कोने में अलख जगाई थी। विवेकानंद हों या श्री ऑरोबिंदो हों, हर किसी ने हमें इसके बारे में जागरूक किया था। इसकी अनुभूति गांधी जी ने भी आजादी के आंदोलन के समय की थी। आजादी के बाद भारत की इस शक्ति के विराट स्वरूप को यदि हमने जाना होता, और इस शक्ति को सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की ओर मोड़ा होता, तो ये गुलामी के प्रभावों से बाहर निकलते भारत की बहुत बड़ी शक्ति बन जाती। लेकिन हम तब ये नहीं कर पाए। अब मुझे संतोष है, खुशी है कि जनता जनार्दन की यही शक्ति, विकसित भारत के लिए एकजुट हो रही है। वेद से विवेकानंद तक और उपनिषद से उपग्रह तक, भारत की महान परंपराओं ने इस राष्ट्र को गढ़ा है। मेरी कामना है, एक नागरिक के नाते, अनन्य भक्ति भाव से, अपने पूर्वजों का, हमारे ऋषियों-मुनियों का पुण्य स्मरण करते हुए, एकता के महाकुंभ से हम नई प्रेरणा लेते हुए, नए संकल्पों को साथ लेकर चलें।

## बिहार की सत्ता किसका आहार बनेगी?

शीर्षक चौंकाने वाला जरूर है लेकिन है हकीकत के ठीक करीब। दरअसल अगली छमाही में होने वाले विधानसभा चुनाव के जरिये सत्ता हथियाने के लिए सबसे ज्यादा भाजपा लालायित है। भाजपा अब गबरू जवान पार्टी है। पूरे 45 में चल रही है और बिहार की सत्ता का स्वाद उसे अभी तक नहीं मिला है ,मिला भी है तो पूरा नहीं मिला। बिहार से कांग्रेस को भी सत्ता से हटे कोई 34 साल हो चले हैं ,लेकिन कांग्रेस ने भाजपा की तरह बिहार की सत्ता के अपहरण की कोई कोशिश अब तक नहीं की है। बिहार में चुनाव से ठीक पहले जेडीयू-भाजपा गठबंधन की सरकार के अंतिम मंत्रिमडलीय फेरबदल ने साफ़ कर दिया है कि आगे क्या होने वाला है? नीतीश कुमार मंत्रिमंडल के अंतिम फेरबदल में 7 नए मंत्री शामिल किये गए,लेकिन इनमें नीतीश बाबू की अपनी पार्टी का एक भी सदस्य नहीं है। जाहिर है कि नीतीश बाबू एक असहाय मुख्यमंत्री हैं और उन्हें भाजपा के इशारों पर कठपुतली नृत्य करना पड़ रहा है। इस समय नीतीश बाबू की स्थिति सांप-छछूंदर जैसी हो गयी है। वे न भाजपा का साथ छोड़ सकते हैं और न साथ रह सकते हैं, क्योंकि साथ रहने में जेडीयू के हर सदस्य का दम घुट रहा है। साफ़ दिखाई दे रहा है कि भाजपा नीतीश बाबू को बिहार का एकनाथ शिंदे बनाने जा रही है ,लेकिन क्या नीतीश बाबू इतनी आसानी से अपनी कुर्बानी दे देंगे, इसमें मुझे और मेरे जैसे तमाम लोगों को संदेह है। आपको याद होगा कि नितीश बाबू जेपी आंदोलन की पैदाइश हैं। वे पहली बार 3 मार्च 2000 को मुख्यमंत्री बने थे किन्तु केवल 7 दिन के लिए। उन्हें दोबारा मुख्यमंत्री बनने के लिए 3 साल 360 दिन की लम्बी प्रतीक्षा करना पड़ी थी। दूसरी बार नीतीश बाबू 8 साल 177 दिन तक मुख्य मंत्री रह पाए लेकिन उनकी बैशखियाँ बदलती रहीं। उन्हें 20 मई 2014 को 278 दिन के लिए अपना सिंघासन जीतन राम माझी को सौंपना पड़ा ,लेकिन सत्ता के बिना एक पल न रह पाने वाले नीयतीश बाबू शांत नहीं बैठे और 22 फरवरी 2015 को दोबारा मुख्यमंत्री बन गए। तब से अब तक दस साल तो निकल चुके हैं ,लेकिन अब उनका सत्ता में बने रहना संदिग्ध दिखाई दे रहा है। बिहार के लिए नीतीश बाबू एक जरूरत हैं या एक मजबूरी, ये तय कर पाना मुश्किल है ,क्योंकि वे इतनी करवटें बदलते हैं कि उन्हें कोई पल्टूराम कहता है तो कोई गिरगिट। 2025 में प्रस्तावित बिहार विधानसभा के चुनाव से ठीक पहले नीतीश बाबू एक और करवट नहीं लेंगे, इसकी कोई गारंटी नहीं है।

देश की **बात**



**राकेश अचल**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# अमेरिका फर्स्ट या धन फर्स्ट?

नागरिकता का सौदा: अमेरिका की आत्मा दांव पर

अमेरिका, जो युगों से समता, स्वाधीनता और संभावनाओं का पावन तीर्थ रहा है, आज एक ऐसे संकटमय दोराहे पर खड़ा है, जहां उसके मूलभूत मूल्य और आदर्श संदेह के कटघरे में हैं। डोनाल्ड ट्रंप की यह नई रणनीति-जिसमें 50 लाख डॉलर के निवेश के बदले विदेशी धन-कुबेरों को नागरिकता का स्वर्णिम पासपोर्ट थमाया जा रहा है-महज एक आर्थिक कदम नहीं, बल्कि उस सामाजिक ढांचे पर करारा आघात है, जो अमेरिका की आत्मा का आधार रहा है। यह नीति आर्थिक उन्नति और विदेशी धन को लुभाने का हथियार प्रतीत हो सकती है, पर यह असमानता की खाई को और गहरा रही है-जहां धनाढ्यों के लिए नागरिकता एक चमकता पुरस्कार बन गई है, वहीं मेहनतकश जन का अमेरिकी सपना कुहासे में और अधिक गुम हो गया है। ईबी-5 वीज़ा, जो कभी 5 लाख डॉलर के निवेश पर टिका था, अब 50 लाख डॉलर की ऊंची छलांग लगा चुका है। यह परिवर्तन चीख-चीखकर घोषणा करता है कि अमेरिकी नीति अब परिश्रम और प्रतिभा को ताक पर रखकर धन-संपदा को सर्वोच्च आसन पर बिठा रही है। विदेशी पूंजी से अर्थव्यवस्था में उफान आएगा, रोजगार के नए द्वार खुलेंगे, और बाजार की नींव मजबूत होगी-यह सच है। मगर असली सवाल यह है कि इसकी मलाई कौन चखेगा? क्या यह योजना अमेरिकी नागरिकों और प्रवासियों के बीच असमानता की नई खाई नहीं खोद देगी? वे मेहनतकश लोग, जो वर्षों से कानूनी जंजालों में उलझे नागरिकता के सपने संजोए बैठे हैं, क्या अब खुद को और अधिक किनारे पर न पाएंगे? यह योजना नागरिकता के मूलभूत आदर्शों को भी ललकार रही है। क्या नागरिकता अब महज एक कागजी सौदेबाजी बनकर रह जाएगी, या वह देश के साथ गहरे सांस्कृतिक और भावनात्मक रिश्ते की मूरत बनी रहेगी? अमेरिका का अब तक का पैगाम यही रहा है कि यहां कोई भी अपने खून-पसीने से शिखर छू सकता है। किंतु अब यह संदेश कुहासे में घुल रहा है-अगर तुम्हारे पास धन का ढेर है, तो स्वागत है; वरना दरवाजा बंद है। यह परिवर्तन न सिर्फ अमेरिका की चौहद्दी में असर डालेगा, बल्कि विश्व मंच पर भी गूंजेगा। यदि अमेरिका ने नागरिकता को पूंजी की कसौटी पर तौलना शुरू किया, तो अन्य देश भी इस राह के राही बन सकते हैं। इसका परिणाम होगा-दुनिया का निर्धन वर्ग अवसरों से और दूर छिटक जाएगा, और वैश्विक आर्थिक खाई और गहरी हो जाएगी। ट्रंप का यह कदम उनके राजनीतिक एजेंडे से भी जुड़ा है। 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति, जो पहले आत्मनिर्भरता और रोजगार सृजन से जुड़ी थी, अब एक नए रूप में सामने आई है-जहां देश की पहचान को धन के तराजू में तौला जा रहा है। उनके समर्थक इसे साहसिक कदम कह सकते हैं, लेकिन आलोचकों का मानना है कि यह नीति प्रवासियों के लिए एक स्पष्ट नकारात्मक संकेत है। लाखों लोग, जो अपनी मेहनत और काबिलियत के दम पर अमेरिकी नागरिक बनने का सपना देखते हैं, अब महसूस करेंगे कि उनके लिए दरवाजे बंद हो रहे हैं। यह नीति सामाजिक और राजनीतिक संग्राम को और भड़का सकती है। जब नागरिकता की बोली लगने लगेगी, तो क्या यह संदेश नहीं गूंजेगा कि राष्ट्र केवल धन कुबेरों का गढ़ है? क्या यह अमेरिका के मूल सिद्धांतों पर करारा प्रहार नहीं करेगा? यह नीति अमेरिका की वैश्विक छवि को भी धूमिल कर सकती है। अब तक अमेरिका को विविधता, समता और अवसरों की पावन भूमि माना जाता रहा है, किंतु यह परिवर्तन उसके प्राणतत्व को ही विकृत कर सकता है। नागरिकता का मोल महज एक पासपोर्ट या कानूनी हक तक सीमित नहीं होता; यह तो एक व्यक्ति और राष्ट्र के बीच गहन बंधन व उसके समर्पण का प्रतीक है। ट्रंप की यह योजना उस पवित्र भाव को कुचल रही है, जिसने अमेरिका को महानता के शिखर पर पहुंचाया। यदि नागरिकता धन के बल पर हासिल होने लगे, तो मेहनतकश प्रवासियों के खून-पसीने से लिखे योगदान का क्या मोल रह जाएगा? क्या केवल धनाढ्य ही उस देश की आत्मा को थाम सकते हैं? शायद नहीं-यह सच कड़वा है, पर निर्विवाद है। अमेरिका के इस साहसिक कदम का प्रभाव न केवल उसकी अर्थव्यवस्था की चहारदीवारी तक सीमित रहेगा, बल्कि यह विश्व भर में प्रवास, नागरिकता और अवसरों की अवधारणा को भी आमूल-चूल परिवर्तित कर सकता है। यह नीति अल्पकालिक आर्थिक उन्नति का झोंका तो ला सकती है, किंतु सामाजिक संतुलन और अमेरिका के मूलभूत आदर्शों पर इसका क्या प्रहार होगा, यह एक गहन चिंतन और विमर्श का प्रश्न है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी **बात**



**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

लोग जगे हैं रात, दिन , सोता है इंसान।
जमुहाई लेते दिखें, हैं, दर्शन, विज्ञान।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# मानव जीवन में विज्ञान की बढ़ती भूमिका

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (28 फरवरी) पर विशेष

मानव जीवन को विज्ञान ने काफी आसान और सुविधाजनक बना दिया है। विज्ञान के प्रति युवाओं की कितनी रुचि है, इसी पर देश का भविष्य निर्भर करता है। युवाओं के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग में विज्ञान के प्रति अधिकाधिक रुचि जागृत करने के लिए प्रतिवर्ष 28 फरवरी को 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाया जाता है। दरअसल, इस दिवस के जरिये बच्चों को विज्ञान को बतौर कैरियर चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि देश की आने वाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान दे सके और देश प्रगति के मार्ग पर निरन्तर अग्रसर रहे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार के लिए राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् द्वारा भारत में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में नामित करने के लिए वर्ष 1986 में भारत सरकार को कहा गया था और सरकार द्वारा इसे स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद से 28 फरवरी 1987 से प्रतिवर्ष इसी दिन राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता रहा है। यह दिवस भारत के महान वैज्ञानिक भौतिक शास्त्री सर सीवी रमन की खोज 'रमन प्रभाव' को सदैव याद रखने और विश्व पटल पर विज्ञान के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करने वाले इस वैज्ञानिक की स्मृति में मनाया जाता है। सर सीवी रमन भौतिकी विज्ञान के क्षेत्र में पहले ऐसे भारतीय थे, जिन्होंने भारत में ऐसे आविष्कार पर शोध किया था।

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टीवेशन ऑफ साइंस में 1907 से 1933 तक सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन ने कार्य किया था। उस दौरान उन्होंने भौतिकी के कई बिन्दुओं पर शोध किया था, जिसमें से 'रमन प्रभाव' (प्रकाश के फैलने पर प्रभाव, जब विभिन्न वस्तुओं द्वारा उसे गुजारा जाता है) उनकी महान खोज बनी, जो न केवल विज्ञान जगत में लोकप्रिय हुआ बल्कि पूरी दुनिया ने उनकी इस खोज को सराहा। सर सीवी रमन की यह खोज 28 फरवरी 1928 को दुनिया के सामने आई थी। उनके लिए वर्ष 1930 में उन्हें भौतिकी के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा माना जाने वाला 'नोबेल पुरस्कार' दिया गया था। वे एशिया के ऐसे पहले व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने का गौरव हासिल हुआ था। 'रमन प्रभाव' की खोज के लिए उन्हें अनेक दूसरे पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया। नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात् भारत लौटने पर उन्होंने कहा था कि 'मेरे जैसे न जाने कितने रमन सुविधाओं और अवसरों के अभाव में यूं ही अपनी प्रतिभा गंवा देते हैं, जिससे केवल उनका ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष का नुकसान है, जिसे हमें रोकना होगा।' वर्ष 2013 से अमेरिकन केमिकल सोसायटी द्वारा अंतरराष्ट्रीय ऐतिहासिक केमिकल लैंडमार्क के रूप में 'रमन प्रभाव' को नामित किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के तहत मनाया जाता है। 2025 के राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम है 'विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना।' राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का सबसे बड़ा उद्देश्य लोगों को हमारे दैनिक जीवन में विभिन्न वैज्ञानिक आविष्कारों की महत्ता से परिचित कराना होता है, इसके अलावा वैज्ञानिक सोच रखने वाले लोगों को अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें उनके कार्य के लिए प्रोत्साहित करना भी इसका अहम उद्देश्य है। विज्ञान के विकास के लिए नई तकनीकों को लागू कर विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने जैसे उद्देश्य राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन में निहित हैं। विज्ञान के जरिये ही वैज्ञानिकों ने नई-नई तरह की तकनीकों का आविष्कार किया है और वैज्ञानिकों ने इन खोजों के जरिये मानव जीवन को निरंतर बेहतर बनाया है। इसी विज्ञान के जरिये हम रोबोट, कम्प्यूटर इत्यादि बनाने में सफलता प्राप्त करने के अलावा अंतरिक्ष तक में पहुंच गए हैं। असंभव दिखने वाले कार्यों को भी विज्ञान की मदद से ही संभव बनाते रहे हैं। विज्ञान की मदद से ही बनाई गई प्रतिदिन बहुत सारी तकनीकों और वस्तुओं का इस्तेमाल हम अपने दैनिक क्रियाकलापों में करते हैं। ऐसे में हम सभी के लिए हमारे जीवन में विज्ञान के महत्व को समझना जरूरी है। हमारा समाज 21वीं सदी में जिस प्रकार अंधविश्वासों के साये में जीता है, ऐसे में विज्ञान की महत्ता समझते हुए समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करते हुए इन अंधविश्वासों के निर्मूलन की जिम्मेदार हम सबकी है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग **बात**



**योगेश कुमार गोयल**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



## इतने लोगों ने किया भोले बाबा के दर्शन

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 फरवरी | 6,21,307 | 16 फरवरी | 6,81,792 |
| 10 फरवरी | 6,12,980 | 17 फरवरी | 7,04,349 |
| 11 फरवरी | 7,19,225 | 19 फरवरी | 6,29,991 |
| 12 फरवरी | 7,78,697 | 20 फरवरी | 6,11,029 |
| 13 फरवरी | 8,26,194 | 22 फरवरी | 6,34,736 |
| 14 फरवरी | 7,32,476 | 23 फरवरी | 6,96,658 |
| 15 फरवरी | 6,39,465 | 26 फरवरी | 11,69,553 |

# महाशिवरात्रि पर 11.69 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन...

**वाराणसी (आईएएनएस)**

महाशिवरात्रि पर 11.69 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के चरणों में हाजिरी लगाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन ने दर्शनार्थियों को सुरक्षा, सुविधा और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए थे। वहीं, काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन की देखरेख में श्रद्धालुओं के लिए दर्शन की समुचित व्यवस्था की गई थी। महाशिवरात्रि पर प्रातः काल से ही मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का रेला लग गया था। सभी ने बाबा के दर्शन कर श्रद्धा से जलाभिषेक किया। महाशिवरात्रि पर काशी में जनसमुद्र उमड़ा रहा। वहां अभी भी श्रद्धालुओं का निरंतर आना जारी है।

महाशिवरात्रि पर भी काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का आना निरंतर जारी रहा। भीड़ का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सुबह तक ही लाखों श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन कर लिए थे। जैसे-जैसे दिन बढ़ता गया, श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ती गई। महाशिवरात्रि पर्व पर बुधवार को भगवान शिव की नगरी काशी में योगी सरकार ने श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराकर इस अवसर को और भी भव्य बना दिया। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम और गंगा घाटों पर हुई इस पुष्पवर्षा ने श्रद्धालुओं को आनंदित कर दिया। योगी सरकार ने धार्मिक आस्था को सम्मान देने की परंपरा को कायम रखते हुए इस महत्वपूर्ण पर्व पर भी पुष्पवर्षा की व्यवस्था की। पुष्पवर्षा के बीच श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर पहुंच गया।

फरवरी मास में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालुओं का काशी विश्वनाथ धाम में निरंतर आना होता रहा। इनमें से कई तिथियों पर छह लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए। अन्य तिथियों में भी चार से पांच लाख श्रद्धालुओं का बाबा के धाम में आना जारी रहा। जबकि, श्रद्धालुओं का काशी और विश्वनाथ धाम में आना निरंतर जारी है।

## महाकुंभ संपन्न होने के बाद प्रयागराज पहुंचे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव...

**प्रयागराज** । संगम नगरी प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हुआ महाकुंभ 26 फरवरी को महाशिवरात्रि स्नान के साथ संपन्न हो गया है। महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया, जो एक बड़ी उपलब्धि है। इस बीच, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव गुरुवार सुबह प्रयागराज जंक्शन पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। महाकुंभ के दौरान रेलवे ने देशभर से कई स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया। इस दौरान रेलवे की ओर से प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिसके चलते करोड़ों श्रद्धालु अपने गंतव्य स्थान पर सुरक्षित पहुंच पाए। रेलवे की इस उपलब्धि के मद्देनजर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रयागराज रेलवे स्टेशन का दौरा कर यहां तैनात लोगों से मुलाकात



की और महाकुंभ के दौरान किए गए कामों के लिए उनकी सराहना भी की। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि महाकुंभ के दौरान रेलवे प्रशासन, सीआरपी और जीआरपी ने सभी विभागों में अच्छा काम किया है। मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने एकजुट होकर मेहनत की। ये महाकुंभ हमारी आस्था और एकता का प्रतीक है।

## मां गंगा की पूजा-अर्चना कर योगी ने संगम तट पर प्रारंभ किया स्वच्छता अभियान

**महाकुंभ नगर** । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार सुबह महाकुंभ 2025 की औपचारिक पूर्णाहुति के लिए प्रयागराज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने महाकुंभ नगर के अरैल घाट पर सफाईकर्मियों के साथ मिलकर सफाई की और गंगा तट पर मंत्रियों के साथ श्रमदान किया। वहीं, जल में मौजूद छोड़े गए वस्त्रों को निकालकर महाकुंभ के उपरांत पूरे मेला क्षेत्र की स्वच्छता के लिए अभियान का शुभारंभ किया।

सीएम योगी ने स्वच्छता अभियान से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की। उन्होंने पोस्ट में लिखा, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं प्रतिबद्ध स्वच्छता दूतों की सतत सेवा से स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित महाकुंभ-2025 प्रयागराज की परिकल्पना सिद्ध हुई है। आज प्रयागराज के अरैल



घाट पर स्वच्छता अभियान में अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ सहभाग किया। महाकुंभ-2025, प्रयागराज के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी महानुभावों का हार्दिक आभार एवं अभिनंदन।''

## 'काहिरा-काठमांडू का वीडियो दिखाकर महाकुंभ को बदनाम किया गया', विपक्ष पर बरसे सीएम योगी

**महाकुंभ नगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज महाकुंभ-2025 के समापन के बाद विपक्ष पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ को बदनाम करने के लिए विरोधियों ने दुष्प्रचार का कोई मौका नहीं छोड़ा। कोई काहिरा की तो कोई काठमांडू की घटना का वीडियो दिखाकर प्रयागराज को बदनाम करता रहा। सीएम योगी ने कहा कि आस्था का इतना विशाल समागम दुनिया के अंदर कभी नहीं हुआ। 66 करोड़ 30 लाख श्रद्धालु किसी आयोजन का हिस्सा बने और कोई अपहरण की घटना नहीं, कोई लूट की घटना नहीं, कोई छेड़छाड़, कोई दुष्कर्म की घटना नहीं, कोई भी ऐसी घटना नहीं, जिसके बारे में कोई सवाल उठा सके। दूरबीन लगाकर, माइक्रोस्कोप लगाकर भी ऐसी घटना को ढूंढा नहीं जा सकता। हालांकि, फिर भी विरोधियों ने दुष्प्रचार का कोई मौका नहीं छोड़ा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिनको आस्था का यह समागम अच्छा नहीं लगा, उन्होंने कोई मौका नहीं छोड़ा। मौनी अमावस्या के दिन 8 करोड़ श्रद्धालु यहां पर थे, हमारी प्राथमिकता थी कि इन श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान कर उनके गंतव्य की ओर प्रस्थान कराया जाए। लेकिन, विरोधी लगातार दुष्प्रचार कर रहे थे, बदनाम कर रहे थे। उनकी भाषा अपमानित करने वाली थी। कोई काहिरा की तो कोई काठमांडू की घटना का दृश्य दिखाकर प्रयागराज को बदनाम कर रहा था। पहले की सरकारों ने भारत की आस्था का सम्मान नहीं किया। उन्होंने महाकुंभ के माध्यम से अर्थव्यवस्था में आई मजबूती का भी जिक्र किया।



# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## बालों में जूड़ा के अंदर शिवलिंग रखकर ताजमहल के अंदर ले गई?

- मेहमानखाने की ओर शिवलिंग रखकर महाकुंभ से लाए गंगाजल से अभिषेक और पूजा की

**संवाददाता**

**लखनऊ।** अखिल भारतीय हिंदू महासभा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मीरा राठौर ने महाशिवरात्रि के दिन ताजमहल की सुरक्षा में फिर से सेंध लगाते हुए बालों में जूड़ा बनाकर इसके अंदर शिवलिंग रखकर ताजमहल के अंदर ले गईं। उन्होंने दावा किया कि बुधवार सुबह 10 बजे प्रवेश करने के बाद मेहमानखाने की ओर शिवलिंग रखकर महाकुंभ से लाए गंगाजल से अभिषेक और पूजा की। अन्य पदाधिकारियों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला। मीरा राठौर ने जलाभिषेक के बाद कहा कि ताजमहल को गंगाजल से शुद्ध करने के लिए आई हूं। जूड़े में बांधकर शिवलिंग और पूजा का सामान लाई थी। ताजमहल के वरिष्ठ संरक्षण सहायक प्रिंस वाजपेयी का कहना है कि जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया वीडियो पुराना लग रहा है। सीसीटीवी रिकॉर्डिंग में वीडियो बुधवार का नहीं मिला है। मीरा राठौर के फोन की जांच से खुलासा हो सकता है। वहीं, मीरा राठौर ने कहा कि एएसआई और सीआईएसएफ झूठ बोल रहे हैं। हर बार वह हमारे पूजा करने पर पल्ला झाड़ लेते हैं। यह बुधवार का ही वीडियो है। शिवरात्रि पर ही उन्होंने पूजा की है। किसी अन्य दिन पूजा का कोई औचित्य नहीं था। पूरे दिन पुलिस या किसी सुरक्षा एजेंसी ने उनसे कोई संपर्क नहीं किया। मालूम हो कि ताजमहल में शिवलिंग, प्रतिमा या अन्य कोई धार्मिक प्रतीक चिह्न ले जाने पर रोक है। ताज के अंदर धूपबत्ती, अगरबत्ती, माचिस, शिवलिंग आदि ले जाने से सीआईएसएफ की सुरक्षा पर सवाल खड़े हुए हैं। ताजमहल के दोनों गेट पूर्वी और पश्चिमी पर फिलहाल डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर से जांच होती है। महिलाओं के बैग के लिए स्कैनर लगे हैं, लेकिन जूड़े में बांधकर शिवलिंग ले जाने के बाद बॉडी स्कैनर की जरूरत बताई जा रही है। ताज में जो सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, वह फेस रिकग्निशन सिस्टम से लैस हैं। मीरा राठौर बार बार ताज में सावन और शिवरात्रि पर पूजा करने पहुंच रही हैं, लेकिन सीसीटीवी में उनकी पहचान नहीं हो पाई। ताज के बाहर येलो जोन में भी सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, पर पुलिस मीरा राठौर के ताज पर पहुंचने की जांच भी नहीं कर पाई।

### बंगाल : सीएम ममता बनर्जी का आरोप

## 'वोटर लिस्ट में हेराफेरी के लिए सक्रिय हुईं दो ऑनलाइन एजेंसियां'

**कोलकाता (आईएएनएस)**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को दावा किया कि भाजपा ने राज्य की मतदाता सूची में हेराफेरी के लिए दो ऑनलाइन एजेंसियों की नियुक्ति की है, जो यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय हो गई हैं कि दूसरे राज्यों के मतदाता 2026 के बंगाल विधानसभा चुनावों में मतदान कर सकें।

मुख्यमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस की एक बैठक में कहा, "जहां तक



मुझे जानकारी मिली है, इस उद्देश्य के लिए दो एजेंसियों, एसोसिएशन ऑफ ब्रिलियंट माइंड्स और कंपनी इंडिया 360, को नियुक्त किया गया है। इन एजेंसियों ने डेटा एंट्री ऑपरेटरों से संपर्क किया। उन्होंने कुछ गलत ब्लॉक-स्तरीय रिटर्निंग अधिकारियों के साथ मिलकर ऐसा किया। वे दूसरे राज्यों के मतदाताओं के नामों को पश्चिम बंगाल के मतदाताओं के ईपीआईसी नंबर से जोड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उन्होंने हरियाणा, गुजरात, बिहार, पंजाब और राजस्थान जैसे दूसरे राज्यों के मतदाताओं के कुछ खास उदाहरण देखे हैं। उन्होंने दावा किया, "सबसे ज्यादा ऐसे मतदाता हरियाणा और गुजरात से हैं। उन्होंने भी कहा कि दिल्ली, महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे राज्यों में चुनाव से पहले भी यही गड़बड़ी की गई थी, जिससे भाजपा को वहां जीत हासिल करने में मदद मिली।

मुख्यमंत्री ने कहा, "वहां अन्य पार्टियां इस चाल को नहीं पकड़ पाईं। लेकिन बंगाल में हम इस चाल को पहले ही पहचान लेने में सक्षम हैं, इसलिए हम यहां इस साजिश को कभी सफल नहीं होने देंगे।

## 'महिला सुरक्षा को लेकर उठाए जाएंगे सख्त कदम': चित्रा वाघ

**पुणे बस रेप मामला**

**मुंबई (आईएएनएस)।** महाराष्ट्र की भाजपा एमएलसी चित्रा वाघ ने पुणे के स्वर्गेट डिपो में एक बस के अंदर 26 वर्षीय युवती से बलात्कार की घटना को बेहद शर्मनाक और दुखद बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य की महायुति सरकार इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पूरी तरह से प्रयासरत है। चित्रा वाघ ने बताया कि परिवहन मंत्री ने घटना के बाद 23 सुरक्षाकर्मियों को निलंबित किया है। घटना के तुरंत बाद एक आपात बैठक बुलाई गई थी, जिसमें यह चर्चा हुई कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को कैसे रोका जा सकता है। वाघ ने कहा कि महिला सुरक्षा पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है और इसके लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।

## आरा–बक्सर हाइवे पर ट्रक ऑटो टक्कर में 4 की मौत

**पटना।** आरा–बक्सर हाइवे पर शाहपुर फौजी पेट्रोल पंप के पास आज सुबह करीब पांच बजे ट्रक और ऑटो की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। हादसे में 12 से अधिक श्रद्धालु घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों में तीन महिलाएं और एक बच्चा शामिल हैं। मृतकों में वैशाली जिले के फतेहपुर थाना राघोपुर नौका पट्टी निवासी मनोज महतो का 13 वर्षीय पुत्र अजित कुमार, वैशाली जिले के गंगावृज थाना के छवासिया गांव निवासी शिवनंदन महतो की पत्नी सुहाग देवी, उत्तम कुमार की पत्नी सुहाज्ञा देवी और स्वर्गीय मोहन महतो की पत्नी सिरतिया देवी शामिल हैं।

## युवक को लाठी से पीटने के मामले में पुलिसकर्मी निलंबित

**कटिहार।** पुलिस द्वारा एक युवक को लाठी से पीटने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने सख्त कार्रवाई की है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है, जबकि दो अन्य पुलिस कर्मी को एक वर्ष के लिए कर्तव्य से वंचित कर दिया है।पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार को बताया कि उक्त प्रकरण में शामिल पोठिया थाना के पुलिस पदाधिकारी सअनि केदार प्रसाद यादव एवं महिला सिपाही प्रीति कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है तथा गृहरक्षक सिकेन्दर राय एवं राजकिशोर महतो को एक वर्ष के लिए कर्तव्य से वंचित किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने पोठिया थानाध्यक्ष को पुलिस वाहन चालक बमबम कुमार एवं दोषी पुलिसकर्मियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कारवाई करने का आदेश दिया है।

# संभल का हर्बल गुलाल, यूपी से लेकर तमिलनाडु तक है इसकी धाक

**संभल (आईएएनएस)**

संभल का हर्बल गुलाल महीनों की मेहनत का प्रतिफल है। देश के सात राज्यों में इसकी काफी डिमांड रहती है। इस बार भी ऐसा ही है। हाथरस के बाद इस जिले ने अपना खास मुकाम बनाया है। यूपी, उत्तराखंड, हरियाणा, तमिलनाडु, दिल्ली, पंजाब सहित 7 राज्यों के लोग भीनी खुशबू और खालिस प्राकृतिक रंगों में डूबे गुलाल का इंतजार करते हैं। संभल में बनने वाला गुलाल पूरी तरह से हर्बल है। इसे बनाने में प्राकृतिक फूलों और फलों की



खुशबू का उपयोग किया जाता है। गुलाल को महकदार बनाने के लिए कन्नौज से इत्र का एसेंस मंगाया जाता है, जिससे उसकी गुणवत्ता बनी रहती है और यह त्वचा को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता। गुलाल में फूलों की खुशबू जैसे जैस्मीन, मोगरा, गुलाब, लैवेंडर और फलों की खुशबू जैसे आम, पपीता, स्ट्रॉबेरी, केला आदि का मिश्रण किया जाता है। इस गुलाल को खुशबू के हिसाब से विभिन्न नाम भी दिए जाते हैं।

कई महीने पहले से गुलाल की तैयारियां शुरू कर दी जाती हैं। खालिस देसी प्रोडक्ट्स मिलाए जाते हैं, ऐसे जो त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचाते। यहां अमूमन गुलाल मक्का के आटे से तैयार किया जाता है, जिसे बाद में विभिन्न रंगों और खुशबू में डुबोया जाता है। फिर धूप में सुखाया जाता है। महीनों की मेहनत के बाद यह गुलाल तैयार होता है, जिसका मनभावन रंग और खुशबू भी लोगों को आकर्षित करती है।

गुप्ता कलर कंपनी पिछले 45 साल से देश भर में हर्बल रंग बिखेर रही है। इसके मालिक हर्ष गुप्ता ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बताया कि वर्षों से उनके ही नहीं, संभल के अन्य ट्रेडर्स के रंगों से देश खेल रहा है। विगत 7 साल से इसमें गजब का उछाल आया है। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल, असम शामिल हैं। इस बार होली पर कुछ नए गुलाल बनाए गए हैं, जिन्हें खरीदार बहुत पसंद भी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे गुलाल पूरी तरह से ऑर्गेनिक होते हैं। पहले 7-8 रंग थे, लेकिन इस बार हम 15 रंग के गुलाल बना रहे हैं। इनमें मोगरा, जैस्मीन, जूही और अन्य फूलों की खुशबू मिलाई गई है। मिंट गुलाल को खूब पसंद किया जा रहा है। मथुरा में गुलाल का उपयोग एक महीने पहले ही शुरू हो जाता है, और वहां भी हमारे गुलाल अपना रंग जमा रहे हैं।

# ओडिशा एफसी अपनी प्लेऑफ उम्मीदों को कायम रखने के लिए मोहम्मडन एससी से भिड़ेगी

**भुवनेश्वर(आईएएनएस)।** ओडिशा एफसी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में अपनी प्लेऑफ उम्मीदों को कायम रखने के लिए शुक्रवार को शाम 7:30 बजे यहां कलिंगा स्टेडियम में मोहम्मडन एससी से भिड़ेगी। मेजबान टीम को अपने पिछले पांच मैचों में दो हार और दो ड्रा का सामना करना पड़ा है, जिससे शीर्ष-6 में जगह बनाने का उनका अभियान डगमगाया है। ओडिशा एफसी 22 मैचों में सात जीत, आठ ड्रा और सात हार से 29 अंक लेकर तालिका में सातवें स्थान पर है। वो छठे स्थान पर मौजूद आइलैंडर्स (21 मैचों 32) से तीन अंक पीछे है। जगरनॉट्स को ईस्ट बंगाल एफसी (22 मैचों में 27 अंक) और केरला ब्लास्टर्स एफसी (21 मैचों में 24 अंक) से भी कड़ी टक्कर मिल रही है। वहीं, मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने अपने पिछले सभी पांच मैच हारे हैं और वो 21 मैचों में दो जीत, पांच ड्रा और 14 हार से 11 अंक लेकर 13 टीमों की अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है।

- **जगरनॉट्स का घरेलू फॉर्म**

**अपराजित क्रम:** ओडिशा एफसी आईएसएल में अपने पिछले तीन घरेलू मैचों (1 जीत, 2 ड्रा) में अपराजित है।

गोल की जरूरत: ओडिशा एफसी अपने पिछले मुकाबले में गोल नहीं कर पाई थी, जिससे वो मैरिनर्स से 0-1 से हार गई थी।

- **सेट-पीस पर निर्भर मोहम्मडन स्पोर्टिंग**

**सकारात्मक परिणाम की आवश्यकता:** आगामी मैच गंवाते हुए मोहम्मडन एससी आईएसएल इतिहास में सबसे ज्यादा लगातार हारने का सिलसिला बनाने वाली टीम बन जाएगी।

**सेट-पीस पर निर्भरता:** इस सीजन में मोहम्मडन एससी के 70% गोल (10 में से 7) सेट-पीस से आए हैं, जो सबसे अधिक दर है। वहीं, ओडिशा एफसी ने सेट-पीस के जरिये केवल 26% गोल खाए हैं।

- **आमने-सामने**

आईएसएल में दोनों टीमों के बीच खेला गया एकमात्र मुकाबला ड्रा रहा है।

- **कोच कॉर्नर**

जगरनॉट्स के स्पेनिश हेड कोच सर्जियो लोबेरा ने कहा कि उनकी टीम शीर्ष छह में जगह बनाने के लिए अंत तक संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कहा, बतौर टीम, हमे आत्मविश्वास के साथ अंत तक संघर्ष करते रहना होगा और उम्मीद है कि हम प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर जाएंगे। हम अपने फैंस के चेहरों पर खुशी लाना चाहते हैं। ब्लैक एंड व्हाइट ब्रिगेड के भारतीय सहायक कोच मेहराजुद्दीन वाडू ने कहा कि मोहम्मडन स्पोर्टिंग आगामी मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा, हम ओडिशा एफसी के खिलाफ मैच के लिए पिछले कुछ दिनों से अच्छी तैयारी कर रहे हैं। हमारा हालिया प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है, लेकिन हम अपना बेस्ट देने की कोशिश करेंगे। यह मुकाबला हम जीतना चाहते हैं।




मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने अपने पिछले सभी पांच मैच हारे हैं और वो 21 मैचों में दो जीत, पांच ड्रा और 14 हार से 11 अंक लेकर 13 टीमों की अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है।

रावलपिंडी में बारिश के कारण रद्द हुआ मैच

# बिना जीत के समाप्त हुआ पाकिस्तान और बांग्लादेश का मैच



**रावलपिंडी(आईएएनएस)।** पाकिस्तान और बांग्लादेश ने गुरुवार को रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में बारिश के कारण अपने अंतिम ग्रुप ए मैच के रद्द होने के बाद 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के अपने अभियान को बिना जीत के समाप्त कर दिया है। बारिश के कारण मैच रद्द होने से अब दोनों टीमों को एक-एक अंक मिलेगा।

भारत और न्यूजीलैंड के सेमीफाइनल में प्रवेश करने के बाद टूनामेंट के मेजबान और गत विजेता पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों ही आठ टीमों की प्रतियोगिता से पहले ही बाहर हो चुके थे, जिससे यह मुकाबला परिणाम के लिहाज से बस एक औपचारिकता रह गया था। अब बारिश के कारण मैच रद्द होने के साथ, यह रावलपिंडी में दक्षिण अफ्रीका-ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी मैच के बाद बारिश के कारण रद्द होने वाला दूसरा मैच बन गया है। पिछले 24 घंटों से रावलपिंडी में बूंदाबांदी हो रही है, जिसका मतलब है कि गुरुवार के मैच पर हमेशा बारिश का डर बना रहता है। मैदानी अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक और माइकल गॉफ द्वारा आधिकारिक निरीक्षण का समय दोपहर 2:30 बजे (भारतीय समयानुसार) निर्धारित किया गया था, लेकिन लगातार बारिश के कारण ऐसा नहीं हो सका और टॉस आधिकारिक तौर पर विलंबित हो गया। लेकिन शाम 4:00 बजे (भारतीय समयानुसार) बारिश ने अंतिम फैसला सुनाया और बिना कोई गेंद फेंके मैच को आधिकारिक तौर पर रद्द कर दिया गया, जिसमें दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला। पाकिस्तान और बांग्लादेश गुरुवार के मैच में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी से सकारात्मक नोट पर विदा लेने की उम्मीद के साथ उतरे थे।

## हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया और यह हमारे लिए निराशाजनक है : रिजवान

**रावलपिंडी(आईएएनएस)।** 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान का आखिरी मैच रावलपिंडी क्रिकेट ग्राउंड पर बांग्लादेश के खिलाफ बारिश की भेंट चढ़ जाने के बाद, कप्तान मोहम्मद रिजवान ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, जिससे वे निराश हैं। 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के मेजबान और गत विजेता पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड से 60 रन से हारकर टूनामेंट की बेहद खराब शुरूआत की और फिर दुबई में उसे भारत से छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जिससे वे सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गए।



पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच एक-एक अंक बंटने के बाद रिजवान ने प्रसारकों से कहा, हम अपने देश के सामने अच्छा प्रदर्शन करना चाहते थे। उम्मीदें बहुत अधिक थीं। हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया और यह हमारे लिए निराशाजनक था। आप अपनी गलतियों से सीख सकते हैं। हमने पिछले कुछ मैचों में गलतियां की हैं। उम्मीद है कि हम इनसे सीख सकते हैं। रिजवान ने कहा, हम अब न्यूजीलैंड जा रहे हैं और उम्मीद है कि हम वहां अच्छा प्रदर्शन करेंगे और पाकिस्तान में न्यूजीलैंड के खिलाफ हमने जो गलतियां की हैं, हम उनसे सीख सकते हैं। और हम न्यूजीलैंड में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।हम सभी बहुत निराश हैं। हम सभी देश के लिए यहां हैं।

# बटलर भविष्य की कप्तानी के बारे में 'सभी संभावनाओं' पर विचार करेंगे

**लाहौर (आईएएनएस)।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से जल्दी बाहर होने के बाद उनकी टीम की व्हाइट-बॉल लीडरशिप जांच के दायरे में आएगी और उन्होंने कहा कि उन्हें अपने कप्तानी भविष्य के बारे में सभी संभावनाओं पर विचार करने की आवश्यकता है। बुधवार शाम को अफगानिस्तान से आठ रन से हारने के बाद, इंग्लैंड आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गया। यह लगातार दूसरा पुरुष वनडे टूनामेंट है, जिसमें वे शीर्ष चार में पहुंचने से चूक गए हैं। बटलर को आईसीसी ने उद्धृत किया, परिणाम वैसे नहीं हैं, जैसे होने चाहिए, और मुझे व्यक्तिगत रूप से सभी संभावनाओं पर विचार करने की आवश्यकता है। हमें एक टीम के रूप में, व्हाइट-बॉल प्रारूपों में इंग्लैंड क्रिकेट को जिस स्थिति में होना चाहिए, उसे वापस लाने की आवश्यकता है। और मुझे लगता है कि मुझे व्यक्तिगत रूप से यह पता लगाना होगा कि मैं समस्या का हिस्सा हूं या समाधान का?




जबकि बटलर ने पुष्टि की कि वह आने वाले दिनों में कप्तान के रूप में अपने भविष्य पर विचार करेंगे, इंग्लैंड शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी अभियान का समापन करेगा, जो सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करना चाहता है। मैं व्यक्तिगत रूप से यह पता लगाने के लिए थोड़ा समय लूंगा कि मुझे क्या सही लगता है। मैं अभी कोई भावनात्मक निर्णय नहीं लेने जा रहा हूं। आप शायद पहले व्यक्ति नहीं हैं जिनके साथ मैं इस पर चर्चा करूंगा ।परिणाम कठिन होते हैं, और कई बार वे भारी पड़ते हैं। और, जाहिर है, आप एक विजेता टीम का नेतृत्व करना चाहते हैं, और हम पिछले कुछ समय से ऐसा नहीं कर रहे हैं, इसलिए जाहिर है कि इससे कुछ मुश्किल क्षण आते हैं। वेस्ट इंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज इयान बिशप ने भी इस भावना को दोहराया कि इंग्लैंड के नेतृत्व की समीक्षा की जा सकती है।

# वाणी कपूर ने हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर का चौथा चरण जीता

**मुंबई(हि.स.)।** अनुभवी गोल्फर वाणी कपूर ने बॉम्बे प्रेसीडेंसी गोल्फ क्लब लिमिटेड में खेले गए हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के चौथे चरण का खिताब अपने नाम कर लिया है। वाणी ने निर्णायक बैक नाइन पर शानदार प्रदर्शन करते हुए 15वें होल पर अहम बर्डी लगाकर यह जीत हासिल की। यह 2025 में उनकी पहली जीत है, जबकि इससे पहले उन्होंने 2024 सीजन के 12वें चरण में डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में खिताब जीता था। 31 वर्षीय वाणी ने 11वें और 13वें होल में बोगी कर दी थी, जिससे वे दो एमेच्योर गोल्फरों झ सानवी सोमू और अनुराधा चौधरी झ से पीछे हो गईं। तीनों खिलाड़ी अंतिम ग्रुप में खेल रही थीं, लेकिन 15वें होल पर वाणी की बर्डी और अनुराधा की बोगी ने स्कोर में बदलाव कर दिया। अनुराधा, जो एक शॉट की बढ़त पर थीं, बोगी के बाद पिछड़ गईं।

सानवी, जो पहले चार बार उपविजेता रह चुकी हैं, ने 15वें होल में बोगी कर दी और फिर 17वें और 18वें होल पर और शॉट गंवा दिए। वहीं, वाणी ने पार खेलते हुए 1-अंडर 69 का स्कोर बनाया और कुल 1-ओवर 211 के स्कोर के साथ खिताब जीत लिया। अनुराधा 2-ओवर के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि सानवी 3-ओवर पर आ गईं और स्नेहा सिंह (66) तथा रिधिमा दिलावरी (67) के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रहीं।



**अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन**

वाणी ने पहले दो होल में बर्डी लगाई, लेकिन उसके बाद आठ होल तक पार खेला। 11वें और 13वें होल की बोगी के बावजूद, 15वें होल की बर्डी ने उन्हें विजयी बना दिया। अनुराधा ने बर्डी और बोगी का संतुलन बनाए रखा, लेकिन उनकी बोगी महंगी साबित हुई। स्नेहा सिंह ने 66 के साथ बोगी फ्री राउंड खेला, जबकि रिधिमा ने चार बर्डी और एक बोगी के साथ 67 का स्कोर बनाया। सानवी ने तीन बर्डी और पांच बोगी कीं, जिनमें से तीन आखिरी चार होल में आईं, जिससे उन्हें जीत से हाथ धोना पड़ा।

लावण्या जादोन (71), श्वेता मानसिंह (70), शौकिया मन्नत बरार (72) और जैस्मीन शेखर (75) छठे से नौवें स्थान पर रहीं। वहीं, 2024 हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट विजेता हिताशी बख्शी (75), शौकिया कीर्तन राजीव (73) और खुशी खानिजौ (71) संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर रहीं। अन्य प्रमुख खिलाड़ियों में गौरिका बिश्नोई (77) टी-13वें, सहर अटवाल (80) टी-16वें, अमनदीप द्राल (75) टी-18वें और नेहा त्रिपाठी (77) टी-21वें स्थान पर रहीं।

**ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष स्थान बरकरार**

स्नेहा सिंह, जो पहले चरण में संयुक्त पांचवें स्थान पर थीं और अगले दो चरण जीत चुकी थीं, इस सप्ताह तीसरे स्थान पर रहीं। इसके बावजूद, वह 5,76,900 रुपये की कमाई के साथ हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर बनी हुई हैं। वाणी कपूर 4,54,000 रुपये के साथ दूसरे स्थान पर और जैस्मीन शेखर 3,26,500 रुपये के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

## आईटीएफ जे200 थाईलैंड: अर्जुन राठी सेमीफाइनल में पहुंचे

**मोहाली(हि.स.)।** राउंडग्लास टेनिस अकादमी के युवा टेनिस खिलाड़ी अर्जुन राठी ने इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन (आईटीएफ) जूनियर्स वर्ल्ड टेनिस टूर जे200 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। यह टूनामेंट नोंथाबुरी, थाईलैंड में खेला जा रहा है। अर्जुन ने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रांस के आरोन गाबेट को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से हराया। 17 वर्षीय अर्जुन अब सेमीफाइनल में रूस के साव्वा राइबकिन से भिड़ेंगे। विश्व जूनियर रैंकिंग में 103वें स्थान पर अर्जुन ने सेमीफाइनल तक पहुंचने के दौरान दो उच्च वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को हराकर बड़ा उलटफेर किया है। दूसरे दौर में उन्होंने तीसरी वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 37वें स्थान पर काबिज रूस के इवान लुटकिन को 5-7, 7-6, 6-3 से मात दी। तीसरे दौर में अर्जुन ने चीन के 15वीं वरीयता प्राप्त और 87वीं रैंकिंग वाले फूमिन जियांग को 6-4, 0-6, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।



# आज अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया में होगा वर्चुअल क्वार्टर फाइनल

**लाहौर(आईएएनएस)।** अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया शुक्रवार को लाहौर में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में वर्चुअल क्वार्टर फाइनल में आमने-सामने होंगे, जिसमें दोनों टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए होड़ करेंगी।दांव इससे ज्यादा नहीं हो सकता। कराची में इंग्लैंड-दक्षिण अफ्रीका मैच के नतीजे के इंतजार में ग्रुप बी के इस मुकाबले में हारने वाली टीम के बाहर होने की संभावना है। हालांकि, किसी भी टीम की जीत सेमीफाइनल में जगह पक्की कर देगी, जहां उनका सामना भारत या न्यूजीलैंड से होगा। कई सालों से अफगानिस्तान को विश्व क्रिकेट में उभरती ताकत माना जाता रहा है, लेकिन पिछले कुछ सालों में उनके प्रदर्शन ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि अब उन्हें महज डार्क हॉर्स के तौर पर नहीं देखा जाता। बुधवार रात इंग्लैंड पर उनकी शानदार जीत ने उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी में अपने पहले सेमीफाइनल के करीब पहुंचा दिया है। शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाला मुकाबला वैश्विक मंच पर अपनी साख दिखाने का एक और मौका होगा।

पिछले साल टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक जीत से उनका आत्मविश्वास बढ़ा होगा, जहां उन्होंने पांच बार के विश्व चैंपियन पर अपनी पहली जीत हासिल की थी। उस जीत के साथ-साथ बांग्लादेश पर एक और महत्वपूर्ण जीत ने ऑस्ट्रेलिया को टूनामेंट से बाहर कर दिया और संकेत दिया कि अफगानिस्तान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक गंभीर दावेदार के रूप में उभरा है। अफगानिस्तान की बल्लेबाजी की अगुआई एक बार फिर इब्राहिम जादरान करेंगे, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार 177 रन की पारी खेली जो अब चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है।



**अफगानिस्तान:** रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), अजमतुल्ला उमरजई, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, राशिद खान, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक, इकराम अलीखिल, नांगेयालिया खारोटे, नवीद जादरान।

**ऑस्ट्रेलिया:** मैथ्यू शॉर्ट, ट्रैविस हेड, स्टीवन स्मिथ (कप्तान), मार्नस लाबुशेन, जोश इंगलिस (विकेट कीपर), एलेक्स कैरी, ग्लेन मैक्सवेल, बेन ड्वार्शिस, नाथन एलिस, एडम जम्पा, स्पेंसर जॉनसन, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, सीन एबॉट, तनवीर संघा।

## आईपीएल 2025 : दिल्ली कैपिटल्स के मेंटॉर बने केविन पीटरसन

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन को आईपीएल 2025 के लिए दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का मेंटॉर बनाया गया है।



44 साल के पीटरसन मुख्य कोच हेमंग बदानी, सहायक कोच मैथ्यू मॉट, गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल और क्रिकेट निदेशक वेणुगोपाल राव के साथ मिलकर काम करेंगे। अभी डीसी को कप्तान की घोषणा करनी बाकी है। यह पीटरसन का आईपीएल में पहला कोचिंग असाइनमेंट होगा। वह अंतिम बार 2016 में इस लीग में खेले थे। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए एक बेहतरीन मौका है और मैं टीम से जुड़ने और लड़कों के साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं। पीटरसन ने 2014 में दिल्ली फ्रेंचाइजी की 14 मैचों में कप्तानी की थी। हालांकि उस साल टीम सिर्फ दो मैच जीतकर अंक तालिका में सबसे नीचे आई थी। इस दौरान उनकी टीम के सहमालिक और जीएमआर समूह के प्रमुख किरण कुमार ग्रांधी से अच्छे व्यक्तिगत रिश्ते बन गए। पिछले साल सितंबर में पीटरसन ने हैंपशायर काउंटी क्लब और जीएमआर समूह की एक डील होने में मदद की थी। पीटरसन ने कहा, आईपीएल में दिल्ली फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व करने की अच्छी यादें मेरे पास हैं। मैंने 2012 सीजन के दौरान वेणु के साथ मैच भी खेला है। तो उनसे जुड़कर और फ्रेंचाइजी के साथ नया अध्याय शुरू करके मुझे अच्छा लग रहा है।



# एनपीयू में भवन निर्माण की गुणवत्ता पर राज्यपाल ने जताई चिंता

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय, पलामू के भवन निर्माण की गुणवत्ता को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उनके निर्देश पर गठित जांच समिति द्वारा समर्पित प्रतिवेदन में गंभीर अनियमितताएं पाई गई हैं। प्रतिवेदन के अनुसार निर्माण कार्यों की गुणवत्ता स्वीकृत प्राक्कलन के



अनुरूप नहीं है तथा संवेदक द्वारा निम्न स्तर का कार्य किया गया है। झारखंड भवन निर्माण निगम के अभियंताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा उचित अनुश्रवण के अभाव में यह स्थिति उत्पन्न हुई है।

राज्यपाल ने इस बात पर नाराजगी व्यक्त की है कि विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों द्वारा बिना समुचित निरीक्षण के इस भवन को हस्तांतरित कर लिया गया, जबकि वहां पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा का भी अभाव है। इस संदर्भ में उन्होंने झारखंड भवन निर्माण निगम के प्रबंध निदेशक को एक उच्च स्तरीय समिति गठित कर इस भवन निर्माण में पाई गई कमियों की गहन समीक्षा करने तथा बीओक्यू एवं एकरारनामा के अनुसार कार्यों में पाई गई विसंगतियों पर स्पष्ट प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया है।

राज्यपाल ने पलामू के कार्यपालक अभियंता, जेएसबीसीसीएल द्वारा मुख्यालय एवं विश्वविद्यालय को प्रस्तुत गलत प्रतिवेदन, जिसमें पेयजल व्यवस्था जैसी असत्य जानकारी दी गई, पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने के निदेश दिए हैं।

इसके अतिरिक्त, राज्यपाल ने इस योजना के संवेदक मेसर्स छावडा एवं जेके इंजीनियरिंग द्वारा बीओक्यू के अनुरूप कार्य नहीं करने एवं निम्न स्तर का कार्य करने के लिए निगम को इनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने को कहा है। साथ ही, झारखंड भवन निर्माण निगम के प्राक्कलन में 40 प्रतिशत की वृद्धि के संबंध में भी स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं।

राज्यपाल-सह-कुलाधिपति ने नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव एवं अन्य अधिकारियों, जिनके प्रतिवेदन के आधार पर भवन का हस्तांतरण किया गया।

## न्यूज | बॉक्स

### राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिले हेमंत सोरेन



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज भवन में भेंट की। वार्ता के क्रम में राज्यपाल ने महाशिवरात्रि पर्व के दिन हजारीबाग में घटित हिंसा की घटनाओं की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया। इसके अलावा, राज्यपाल ने राज्य में पेसा कानून को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए शीघ्र नियमावली गठित करने को भी कहा।

### आजसू ने सीएम का जताया अभार



**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने जेपीएससी के अध्यक्ष एल ख्यांगते की नियुक्ति पर मुख्यमंत्री का आभार जताया है। ओम वर्मा ने कहा कि लगभग 7 महीनों से जेपीएससी अध्यक्ष पद खाली थी। इस कारण सभी तरह के परीक्षाएं परिणाम बाधित थी, जिससे राज्य के छात्र-छात्राओं के भविष्य अंधकारमय था। एक ओर राज्य सरकार ने प्रथम कैबिनेट की बैठक में प्रस्ताव लाया था कि जेपीएससी और जेएसएससी का परीक्षा का कैलेंडर जारी कर उसी के अनुसार सभी परीक्षा ली जाएगी। परंतु कई महीने बीत जाने के बाद भी जेपीएससी की अध्यक्ष की नियुक्ति हो पाई थी। न ही कैलेंडर जारी हो पाई है। अब अध्यक्ष पद पर नियुक्ति हुई है। अब सभी चीजों पर समय से काम होगा।

### जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति पर अबुआ अधिकार मंच ने सीएम का जताया आभार



**रांची।** एल. ख्यांगते को जेपीएससी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए अबुआ अधिकार मंच ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त किया है। अबुआ अधिकार मंच के संयोजक गौतम सिंह ने कहा, यह युवाओं के संघर्ष और एकजुटता की जीत है। जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर हमने सबसे पहले इस विषय को सड़क से उठाकर राजभवन तक पहुंचाया और मुख्यमंत्री को इस मुद्दे पर संज्ञान लेने के लिए आग्रह पत्र भी सौंपा था। आज सरकार द्वारा की गई यह नियुक्ति हमारे आंदोलन की सफलता को दर्शाती है। गौतम सिंह ने कहा कि झारखंड के हजारों युवा अभ्यर्थी जेपीएससी की निष्क्रियता और लंबित परिणामों के कारण मानसिक और आर्थिक तनाव झेल रहे थे। लंबे समय से परीक्षाओं का परिणाम नहीं आ रहा था, नई भर्तियां रुकी हुई थीं, जिससे प्रदेश के होनहार और मेहनती युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया था। उन्होंने कहा कि अब एल. ख्यांगते के नेतृत्व में लंबित परीक्षा परिणामों का शीघ्र प्रकाशन होगा और नियुक्ति प्रक्रियाओं में तेजी आएगी, जिससे योग्य अभ्यर्थियों को उनका हक मिलेगा।

# सीएम आज राज्य के 28,995 प्राइमरी स्कूलों को देंगे टैबलेट



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को राज्य के 28,995 प्राइमरी स्कूलों को टैबलेट देंगे। रांची के 12 और अन्य जिलों के छह-छह स्कूलों को समारोह में टैबलेट देंगे। वहीं, अन्य स्कूलों को 264 प्रखंड कार्यालयों में टैबलेट उपलब्ध कराया जाएगा। गिरिडीह के सबसे ज्यादा 2776 स्कूलों को, जबकि लोहरदगा के सबसे कम 417 स्कूलों को टैबलेट मिलेगा। रांची के 1456 स्कूलों को टैबलेट मिलेगा। ये वैसे स्कूल हैं जहां पहली से पांचवीं (प्राइमरी) की पढ़ाई होती है और इनमें 30 से ज्यादा छात्र-छात्राओं का नामांकन है। टैबलेट मिलने के बाद प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक और शिक्षक उसकी सुरक्षा के लिए जवाबदेह होंगे। उसके फिजिकल डैमेज, चोरी, गुम आदि होने की स्थिति में यह संबंधित शिक्षक से वसूलनीय होगी। यह टैबलेट स्कूल की परिसंपत्ति होगी। शिक्षक टैबलेट का प्रयोग बच्चों के पठन-पाठन, शिक्षकों के प्रशिक्षण, अनुश्रवण, बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने के कार्यों के लिए करेंगे। पलामू में 2323, दुमका में 1797 और पश्चिमी सिंहभूम में 1772 स्कूलों को टैब मिलेंगे। वहीं, सिमडेगा में 468, खूंटी में 491 और रामगढ़ में 468 स्कूलों को टैबलेट दिया जाना है।

## पूर्व मंत्री सरयू राय को मिली राहत अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार



**रांची।** गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में चार्जशीटेड पूर्व मंत्री सह विधायक सरयू राय को अदालत ने अग्रिम राहत प्रदान कर दी है। अदालत ने अग्रिम जमानत याचिका को स्वीकार कर लिया है। उनकी ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई पश्चात अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की अदालत ने पिछले दिनों सुरक्षित रख लिया था। गुरुवार को अदालत ने सुरक्षित आदेश सुनाई है। सरयू राय ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए 13 फरवरी को अर्जी दाखिल की है। मामले में एमपी/एमएलए की विशेष अदालत पिछले दिनों दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है। मामला उपस्थिति पर चल रहा है। मामले में कोर्ट ने संबंधित कोर्ट में उपस्थित होकर सरेंडर कर जमानत लेने का आदेश दिया है।

# मुख्यमंत्री के बयान पर भड़के बीजेपी विधायक, किया हंगामा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विस के बजट सत्र के तीसरे दिन, भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संबोधन से गरमा गई। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान, सरकार की ओर से जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने विपक्ष को 'निकम्मा' और 'भेड़िए की खाल ओढ़कर चतुर-चालाक' बताया, जिससे सियासत गर्म हो गई।

सीएम के इस बयान से नाराज भाजपा विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर कड़ा विरोध जताया। वहीं, सत्ता पक्ष ने मुख्यमंत्री का बचाव करते हुए उनके शब्दों की अलग-अलग तरह से व्याख्या की।

पूर्व मुख्यमंत्री मरांडी ने तंज कसते हुए कहा 'हम समझ सकते हैं सीएम की तकलीफ, क्योंकि उन्होंने कुछ किया ही नहीं था। जो जैसा होता है, वैसा ही बोलता है। अब उन्हें ट्रेनिंग कौन देगा?'

वहीं, बीजेपी विधायक नीरा यादव ने कहा 'विपक्ष की जो भूमिका होती है जो कार्य नहीं होते हैं वह सदन में रखना है। हम लोगों ने पहले ही आश्वस्त किया था कि सदन को शांतिपूर्वक चलने में सहयोग करेंगे और हम लोग वही कर भी रहे हैं। मगर जब माननीय नेता सदन की बारी आई तो उन्होंने कहा कि विपक्ष चला जाएगा। हम लोगों ने कहा कि आप जवाब दीजिए लेकिन जिस प्रकार से सत्ता का अहंकार देखने को मिला और निकम्मा और रंगा सियार बोला गया। यहां पर कोई मनोनीत होकर नहीं आया है बल्कि निर्वाचित होकर आया है। इस प्रकार जो शब्दों का चयन किया गया है वह कहीं ना कहीं अहंकार दर्शाता है।'

नीरा यादव ने आगे कहा कि 'अभी तक तो हम लोग मंत्रियों के ट्रेनिंग की बात कर रहे थे। अब तो लगता है कि मुख्यमंत्री जी को भी ट्रेनिंग की आवश्यकता है। या तो वह सत्ता के नशे में चूर हो गए हैं, इसीलिए ऐसी ऐसी शब्दों का चयन कर रहे हैं। हम लोग जवाब मांग रहे हैं। आपको जवाब देना है तो दीजिए नहीं देना है नहीं दीजिए, मगर निकम्मा विपक्ष उचित नहीं है इसलिए सत्ता पक्ष को ट्रेनिंग की जरूरत है कि सदन में कैसे शब्दों का चयन होना चाहिए।'

वहीं, सीएम के बयान का बचाव करते हुए सत्ता पक्ष से झामुमो विधायक प्रदीप यादव ने कहा 'मुख्यमंत्री जी का कहना है कि जो हमने नई-नई योजना लाई है और इसके कारण से हमें जो समर्थन मिला है उसमें विपक्ष कहीं टिकेगा नहीं। इसलिए उन्होंने विपक्ष को ललकारा है।

### हेमंत सरकार ने जनता का दिल जीता : उदय शंकर सिंह



सारठ विधान सभा के विधायक उदय शंकर सिंह ने राज्यपाल के अभिभाषण का पुरजोर समर्थन किया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने सरकार की उपलब्धियों की चर्चा की है। किसानों की ऋण माफी हो, 200 यूनिट मुफ्त बिजली हो या मंईयां सम्मान योजना सभी कार्यों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनता का दिल जीता है।

### हेमंत सरकार धान खरीदने में असमर्थ : बाबूलाल मरांडी



बाबूलाल मरांडी ने स्टीफन मरांडी पर तंज कसते हुए बधाई देते हुए कहा कि इस बार चुनाव आयोग और ईवीएम पर सवाल नहीं उठाए गए हैं। गठबंधन के अपने साथियों को भी समझाएं। सरकार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की उपलब्धि शून्य है। किसानों को 15 अप्रैल तक धान को रखने कहा जा रहा है। 3200 रुपए प्रति क्वींटल की दर पर धान क्रय की घोषणा की गई थी। अभी सकरार 2400 रुपए प्रति क्वींटल भी नहीं खरीद पा रही है। 2400रुपए में 2300 रुपए प्रति क्वींटल का अनुदान केंद्र सरकार देती है, 100 रुपए प्रति क्वींटल की राशि भी खर्च कर पाने में झारखंड सरकार असमर्थ है।

### अमेरिका ने कैदियों की तरह भारतीय मजदूरों को रखा : राजेश कच्छप



खिजरी विधान सभा के विधायक राजेश कच्छप ने राज्य के अभिभाषण का समर्थन किया और हेमंत सरकार की उपलब्धियों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा की गोगो दीदी योजना में जनता ने विश्वास नहीं किया,क्योंकि जनता को पता है कि भाजपा झूठ बोलने वाली पार्टी है। मोदी और डोनाल्ड ट्रंप की दोस्ती को दोनों देशों के बीच अच्छे संबंध का सूचक माना जाता है वहीं भारतीय मजदूरों को 100 घंटे बिना खाना-पानी के अमेरिका ने कैदियों की तरखा रखा और भारत में जंजीरों से बांधकर भेज दिया।

### बीजेपी के राष्ट्रवादी पार्टी होने में किसी को संशय न हो : सीपी सिंह



रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी पार्टी है इसमें किसी को किसी प्रकार का संशय नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पांच सालों में सरकार का काम शून्य, ब्यौरा बड़ा।

#### पीआईबी का झारखंड के मीडिया संपादकों का महाकुंभ प्रेस टूर संपन्न

# पत्रकारों ने ली सेंट्रलाइज्ड क्राउड मैनेजमेंट समेत अनेक पहलुओं की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पत्र सूचना कार्यालय द्वारा आयोजित झारखंड के चार पत्रकारों का एक दल महाकुंभ 2025 का दौरा कर वापस लौट आया। पत्रकारों का यह दल 23 फरवरी की शाम को कुंभ के लिए रवाना हुआ था। इनमें अमरकांत, दीपक ओझा, सौरभ कुमार व राजेश तोमर शामिल थे। इस दल के 'कंडक्टिंग ऑफिसर' के रूप में पत्र सूचना कार्यालय, रांची के कार्यालय प्रमुख तथा भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी राजेश सिन्हा थे। प्रयागराज पहुंचने के उपरांत, दो दिवसीय इस पत्रकार दौरे के पहले दिन सभी ने संगम घाट पर जाकर वहां के स्थिति का मुआयना किया। फिर प्रयागराज किले के ऐतिहासिक महत्व को समझने के लिए किले के अंदर बने सरस्वती कुंभ गए। उसके बाद विभिन्न मंदिरों का दौरा कर उसके ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व को समझा। दूसरे दिन सभी पत्रकारों ने विभिन्न आश्रमों का दौरा किया जिनमें पायलट बाबा आश्रम भी शामिल था। यहां उन्होंने आश्रम के शंभू सरकार बाबा से सनातन धर्म के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और आश्रम द्वारा योग, ध्यान, हवन जैसे विषयों पर चर्चा की और उनके द्वारा सनातन धर्म के लिये देश- विदेश में किए जा रहे प्रचार प्रसार पर जानकारी हासिल की।

## एचआईवी एड्स पर स्वंयसेवकों को किया गया जागरूक

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज में गुरुवार को प्राचार्य डॉ मनोज कुमार के निर्देशन में एक दिवसीय वेबीनार का आयोजन हुआ। इसमें झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के संयुक्त निदेशक रवि प्रकाश ने एनएसएस स्वयंसेवकों को एड्स व एचआईवी विषय में विस्तार में बताया। बताया गया कि एचआईवी जांच की गोपनीय एवं निःशुल्क सुविधा राज्य के सभी जिला अस्पताल के स्वैच्छिक जांच एवं परामर्श केंद्र पर उपलब्ध है। कहा कि एड्स हेल्पलाइन नंबर 1097 पर भी संपर्क किया जा सकता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ जयप्रकाश रजक, ज्योति किंडो एवं अनुभव चक्रवर्ती ने कॉलेज में चार रेड रिबन क्लब टीम का गठन किया।

# झामुमो ने रातु रोड में चलाया सदस्यता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली ने गुरुवार को रातु रोड दुर्गा मंदिर के समीप शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाया। मौके पर झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा कि सदस्यता अभियान कार्यक्रम के तहत आज हमलोग यहां रातु रोड मे सदस्यता अभियान चला रहे हैं। जैसा की आपको पता है हर तीन वर्षों मे पार्टी का अधिवेशन होता है। उसी के तहत सदस्यता अभियान भी चलाया जा रहा है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा रांची जिला को 5 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला है। और हमलोग अभी तक लगभग अपने लक्ष्य को पाने के



करीब हैं। बल्कि हम उससे ज्यादा सदस्य बनाएंगे। आप देख भी रहे हैं कि लगातार हमारी पार्टी झामुमो मजबूत हो रही है। सदस्यता अभियान मे मुख्य रूप से रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, बीरू तिर्की, अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल मेहता, नयनतारा उरांव, सोनू मुंडा, झब्बूलाल महतो एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद, पूर्व जिला संयुक्त सचिव विक्की यादव, जिला 15 सूत्री सदस्य सह पूर्व जिला सचिव अल्पसंख्यक मोर्चा सुजीत कुजूर, अफरोज अंसारी, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष महिला मोर्चा उषा उरांव, महानगर के वरिष्ठ नेता रौशन सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**टीएसपीसी का सक्रिय सदस्य...**

था। इससे पहले वह संगठन के बाल ग्रुप में प्रचार-प्रसार के लिए गीत गाता था। उस पर हत्या, लूट, आर्म्स एक्ट, सीएलए एक्ट और यूएपीए एक्ट के तहत कुल 12 केस दर्ज हैं। पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा जारी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इतनी बड़ी संख्या में कारतूस कहां से आए और इन्हें किन आपराधिक गतिविधियों में इस्तेमाल किया जाना था। इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (लेस्लीगंज-पांकी) मनोज कुमार झा, मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव, पुलिस अवर निरीक्षक (पुअनि) राजेश कुमार, अनीश राज, संतोष कुमार गुप्ता, मनातू थाना जेजे सैट 1 के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

**राहुल सिंह गिरोह के चार अपराधी...**

हैं। इन लोगों ने पिछले दिनों मनिका स्थित दो मुहान पुल पर बन रहे नए ब्रिज में काम कर रहे भारतीय वाणिज्य प्रा. लि. के मजदूरों व साइट इंजीनियर पर गोली चलाया था। रंगदारी की मांग करने के बावजूद इन्हें रंगदारी नहीं मिली। उन्होंने बताया कि पुलिस की दबिश भी बढ़ने के कारण सभी अपराधी अंधेरे का लाभ उठाते हुए संगठित अपराध की योजना बनाकर पास में ही चल रहे फोरलेन निर्माण कार्य में बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्रित हुए थे। सूचना के सत्यापन के बाद बरवाडीह अनुमंडल पदाधिकारी भरत राम के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल ने अभियान चलाकर राहुल सिंह के गैंग के उक्त अपराधियों को हथियार के साथ रंगे हाथ पकड़ा लिया। छापेमारी दल में बरवाडीह एसडीपीओ के अलावा मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार, मिश्रा मांझी, नुनमन मियां, तकनीकी शाखा, साइबर सेल और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

**अभी तो शुरूआत है...**

आते हैं। 4000 अतिरिक्त मरीजों का लोड रिम्स में बढ़ा है। इस समस्या के समाधान के लिए रिम्स 2 बनाने पर विचार प्रस्तावित है जिसके के लिए जमीन ढूंढा जा रहा है।

**विस में हजारीबाग की...**

मईंयां योजना सभी महिलाओं के लिए है तो विधवा या दिव्यांग को सिर्फ एक हजार क्यों दिया जा रहा है ? इस पर मंत्री दीपक बिरुआ सहित शिल्पी नेहा तिर्की और चमरा लिंडा ने कहा कि क्या केंद्र भी इसमें प्रतिमाह राशि देगी । इस पर सत्ता पक्ष से सीपी सिंह अमित यादव सहित कई लोगों ने सवाल उठाया कि क्या केंद्र से पूछकर यह योजना शुरू की गई थी ? विधायक ताजुद्दीन ने गंगा नदी से कटाव के कारण भवनों और जमीन के नुकसान का मामला उठाया 900 मीटर और निर्माण कार्य बढ़ाने की मांग की जिसे मंत्री हफिजुल हसन ने जांच कराकर करने का आश्वासन दिया । अमित यादव ने बरकट्ठा में कोल्ड स्टोरेज नहीं रहने से 60 से 100 किलोमीटर हजारीबाग किसानों के जाने की समस्या उठाई और मांग कि कोल्ड स्टोरेज बनाया जाए । मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि खेत उपलब्ध हो तो 5 से 30 एमटी के कोल्ड स्टोरेज पर विचार किया जाएगा । मनोज यादव ने कोडरमा में एनएच और रेलवे से एनओसी नहीं मिलने से सिंचाई योजना के शुरू नहीं होने का प्रश्न उठाया जिस पर मंत्री हफिजुल हसन ने जांच कराकर कराने की बात कही । सबसे अधिक गर्मागर्मी जयराम महतो के जर्जर तार और जले ट्रांसफार्मर के लिए पैरवी की बात पर हुई मंत्री सुदिव्य के जवाब से असंतुष्ट जयराम ने कहा कि एक भी उदाहरण बता दीजिए जब अपने आप इन्हें बदला गया हो पब्लिक खुद पैसा लगाकर ये काम कर रही है । इस पर विधायक ममता कुमारी ने बोल्न शुरू किया और इसे सही बताया । सिमरिया विधायक ने कहा कि सिमरिया महीनों से अंधेरे में डूबा है। मंत्री ने कहा कि हेल्पलाइन में शिकायत करिए तब अनेक विधायकों ने कहा कि हेल्पलाइन काम नहीं करता ।

**मणिपुर में लूटे गए 300 हथियार और...**

में हथियारों का इस्तेमाल कम होगा, तो स्थिति सामान्य हो जाएगी और शांति स्थापित की जा सकेगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस दिशा में मणिपुर पुलिस और केंद्रीय बल लगातार काम कर रहे हैं।

**सुरक्षा बलों ने अवैध बंकरों को ध्वस्त किया :** इस बीच, पिछले सप्ताह के दौरान सेना और अन्य सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान चलाया और अवैध बंकरों को ध्वस्त किया। इन बंकरों को विभिन्न उग्रवादी संगठनों और समुदायों के ग्राम स्वयंसेवकों द्वारा स्थापित किया गया था। इसके अलावा, सुरक्षा बलों ने अवैध अफीम की खेती को भी नष्ट किया और कई उग्रवादी संगठनों के कार्यकताओं को गिरफ्तार किया। यह पहल मणिपुर में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने के प्रयासों के तहत की जा रही है।

**जेपीएससी के अध्यक्ष बने पूर्व...**

आयोग के नवनियुक्त चेयरमैन एल. खियांगते 31 अक्टूबर 2024 को राज्य के मुख्य सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वह 1988 बैच के आईएएस रहे हैं। राज्य सरकार मुख्य सचिव के रूप में उनकी सेवा को तीन महीने का विस्तार देना चाहती थी। इसके लिए भारत के निर्वाचन आयोग के पास राज्य सरकार की ओर से प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन इस पर स्वीकृति नहीं मिली। अब उन्हें सरकार ने आयोग अध्यक्ष के रूप में नई भूमिका दी है। एल. खियांगते मूल रूप से मिजोरम के रहने वाले हैं। क्रिश्चियन ट्राइबल कम्युनिटी से आने वाले खियांगते झारखंड के मुख्य निर्वाचन आयुक्त, श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में महानिदेशक और वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव जैसे पदों पर भी सेवा दे चुके हैं।

# अहर्निश शिव संकीर्त्तन अष्टयाम का हुआ समापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** महाशिवरात्रि पर शिवशिष्यों द्वारा पुराना विधान सभा मैदान में भगवान शिव की पूजा-अर्चना के साथ अहर्निश शिव संकीर्त्तन अष्टयाम का समापन हुआ। हर भोला, हर शिव के नाम की धूनी के साथ मंत्रोच्चार से पुराना विधान सभा के क्षेत्र का माहौल सुवासित हो उठा। आयोजन समिति के अध्यक्ष शिव कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि आए हुए आगंतुकों और श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। वैश्विक शिवशिष्य परिवार की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया गया। इसमें पारस अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा आए हुए लोगों को निशुल्क चिकित्सा एवं दवाई उपलब्ध कराई। गरुड़ आई हॉस्पिटल के ओर से निशुल्क नेत्र एवं दांत का उपचार किया गया। होमियोपैथीक चिकित्सा शिविर भी लगाया गया। उक्त कार्यक्रम में वैश्विक शिवशिष्य परिवार के मुख्य सलाहकार अर्चित आनन्द ने महती भूमिका निभाई। अर्चित ने बताया कि साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी और दीदी नीलम आनंद ने आज से 43 साल पहले इस संकीर्तन की शुरूआत की थी जो अनवरत होती आ रही है। इस शिवरात्रि देश/विदेश में तकरीबन 10 लाख घरों में सवा घंटा का शिव नाम संकीर्तन के आयोजन का हमलोगों द्वारा लक्ष्य रखा गया था जिसमे सभी शिव शिष्यों ने सहयोग कर सफल बनाया ।

इस आयोजन में शिवशिष्य हरीन्द्रानंद फाउंडेशन के अध्यक्ष बरखा आनन्द एवं शिवशिष्य परिवार के सचिव अभिनव आनन्द भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के उपरान्त खिचड़ी का प्रसाद सभी उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। विगत एक दिनों से पुराना विधान सभा का क्षेत्र मेले में तब्दील रहा। झारखंड के अलावा भारत के विभिन्न राज्यों के शिव शिष्यों ने महा शिवरात्रि पर अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

## रामनवमी महोत्सव के लिए नए पदाधिकारियों का चुनाव 9 को

**रांची।** रामनवमी महोत्सव के सफल संचालन के लिए महावीर मंडल, रांची का गठन होगा। मुख्य चुनाव पदाधिकारी प्रमोद श्रीवास्तव के साथ चुनाव अधिकारी बिन्दुल वर्मा, राजू यादव, रौशन अग्रवाल और प्रवक्ता शंकर प्रसाद ने बताया कि रामनवमी महोत्सव के लिए नए पदाधिकारियों का चुनाव नौ मार्च को होगा। सदस्यों की कुल संख्या 2,451 है। नवीकरण कार्य आरंभ हो चुका है। नवीकरण शुल्क सौ रुपए है। सभी सदस्यों का नवीकरण अनिवार्य है। तीन वर्षों तक लगातार नवीकरण नहीं करने वाले मेंबर की सदस्यता समाप्त हो सकती है।

## परिवार गया पैतृक गांव, चोरों ने तीन लाख के जेवर चुराए

**रांची।** रांची के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के ओबरिया आम बगीचा निवासी सत्येंद्र कुमार सिंह के घर का ताला तोड़कर चोरों ने करीब तीन लाख रुपए के जेवरात और सामान की चोरी कर ली गई है। इस संबंध में सत्येंद्र कुमार सिंह ने एयरपोर्ट थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। सत्येंद्र ने पुलिस को बताया कि वह 22 फरवरी को किसी काम से अपने गांव परिवार के साथ भोजपुर गए थे। 24 फरवरी को जब वह लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था। भीतर सारा सामान गायब था। पता चला कि करीब ढाई लाख के जेवर के अलावा लैपटॉप और 40 हजार नगदी गायब थे, जिसके बाद वह थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया।

# गठबंधन सरकार हिंदुओं को सुरक्षा देने में नाकाम : अन्नपूर्णा देवी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** महाशिवरात्रि में हजारीबाग के इचाक थाना क्षेत्र में विशेष समुदाय द्वारा हिंसक झड़प, पथराव और आगजनी कर दहशत फैलाने की घटना को मंत्री अन्नपूर्णा देवी चिंताजनक बताई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की नाक के नीचे घटित इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से साबित होता है कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार हिंदुओं को सुरक्षा प्रदान करने में नाकाम है। झारखंड और खास तौर पर हजारीबाग में हिंदू पर्व त्योहारों पर विशेष समुदाय द्वारा हिंसा फैलाने का यह पहला मामला नहीं है। हाल के वर्षों में रामनवमी, नवरात्रि, सरस्वती पूजा और महाशिवरात्रि के त्योहार में लगातार सुनियोजित साजिश के तहत समुदाय विशेष द्वारा दंगा फसाद और हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। पूर्व की घटनाओं को देखते हुए इस बार भी गड़बड़ी होने की आशंका के बावजूद राज्य सरकार और जिला प्रशासन द्वारा ना तो सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध किए गए, ना ही उपद्रवियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई की गई। आश्चर्य की बात यह है कि कल खुद थाना प्रभारी और पुलिस बल की मौजूदगी में पथराव शुरू हुआ और खुलेआम वाहनों को आग लगाई गई। इसके बावजूद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बदले पीड़ित पक्ष के निर्दोष लोगों को ही पुलिस आरोपी बनाने में लगी है। इससे साफ जाहिर होता है कि प्रशासन को सरकार की ओर से समुदाय विशेष को बचाने और हिन्दुओं को टार्गेट करने के निर्देश दिए गए हैं। तुष्टिकरण की राजनीति में अंधी हो चुकी हेमंत सरकार को लगता है कि हिन्दुओं के पर्व त्योहारों को सुनियोजित ढंग से निशाना बनाकर, उसमें व्यवधान डालकर वे हमें कमजोर कर देंगे तो यह उनकी भूल है। शांतिप्रिय सनातन हिंदू समाज अपने धर्म, अपने संस्कृति की रक्षा करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि मैंने पुलिस महानिदेशक से इस संबंध में विस्तार से बात की है और हजारीबाग में तत्काल कानून व्यवस्था बहाल करने और ताजा मामले के लिए दोषी सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने और घटना में शामिल सभी आरोपियों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कहा है। लेकिन हेमंत सोरेन सरकार के कुछ मंत्री लगातार भड़काऊ बयान देकर स्थिति को और अधिक भड़काने की कोशिश कर रहे हैं ताकि पूरा प्रदेश दंगे की आग में झुलस जाए। ऐसे गैरजिम्मेदार और नफरती नेताओं के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। क्षेत्र के लोगों से भी मेरी अपील है कि शांति बनाए रखें, अफवाहों पर ध्यान न दें और इन विघटनकारी ताकतों की साज़िश को नाकाम करें।

## यूरोपीय संघ की अध्यक्ष का दो दिवसीय भारत दौरा, फ्री ट्रेड समझौते पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** यूरोपीय संघ की चीफ उर्सुला वॉन डेर लेयेन दो दिन के दौरे पर



भारत आ रही हैं। पीएम मोदी संग फ्री ट्रेड समझौते पर चर्चा होगी। तीन साल में तीसरी बार लेयेन भारत आ रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष एक डेलिगेशन (कॉलेज ऑफ कमीशनर्स) के साथ आ रही हैं। प्रतिनिधिमंडल में यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के 27 अधिकारी शामिल होंगे। उर्सुला यूरोपीय कमीशन की पहली महिला चीफ हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर उनकी यात्रा की जानकारी दी थी।

## सूडान : सैन्य विमान हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 46

**खार्तूम (आईएएनएस)।** सूडान की राजधानी खार्तूम के उत्तर में हुए सैन्य विमान हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। खार्तूम स्टेट प्रेस ऑफिस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि कल हुई विमान दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 46 हो गई है, जबकि 10 लोग घायल हुए हैं। हताहतों में सैन्यकर्मी और नागरिक दोनों शामिल हैं। विमान ओमदुरमन के अल-हारा 75 क्षेत्र में एक घर पर गिर गया था। घायलों का इलाज सरकारी अस्पतालों में किया जा रहा है। सूडानी सेना ने मंगलवार को एक बयान में कहा था कि खार्तूम से लगभग 22 किलोमीटर उत्तर में ओमदुरमन के वाडी सेडना एयरबेस से उड़ान भरने वाला एंटोनोव विमान उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे इसके चालक दल और कई सैन्य अधिकारी मारे गए।

## फ्रांस में आधुनिक युद्ध की प्रकृति पर बात करेंगे जनरल उपेंद्र द्विवेदी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारतीय थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी प्रथम विश्व युद्ध में भाग लेने वाले शहीद भारतीय सैनिकों के सम्मान में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके लिए वह गुरुवार को फ्रांस के न्यूवे चैपल भारतीय युद्ध स्मारक का दौरा कर रहे हैं। यहां फ्रांस में भारतीय सैनिकों को पुष्पांजलि देने के बाद वह फ्रांस के संयुक्त स्टाफ कॉलेज, इकोले डे गुएरे में एक व्याख्यान देने वाले हैं। यहां इस दौरान आधुनिक युद्ध की विकासशील प्रकृति और भारत की रणनीतिक दृष्टि पर जानकारी दी जाएगी।

### भारत ने पाकिस्तान को कश्मीर टिप्पणी पर यूएन में फटकारा, कहा

# ‘अंतरराष्ट्रीय मदद पर जिंदा विफल देश न दे उपदेश’

**न्यूयॉर्क(आईएएनएस)**

भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 58वें सत्र की सातवीं बैठक में पाकिस्तान पर जोरदार हमला बोला। उसे अंतरराष्ट्रीय मदद पर फलने-फूलने वाला एक विफल देश करार दिया। जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र में भारतीय राजनयिक क्षितिज त्यागी ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि पाकिस्तानी नेता अपने सैन्य-आतंकवादी परिसर से झूठ फैलाते रहे।

भारत के रुख की पुष्टि करते हुए, त्यागी ने इस बात पर जोर दिया कि जम्मू और कश्मीर, लद्दाख के साथ ही हैं और हमेशा भारत का अभिन्न अंग रहेगा। उन्होंने इन क्षेत्रों में हो रही प्रगति को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा, “केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हमेशा भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा बने रहेंगे। पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में अभूतपूर्व राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक प्रगति खुद कहती है। ये सफलताएं दशकों से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से



प्रभावित क्षेत्र में सामान्य स्थिति लाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता में लोगों के विश्वास का प्रमाण हैं।

त्यागी ने कहा, “एक देश के रूप में जहां मानवाधिकारों का हनन, अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न और लोकतांत्रिक मूल्यों को ताक पर रखकर पाकिस्तान अपनी नीतियां बनाता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा आतंकी घोषित किए गए लोगों को बेशर्मी से पनाह देता है। वो पाकिस्तान किसी को उपदेश देने की स्थिति में नहीं है। त्यागी ने कहा, “यह देखकर अफसोस होता है कि पाकिस्तान के नेता और प्रतिनिधि उसके सैन्य-आतंकवादी तंत्र द्वारा झूठ फैला रहे हैं। पाकिस्तान ओआईसी को अपने मुखपत्र के रूप में गाली देकर उसका मजाक उड़ा रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस परिषद का समय एक असफल राज्य द्वारा बर्बाद किया जा रहा है जो अस्थिरता पर पनपता है और अंतरराष्ट्रीय मदद पर जिंदा रहता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को भारत के प्रति अपने जुनून से आगे बढ़ना चाहिए और उन मुद्दों का समाधान करना चाहिए जिससे उसके नागरिकों का भला हो। उन्होंने कहा, “भारत का ध्यान लोकतंत्र, प्रगति और अपने लोगों के लिए सम्मान सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। ऐसे मूल्य जिनसे पाकिस्तान को सीख लेनी चाहिए।

### हरीश ने पाकिस्तान के दुष्प्रचार अभियानों की भी कड़ी निंदा की थी

त्यागी की टिप्पणी, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पार्वथनेनी हरीश के 19 फरवरी को दिए गए बयान की पुष्टि करती है जिसमें उन्होंने जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बताया था। हरीश ने पाकिस्तान के दुष्प्रचार अभियानों की भी कड़ी निंदा की थी। बहुपक्षवाद का अभ्यास करने और वैश्विक शासन में सुधार पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की खुली बहस में भारत के बयान के दौरान, हरीश ने कहा, “पाकिस्तान के उप प्रधान मंत्री और विदेश मंत्री ने अपनी टिप्पणियों में भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर का उल्लेख किया है। मैं फिर से पुष्टि करना चाहूंगा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहा है, है और हमेशा रहेगा।

## गाजा प्रशासन को अपने नियंत्रण में नहीं लेगा मिस्र, खारिज किया इजरायल का प्रस्ताव

**काहिरा (आईएएनएस)**

मिस्र ने गाजा पट्टी की अस्थायी प्रशासनिक जिम्मेदारी संभालने के किसी भी प्रस्ताव को सख्ती से खारिज कर दिया है। उसने स्पष्ट किया है कि वह इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के स्थायी और व्यापक समाधान के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मिस्र की आधिकारिक मिडिल ईस्ट न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, मिस्र के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता तमीम खलफ ने कहा कि ऐसे किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जा सकता जो मिस्र और अरब देशों के



स्थापित रुख और संघर्ष के मूल कारणों को नजरअंदाज करता हो। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने इन प्रस्तावों को “अधूरा समाधान” बताया, जो संघर्ष को समाप्त करने के बजाय उसे और लंबा खींच सकते हैं। खलफ ने यह भी स्पष्ट किया कि फिलिस्तीनी इलाके एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

## राजौरी में सेना के वाहन पर हमले के बाद फाल सुंदरबनी में दूसरे दिन भी तलाशी अभियान जारी

**राजौरी (आईएएनएस)**

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सेना के वाहन पर गोलीबारी के बाद सुरक्षाबलों ने फाल सुंदरबनी में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया था, जो गुरुवार को लगातार दूसरे दिन जारी रहा। भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीमें हमला करने वाले आतंकवादियों का पता लगाने के लिए घने जंगलों में गहन तलाशी अभियान चला रही हैं।

हमला फाल सुंदरबनी क्षेत्र में सेना के काफिले पर हुआ था। इसके बाद



सुरक्षाबलों ने तुरंत इलाके को घेर लिया और तलाशी अभियान शुरू किया। एसएसपी राजौरी सहित वरिष्ठ अधिकारी इस अभियान की निगरानी कर रहे हैं, ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा जाए और आतंकवादियों को भागने का मौका न मिले।

### ट्रंप ने पहली कैबिनेट बैठक में कहा

## कर्ज चुकाने के लिए लाए हैं गोल्ड कार्ड वीजा योजना

- कई विशेषज्ञ इस योजना के सफल नहीं होने की आशंका जताने लगे हैं

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का कहना है कि अगर यदि एक मिलियन गोल्ड कार्ड बेचे जाते हैं, तो यह 5 ट्रिलियन डॉलर का राजस्व उत्पन्न कर सकता है, जिसे देश के कर्ज को कम करने में इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इससे कंपनियां नए कर्मचारियों के लिए वीज़ा प्राप्त कर सकती हैं, जिससे अमेरिका को राहत मिल सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल की पहली कैबिनेट बैठक में यह बात कही है। लेकिन कई विशेषज्ञों का मानना है कि कंपनियां इतना रकम खर्च करके अपने लिए कर्मचारी लाने के बजाय कोई और उपाय करेंगी।ट्रम्प व उनकी मंडली अभी तो बहुत से उन विदेशी मूल के लोगों का भी वीजा खत्म करने की बात कर रहे हैं जो बीते कई सालों से अमेरिका में नौकरी कर रहे हैं। यह होने पर अमेरिका में तमाम तरह की अव्यवस्था पैदा हो सकती है।लेकिन ट्रम्प व उनकी मंडली अपनी मनमानी करने और उसे जायज ठहराने के लिए उसी तरह के तर्क दे रही है जिस तरह के तर्क कोई भी तानाशाह प्रवृति वाला शासक देता है। मालूम हो कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते बुधवार को घोषणा की कि वह गोल्ड कार्ड वीज़ा बेचना शुरू करेंगे, जिसका मूल्य 5 मिलियन डॉलर होगा। इसके जरिए निवेशकों को अमेरिकी नागरिकता प्राप्त करने का एक नया रास्ता मिलेगा। यह पहल 35 साल पुराने ईबी-5 वीजा कार्यक्रम की जगह लेगी, जो निवेशकों को अमेरिकी वीज़ा प्रदान करता है यदि वे किसी कंपनी में निवेश करके 10 लोगों को रोजगार देते हैं। दूसरे कार्यकाल की कैबिनेट बैठक में ट्रंप ने कहा कि अगर 1 मिलियन गोल्ड कार्ड बेचे जाते हैं, तो यह 5 ट्रिलियन डॉलर का राजस्व उत्पन्न कर सकता है, जिसे देश के कर्ज को कम करने में इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इससे कंपनियां नए कर्मचारियों के लिए वीज़ा प्राप्त कर सकती हैं, और इस पहल से आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि अमीर लोग और सफल व्यवसायी अमेरिका में निवेश करेंगे और रोजगार सृजन करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि गोल्ड कार्ड कार्यक्रम, जो ग्रीन कार्ड जैसा काम करेगा, निवेशकों के लिए ज्यादा कड़े नियमों के साथ आएगा ताकि धोखाधड़ी और अन्य गलत कामों से बचा जा सके। इसमें नागरिकता का रास्ता भी शामिल होगा, जो ईबी-5 कार्यक्रम से अलग है। उन्होंने यह सुझाव दिया कि यह कार्यक्रम चीन और ईरान के नागरिकों के लिए कुछ प्रतिबंधों के साथ हो सकता है, लेकिन इसे देशों के हिसाब से सीमित नहीं किया जाएगा।इस नई पहल के बारे में वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने कहा कि यह कार्यक्रम ईबी-5 वीजा कार्यक्रम से बेहतर होगा, जो अब तक सही तरीके से लागू नहीं किया गया था। ट्रम्प ने कहा कि गोल्ड कार्ड के लिए योग्य लोगों की जांच एक प्रक्रिया से गुजरनी होगी, और यह कार्यक्रम अमेरिका में निवेश करने वाले धनी व्यक्तियों और टैलेंटेड लोगों के लिए एक बेहतरीन अवसर हो सकता है।

## पिता ने 3 बेटियों का किया बलात्कार, एक का 4 बार गर्भपात भी कराया, आरोपी गिरफ्तार

**नालासोपारा (आईएएनएस)।** महाराष्ट्र में पुलिस ने एक व्यक्ति को अपनी तीन बेटियों के साथ बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित लड़कियों ने नालासोपारा थाने में शिकायत दर्ज कराई। रिश्ते को कलंकित करने वाली इस घटना से शहर में आक्रोश फैल गया। आरोपी पिता पर रंगदारी, फायरिंग और हत्या जैसे गंभीर अपराधों के भी आरोप हैं।